ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 01:13 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 11 जून 2025

वर्ष 35, अंक 135, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान अपना रक्षा खर्च बढ़ाएगा 14

देश में बिजली की कमी बिल्कुल भी नहीं : मनोहर 12

## शुभांशु इतिहास रचने को तैयार

- राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय
- आज शाम फ्लोरिडा से अंतरिक्ष स्टेशन को होंगे रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना होने की तैयारी कर रहे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इतिहास के मुहाने पर खड़े हैं। यह भारत की अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है क्योंकि 41 साल पहले शुक्ला के आदर्श राकेश शर्मा ने सोवियत संघ के इंटरकॉस्मोस कार्यक्रम के तहत आठ दिनों तक पृथ्वी की परिक्रमा की थी। लखनऊ में जन्मे शुक्ला को शुक्स के नाम से जाना जाता है।



वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)-नासा समर्थित एक्सिओम स्पेस के वाणिज्यिक अंतरिक्ष यान का हिस्सा हैं, जिसके बुधवार शाम फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 14 दिनों की यात्रा पर रवाना होने की उम्मीद है।

भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला को 2019 में साथी अधिकारियों प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप और अजीत कृष्णन के साथ गगनयान मिशन के लिए भारत के अंतरिक्ष यात्री दल का हिस्सा बनने के लिए चुना गया था, जिसे 2027 में शुरू किए जाने की संभावना है।

इतिहास रचने को तैयार स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट पर सवार ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के तीन बार स्थगित किए गए प्रक्षेपण की सफलता के लिए मंगलवार को लखनऊ में विशेष प्रार्थना की गई।

## पाकिस्तान को चेतावनी, हमला हुआ तो फिर जवाब देंगे

- ब्रसेल्स में बोले विदेशमंत्री जयशंकर-हम आतंकवाद के साथ नहीं जीएंगे
- कहा-अगर आतंकवादी हमलों से उकसाया गया तो पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे

ब्रसेल्स, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को चेताया है कि आतंकवादी हमलों से अगर उकसाया गया तो भारत, पाकिस्तान में घुसकर फिर हमला करेगा।

उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले जैसी जघन्य घटनाओं के मामले में आतंकवादी संगठनों और उनके नेताओं के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जाएगी। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान हजारों आतंकवादियों को खुले में प्रशिक्षित कर रहा है और उन्हें भारत में उतार रहा है।

उन्होंने एक समाचार संस्था से बातचीत में सोमवार को कहा कि हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसलिए हमारा उन्हें संदेश है कि अगर आप अप्रैल में की गई बर्बर हरकतों को जारी रखते हैं, तो आपको जवाबी कार्रवाई का



सामना करना होगा और यह कार्रवाई आतंकवादी संगठनों और आतंकवादी नेतृत्व के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि हमें परवाह नहीं है कि वे कहां हैं। अगर वे पाकिस्तान में अंदर हैं, तो हम पाकिस्तान में अंदर तक जाएंगे। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था।

### भारत के हमले के बाद रुकी थी लड़ाई

जयशंकर ने कहा कि लड़ाई सिर्फ एक वजह से रुकी, और वो वजह थी कि 10 तारीख की सुबह, हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला किया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि गूगल पर रनवे और उन हैंगरों की तस्वीरें उपलब्ध हैं, जिन पर हमला हुआ। यूरोप की हफ्ते भर की यात्रा के दौरान, जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति की पुष्टि के लिए यूरोपीय संघ, बेल्जियम और फ्रांस के नेताओं के साथ बातचीत भी करेंगे।

### आतंकवाद को वैश्विक मुद्दे के रूप में देखा जाए

**ब्रसेल्स।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि आतंकवाद को द्विपक्षीय समस्या के बजाय वैश्विक मुद्दे के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से जुड़ी कई घटनाओं का पाकिस्तान से ऐतिहासिक संबंध बताया। सोमवार को बेल्जियम में भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों से उन्हें अवगत कराया।

### एक नजर

#### राजौरी में आतंकवादी ठिकाने का खुलासा

**राजौरी/जम्मू।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के एक दूरस्थ इलाके में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और 10 अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर (यूबीजीएल) के साथ अन्य सामग्री जब्त की। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान थानामंडी इलाके के दर्रा बाराचारा गांव में इस आतंकवादी ठिकाने का पता चला। उन्होंने कहा कि तलाशी दलों ने यूबीजीएल के अलावा एक क्षतिग्रस्त गोला-बारूद का डिब्बा, एक कंबल, एक प्लास्टिक की तिरपाल, दवा के दो पैकेट, कुछ बर्तन और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी जब्त कीं। अधिकारी ने कहा कि बरामदगी के सिलसिले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

#### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्थित उच्च न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने अदालत परिसर की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह धमकी झूठी साबित हुई, क्योंकि सोमवार को मिली धमकी के बाद तलाशी ली गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बिलासपुर के एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट की ईमेल आईडी पर सोमवार दोपहर को धमकी भरा एक संदेश आया।

## नया भारत शांति की रट नहीं लगाता, देता है मुंहतोड़ जवाब

### मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को योगी ने बताया स्वर्णिम काल

- कहा-आतंकवाद और युद्ध थोपने का दिया जाएगा माकूल जवाब
- बोले-मोदी ने किया विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत निःसंदेह शांति का पक्षधर है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में हर हाल में शांति की ही रट लगाने की आदत से हम अब ऊपर उठ गए हैं।

अब वह प्रवृत्ति नहीं जो 2014 के पहले आतंकवाद के मुद्दे पर देखने को मिलती थी, पीएम मोदी ने उस अवधारणा को पलट दिया है। अब सज्जनों के साथ शांति से विकास की बात करेंगे, लेकिन कोई युद्ध थोपेगा, आतंकवाद को प्रेरित करेगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ही होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। उन्होंने केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार दिया। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। योगी ने प्रेसवार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल की विस्तार से जानकारी देते हुए बधाई भी दी। कहा कि मोदी ने शासन को सेवा का माध्यम बनाया। यह कार्यकाल सेवा को संकल्प के रूप में, सुशासन को संस्कृति के रूप में और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

योगी ने कहा कि मोदी पंच प्रण और 11 संकल्पों ने विकसित भारत की आधारशिला रखी है। इंफ्रास्ट्रक्चर सभी क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2014 के बाद ही किसान राजनीति एजेंडे का हिस्सा बना है।

महिला सशक्तिकरण में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस ने केवल एक एम्स बनाए थे, मोदी सरकार के कार्यकाल में देश भर में 23 एम्स और यूपी में दो एम्स बने हैं। महाकुंभ, अयोध्या धाम, काशी, महाकाल लोक समेत तमाम धार्मिक स्थलों और आयोजनों का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि मोदी ने आस्था और अर्थव्यवस्था का बेहतर समन्वय के सथ विरासत को विकास से जोड़ा है।

### अब गाजी नहीं, सुहेलदेव का लगेगा मेला

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि अब विदेशी आक्रांताओं का नहीं, बल्कि राष्ट्रनायकों का महिमा मंडन होगा। कहा कि इससे पहले की सरकारें मुस्लिम वोट बैंक के लालच में राष्ट्रनायकों को सम्मान नहीं दे पाती थीं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। बहराइच में किसी गाजी की दरगाह पर नहीं, बल्कि चक्रवर्ती सम्राट महराजा सुहेलदेव के स्मारक पर मेला लगेगा। बहराइच पहुंचे योगी ने महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया।

## पिता-बेटी समेत तीन ने 8वीं मंजिल से लगाई छलांग, मौत

### दिल्ली के द्वारका इलाके में बहुमंजिला इमारत में लगी आग

- 8वीं मंजिल शुरू आग तेजी से फैली, 9वीं मंजिल भी प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के द्वारका इलाके में मंगलवार सुबह आठवीं और नौवीं मंजिल पर स्थित डुप्लेक्स फ्लैट में लगी भीषण आग से बचने के लिए छलांग लगाने से दो बच्चों सहित एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि इस घटना में एक व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग इमारत की आठवीं मंजिल पर स्थित मंदिर से शुरू हुई और पीवीसी पैनल के जरिए तेजी से फैल गई।

मृतकों की पहचान यश यादव (35), उनकी 12 वर्षीय बेटी और 11 वर्षीय एक रिश्तेदार के रूप में हुई है। आठवीं मंजिल की बालकनी से कूदने से उनकी मौत हो गई। सभी उत्तर प्रदेश के एटा जिले के बताए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि परिवार इमारत की ऊपरी दो मंजिलों पर एक डुप्लेक्स में रहता है। जब आग लगी, तो परिवार ने सीढ़ियों के जरिए नौवीं मंजिल पर जाकर बचने की कोशिश की। हालांकि, दो छोटे बच्चे पीछे रह गए और यश उन्हें बचाने के लिए वापस आ गए। तब तक आग फैल चुकी थी। बच्चों को आकाश अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। यश को आईजीआई अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिवार के दो अन्य व्यक्ति, यश की पत्नी और उनके बड़े बेटे (18) को चोटें आईं और उन्हें आकाश अस्पताल ले जाया गया। जान गंवाने वाले 11 वर्षीय बच्चे सहित अन्य रिश्तेदार उनके आवास पर एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आए थे।



इमारत से छलांग लगाते लोग।

### बालकनी से मदद को चिल्ला रहे थे

घटनास्थल के दृश्यों में इमारत में आग लगी दिखाई दे रही है और लोग अपनी बालकनियों में खड़े होकर मदद के लिए चिल्ला रहे हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, विभाग को सुबह 10 .01 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके अनुसार शुरुआत में, दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, लेकिन आग की भयावहता स्पष्ट होने पर और अधिक गाड़ियां आग बुझाने के लिए लगाई गईं।

### इमारत के अन्य लोगों को सुरक्षित निकाला

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सोसाइटी के सभी निवासियों को निकाल लिया गया है और बिजली और पीएनजी कनेक्शन जैसी सभी आवश्यक सेवाएं बंद कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि डीडीए और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को इमारत की संरचनात्मक स्थिरता का आकलन करने के लिए सूचित किया गया है।

## 1165 कंडक्टरों की भर्ती पर रोक

- महिला ने सूची में नाम नहीं आने पर दाखिल की थी याचिका
- मृतक आश्रित कोटे से नियुक्तियों पर हाईकोर्ट ने दिया आदेश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में अनुकंपा के आधार पर की जा रही 1165 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया है। राज्य सरकार और विपक्षियों से हलफनामे के माध्यम से यह स्पष्टीकरण मांगा गया है कि भर्ती प्रक्रिया केवल कंडक्टर पदों के लिए ही क्यों की जा रही हैं। इसके साथ ही नियुक्ति का तरीका भी सार्वजनिक परीक्षा न होकर प्रत्यक्ष है। कोर्ट ने 1 और 5 मई 2025 को परिवहन निगम द्वारा अनुकंपा के आधार पर 1165 पदों पर की गई भर्तियों पर रोक लगा दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकलपीठ ने अलीगढ़ निवासी याची नीतू शर्मा की रिट याचिका पर सुनवाई करते



हुए पारित किया। मामले के अनुसार मृतक आश्रित की सूची में नाम न आने के कारण अलीगढ़ क्षेत्र की महिला ने भर्ती को लेकर वर्तमान याचिका दायर की थी। याची ने वर्तमान याचिका में अनुकंपा के आधार पर परिवहन निगम द्वारा उनकी नियुक्ति से इंकार करने के आदेश को मनमाना और अवैध बताया। याची ने 1 और 5 मई 2025 को परिवहन निगम द्वारा अनुकंपा के आधार पर की जा रही 1165 पदों की भर्ती प्रक्रिया को भी चुनौती देते हुए उस पर रोक लगाने की मांग की थी।

याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची के माता-पिता की मृत्यु वर्ष 2000 और 2014 में हुई थी। उनके पिता निगम के स्थायी कर्मचारी थे। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी (याची की मां) को अनुकंपा नियुक्ति देने से मना कर दिया गया। परिवार को याची के पिता की मृत्यु के बाद गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। मां के पास आय का कोई स्रोत नहीं था और अब याची को भी गंभीर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। याची सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आती हैं।

## काशी विश्वनाथ मंदिर से 21 फर्जी पुजारी गिरफ्तार

- श्रद्धालुओं से जबरन वसूली पर पुलिस ने दबोचा

**वाराणसी।** पुलिस ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं से दर्शन-पूजन कराने के नाम पर मनमाने ढंग से पैसे वसूलने वाले 21 फर्जी पडों-पुजारियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। दशाश्वमेध घाट के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन कराने के नाम पर श्रद्धालुओं से अवैध वसूली और दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत काफी दिन से मिल रही थी।

शिकायत के आधार पर दशाश्वमेध घाट और चौक थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने मंगलवार को दशाश्वमेध घाट से 15 और चौक से छह फर्जी पुजारियों को गिरफ्तार कर लिया। त्रिपाठी ने बताया कि टीम लगातार कार्रवाई करते हुए इस तरह के लोगों को गिरफ्तार करती रहेगी। पुलिस मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### वंदे भारत में फारूक अब्दुल्ला...



**जम्मू-कश्मीर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कटरा से श्रीनगर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। इस दौरान यात्रियों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर घाटी के लिए इस ट्रेन का शुभारंभ किया। शनिवार से नियमित संचालन शुरू किया गया।

## फिलहाल तड़पाएगी लू फिर होगी रिमझिम बारिश

- 19 जिलों में बढ़ेगा तापमान, 11 के बाद पूर्वी उप्र में बारिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में फिलहाल लू अभी और तड़पाएगी लेकिन इसके बाद रिमझिम बारिश का सिलसिला भी शुरु होगा। मौसम विभाग ने 19 जिलों में तापमान बढ़ने की आशंका प्रकट करने के साथ आने वाले दिनों में पूर्वी उप्र. में बारिश होने की संभावना जताई है।

इस बीच प्रदेश में दिन में तेज धूप होने के कारण अधिकतम तापमान में 3 से लेकर 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा हुआ है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। आद्रता होने तथा तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी में बढ़ोत्तरी हुई है। रात में भी गर्मी की चेतावनी भी मौसम विभाग ने जारी की है।

मौसम विभाग ने अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, गाजियाबाद, कासगंज, एटा, औरैया आदि में लू चलने की आशंका जताई है।

## चैटजीपीटी में बाधा से लाखों उपयोगकर्ता रहे प्रभावित

**नई दिल्ली।** एआई क्षेत्र की कं दिग्गज कंपनी ओपनएआई के एआई टूल चैटजीपीटी को मंगलवार को वैश्विक स्तर पर व्यवधान का सामना करना पड़ा जिससे दुनिया भर में फैले लाखों उपयोगकर्ता इसका देर तक इस्तेमाल नहीं कर पाए। ज्यादा असर भारत, अमेरिका में रहा। यहां हजारों लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं।

डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखने वाले मंच डाउनडिटेक्टर ने कहा कि दोपहर तीन बजे के करीब चैटजीपीटी टूल के इस्तेमाल में दिक्कतें आनी शुरू हुईं। अकेले भारत में ही तकनीकी व्यवधान की लगभग 800 शिकायतें दर्ज कराई गईं।

## तड़प-तड़पकर मरा मेरा बेटा, दोषियों को मिले मौत की सजा

### राजा रघुवंशी के पिता बोले - हनीमून मनाने मेघालय गया बेटा ताबूत में लौटा

इंदौर, एजेंसी

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के हत्याकांड को लेकर मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद उनके पिता ने मंगलवार को मांग की कि उनके नव विवाहित बेटे की जघन्य हत्या के सभी दोषियों को मौत की सजा दी जानी चाहिए।

मेघालय पुलिस के मुताबिक पूर्वोत्तर के इस सूबे में हनीमून मनाने गए ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में उनकी पत्नी सोनम (25) शामिल थी जिसने अपने प्रेमी राज कुशवाह (20) की मदद से वहां भाड़े के तीन हत्यारे बुलाए थे। सोनम ने उत्तर प्रदेश के



पिता अशोक रघुवंशी, पुत्र राजा रघुवंशी एवं सोनम

गाजीपुर जिले में रविवार देर रात आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि कुशवाह समेत चार आरोपियों को मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया गया।

राजा रघुवंशी की मौत से शोक में डूबे उनके पिता अशोक रघुवंशी ने कहा कि मेरा बेटा तड़प-तड़प कर मरा है। उसकी हत्या के सभी दोषियों को फांसी की सजा मिलनी ही चाहिए ताकि आइंदा किसी माता-पिता को उनका बेटा इस तरह ना खोना पड़े। वह यह कहते हुए भावुक हो जाते हैं कि हनीमून मनाने मेघालय गया उनका बेटा ताबूत में घर लौटा।

### बेटे का अंतिम दर्शन भी नहीं कर सके

उन्होंने कहा कि जघन्य तरीके से हत्या के कारण मेरे बेटे का पार्थिव शरीर क्षत-विक्षत था। मैं हृदय का मरीज हूं। इसलिए मेरे स्वास्थ्य की चिंता करते हुए मेरे परिवार के लोगों ने ताबूत खोलकर मुझे अपने बेटे के अंतिम दर्शन करने से रोक दिया। रघुवंशी ने यह दावा भी किया कि राजा की पत्नी सोनम ने अपनी कुंडली का मंगल दोष मिटाने के लिए अपने पति की हत्या कराई ताकि बाद में वह अपने कथित प्रेमी राज कुशवाह से दूसरी शादी कर सके।

### एक और आरोपी को ट्रांजिट रिमांड दिया

**इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में शामिल 23 वर्षीय आरोपी आनंद कुर्मी को मंगलवार को जिला अदालत में पेश किया गया जिसने उसे सात दिन के लिए मेघालय पुलिस की ट्रांजिट हिरासत में भेज दिया। इंदौर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि मेघालय पुलिस ने राजा रघुवंशी हत्याकांड में शामिल आनंद कुर्मी (23) को एक स्थानीय अदालत में पेश किया।

# पंच प्रण और 11 संकल्प विकसित भारत की आधारशिला : मुख्यमंत्री

## योगी ने कहा, शासन की नीति अब स्पष्ट, पारदर्शी और जनता के प्रति जवाबदेह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के काम गिनाते हुए कहा कि मोदी के पंच प्रण और 11 संकल्प विकसित भारत की आधारशिला है। शासन की नीति अब स्पष्टता, पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस और डिजिटल इंडिया बना गवर्नेंस का नया मॉडल बना है।

योगी ने मंगलवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देश के जनमानस को प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का जो मंत्र दिया, इसके लिए उन्होंने पंच प्रण और 11 संकल्प प्रत्येक भारतवासी को याद कराए थे। यह पंच प्रण, विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, राष्ट्रीय एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्य का पालन हैं।

योगी ने कहा कि जो 11 संकल्प मोदी ने प्रत्येक भारतवासी के लिए सुनिश्चित किए हैं उनमें कर्तव्य का पालन, एक समावेशी विकास, गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, समाज के प्रत्येक तबके को ध्यान में रखकर गरीब कल्याणकारी, लोक कल्याणकारी कार्यक्रम, इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट का जो मॉडल है यह सभी उसके हिस्से हैं। भ्रष्टाचार मुक्त शासन, टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए डीबीटी के माध्यम से जो कार्य पिछले 11 वर्ष के अंदर देखने को मिले हैं स्वतंत्र भारत के 65 वर्षों में इस प्रकार का मॉडल कभी भी देखने को नहीं मिला था। कानून का सम्मान, वंशवाद की राजनीति का अंत, इतिहास की उन गलतियों की पुनरावृत्ति नहीं होने देना है जिनके कारण देश गुलाम हुआ था। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, डिजिटल इंडिया के माध्यम से मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस का एक मॉडल भी भारतवासियों को देखने को मिला है। राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और सुरक्षा और आतंकवाद के मुद्दे पर जीरो टॉलरेंस भी भारत में 140 करोड़ भारतवासियों ने देखा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 11 वर्ष के कार्यकाल पूरे करने के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर केंद्र सरकार ककी 11 वर्षों में चलाई गई योजनाओं और उनकी प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और अभियान के संयोजक मानवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### 2027 में भारत बनेगा तीसरी अर्थव्यवस्था

सीएम योगी ने कहा कि 1947 से लेकर के 2014 तक भारत दुनिया की केवल 11वीं अर्थव्यवस्था था और वह अर्थव्यवस्था भी अस्थिर थी। पिछले 11 वर्ष में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। भारत ने उस ब्रिटेन को पछाड़ा था जिसने लगभग 200 वर्षों तक यहां शासन किया था। हाल ही में जापान की अर्थव्यवस्था को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। भारत दुनिया का पहला देश जहां प्रति व्यक्ति आय 2013–14 में 79 हजार से तीन गुना बढ़कर अब लगभग ढाई लाख हो गई है। 2027 में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### पहली बार गरीब बना योजना का हिस्सा

योगी ने कहा मोदी सरकार में पहली बार गरीब और किसान सरकार के एजेंडे और शासन की योजना का हिस्सा बन पाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, हर घर नल की योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्ट्रीट वेंडर्स प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जन धन अकाउंट की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि इसकी परिणिति यह है कि पिछले 10 वर्ष के अंदर 25 करोड लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं।

# कौशल को बढ़ाता है अनुशासित जीवन

**प्रयागराज :** राजकीय बालिका इंटर कालेज फाफामऊ में मंगलवार को ग्रीष्मकालीन शिविर पूरा हो गया। समापन सत्र में सह जिला विद्यालय निरीक्षक अजय गिरि, बाल्यरोग विशेषज्ञ डा. ऋतु जैन, समग्र शिक्षा अभियान की जिला समन्वय कुमुद तिवारी ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना से हुई। तुरंत बाद विद्यार्थियों ने गणेश वंदना की। शिविर प्रभारी वंदना तिवारी ने 20 दिन चली गतिविधियों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इस दौरान अतिथियों ने छात्राओं को जीवन में अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। कहा, यह अनुशासन आप के कौशल को बढ़ाने में सहायक होता है। जो कुछ भी सीखा है उसे आत्मसात करें। इस दौरान शकुंतला गोस्वामी, पूजा, रेशमा, अरुणेश, वर्तिका श्रीवास्तव, वर्तिका चतुर्वेदी आदि मौजूद रहीं।

# बच्चों ने साझा किए समर कैंप के रोचक अनुभव

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** बच्चों में जीवन कौशल के विकास हेतु परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में 21 मई से 10 जून तक प्रथम बार ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया।

मंगलवार को समापन में बच्चों ने विभिन्न रोचक गतिविधियों के साथ अनुभव साझा किए। मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह विकासखंड मान्धाता में समर कैंप के अंतिम दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जो बच्चों की लॉन्ग टर्म मेमोरी का हिस्सा बन गई। अभिभावकों एवं समुदाय के साथ विभिन्न रोचक गतिविधियां कराई गई तथा बच्चों एवं अभिभावकों द्वारा अनुभव साझा किया गया। सभी बच्चों के लिए अतिरिक्त न्यूट्रिशन भी प्रदान किया गया। राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मो. फरहीम, अनुदेशक रोशन व अनुदेशिका नीतू वर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अमित कुमार, रवि कौशल, शाहिदा, रेनू अग्रहरि, आदि विशिष्ट गण मौजूद रहे।


मॉडल यूपीएस कटरा गुलाब सिंह में समर कैम्प का अनुभव साझा करती छात्रा।

# अतीक की अवैध संपत्तियों पर भूमाफियाओं की नजर

**प्रयागराज, अमृत विचार।** माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद अब उसकी विवादित संपत्तियों पर भूमाफियाओं की नजर लगी हुई है। कटहुला गौसपुर में करोड़ों की अवैध संपत्ति न्यायालय के आदेश पर राज्य सरकार के अधीन जा चुकी है। इसके बावजूद जमीन पर लगे कुर्की आदेश बोर्ड को हटाकर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। मामला पकड़ में आया तो रहिमापुर चौकी इंचार्ज की तहरीर पर एयरपोर्ट थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**कुर्की के आदेश के बावजूद प्लाटिंग करने की कोशिश**

माफिया अतीक अहमद ने अवैध कृत्यों से अर्जित धन से मानपुर थाना लालापुर निवासी हुबलाल के नाम पर कटहुला गौसपुर में करोड़ों रुपये मूल्य की जमीन खरीदी थी। धूमनगंज थाने में साल 2020 में गैंगस्टर एक्ट बनाम अतीक अहमद व अन्य पर जमीन की कुर्की की कार्रवाई की गई थी। पुलिस आयुक्त ने न्यायालय के आदेश पर मौजा कटहुला गौसपुर में कुल 16 अलग-अलग आराजी नंबर के भूखंडों पर कुर्की का आदेश बोर्ड भी लगाया था। न्यायालय के आदेश पर जमीन की कुर्की की कार्रवाई पूरी कर राज्य सरकार के अधीन चली गई थी।

# पांचवे बड़े मंगल पर न्यायविद हनुमान मंदिर में भंडारा आयोजित


अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी और वरिष्ठ अधिवक्ता अमित कुमार श्रीवास्तव ने वितरित किया महाप्रसाद।

**प्रयागराज, अमृत विचार।** ज्येष्ठ मास के पांचवे बड़े और अंतिम मंगल के पावन अवसर पर मंगलवार को उच्च न्यायालय स्थित न्यायविद हनुमान मंदिर में महाप्रसाद वितरित किया गया। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता और उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी और वरिष्ठ अधिवक्ता अमित कुमार श्रीवास्तव की ओर से भंडारा आयोजित हुआ। सुबह दस से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा। इस मौके पर पूर्व अपर महाधिवक्ता पी सी श्रीवास्तव, मुख्य स्थाई अधिवक्ता शीतला प्रसाद गौड़, संयुक्त सचिव प्रशासन सुमित कुमार श्रीवास्तव, अधिवक्ता विभु राय, पूर्व महासचिव प्रभाशंकर आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व सांसद रत्ना सिंह के पति महाराजा जय सिंह का निधन

**प्रतापगढ़ :** पूर्व विदेश मंत्री स्व. राजा दिनेश सिंह की पुत्री, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और तीन बार प्रतापगढ़ की सांसद रहीं राजकुमारी रत्ना सिंह के पति महाराजा महारावत जय सिंह सिसोदिया का कालाकांकर में सोमवार की देर रात निधन हो गया। वह करीब 70 वर्ष की आयु के थे। इन दिनों वह कालाकांकर में ही थे और काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। राजस्थान के प्रतापगढ़ रियासत के महाराजा जय सिंह सिसोदिया के निधन पर भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दलों के नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। राजकुमारी रत्ना सिंह दिल्ली से यहां पहुंचीं। महाराजा जयसिंह के शव का अंतिम संस्कार कालाकांकर में ही मंगलवार को गंगा तट पर किया गया।

**आवश्यकता है**
**माधुरी सिंह महाविद्यालय**
आदमपुर साण्डी– हरदोई
(सम्बद्ध-लखनऊ विश्व विद्यालय, लखनऊ)
परास्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय हेतु
**सहायक आचार्यों की**
हिन्दी – 02 पद, समाजशास्त्र– 02 पद, भूगोल– 02 पद, जन्तु विज्ञान – 02 पद, भौतिक विज्ञान – 02 पद, गणित– 02 पद,
**योग्यता एवं वेतनमान** – यू.जी.सी. तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के मानकानुसार होगें।–
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 1 सप्ताह में महाविद्यालय के पते पर भेंजे।
प्रबन्धक
**अमित कुमार**
मो0–9919440000

**पूर्वोत्तर रेलवे**
खुली ई–निविदा सूचनाः
NER-LJN- 2025-57-58
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:– **क्रम सं.-01,** ई-निविदा संख्या:-NER-LJN-2025-57 (Two Packet System), कार्य का नाम:- पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में सहायक मंडल इन्जीनियर/पश्चिम/गोरखपुर के अनुभाग में 5 स्टेशन के यार्डो में यार्ड सुधार का कार्य। (लक्ष्मीपुर, नौतनवां, पीपीगंज, डोमिनगढ़ और जगतबेला) (केवल सिविल कार्य।) अनुमानित लागत (₹): 20,52,98,906.10, अग्रिम धन (₹): 11,76,500/-, समापन अवधिः 18 माह। **क्रम सं.-02,** ई-निविदा संख्या:-NER-LJN-2025-58 (Two Packet System), कार्य का नाम:- पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में सहायक मंडल इन्जीनियर/पूर्व/गोण्डा के अनुभाग में 15 स्टेशन के यार्डो में यार्ड सुधार का कार्य। (बभनान, परसा तिवारी, टिनिच, बस्ती, गौर, गोविन्दनगर, ओरवारा, स्वामी नारायण छपिया, झिलाही, कटरा, लखपतनगर, मनकापुर, मसकनवां, टिकरी और मोतीगंज) (केवल सिविल कार्य।) अनुमानित लागत (₹): 12,87,99,750.72, अग्रिम धन (₹): 7,94,000/-, समापन अवधिः 18 माह। **(1)** उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-57 & 58 के लिये ई-निविदा दिनांक 01-07-2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, लखनऊ**
मुजाधि/डब्लू-105
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गतिशक्ति/पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के टेकनिवास स्टेशन पर फुल रेक हैन्डलिंग साईडिंग के निर्माण का कार्य (ट्रैक एवं सिविल कार्य) **ई-निविदा सूचना सं0: डीवाईसीई-जीएस-बीएसबी-01-2025, अनुमानित लागत (₹):** ₹ 21,07,09,479.49, **अमानत राशि (₹):** ₹ 12,03,600.00, **निविदा बन्द होने की तिथिः** 04.07.2025 15.00 बजे तक, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह। **नोटः** • निविदा सूचना संख्या डीवाईसीई-जीएस-बीएसबी-01-2025 दिनांक 09.06.2025 को दिनांक 04.07.2025 को 15.00 बजे तक, आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा के प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
**उप मुख्य इन्जी0/गतिशक्ति वाराणसी**
मुजाधि/डब्लू-106
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
• BBA (Finance & Taxation) • B.Com (H)
• BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
• MBA • M.Com. • MCA
• MPH • MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
• BA (Mass Comm.) • BA (Journalism)
PG Programs
• MA (Mass Comm) • MA (Journalism)
• MA (English) • MA (Psychology)
• MA (Sociology) • MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
एच0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग 7
न्यायालय तहसीलदार स्थान तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी
ता0 पेशी– 16.06.2025
**वाद संख्या –02733 सन् 2025 ई0**
राजरानी पत्नी स्व0 ओमप्रकाश निवासी– पिपरौली, परगना व तहसील फतेहपुर बाराबंकी
बनाम
ग्राम सभा पिपरौली प्रधान एवं चेयरमैन– **प्रतिवादी**
राजरानी पत्नी स्व0 ओम प्रकाश, निवासी– पिपरौली, परगना व तहसील फतेहपुर बाराबंकी
चूंकि उपरिनामांकित राम प्रकश, राम कृपाल वरासत हेड में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपका एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के 6 के 16 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंज्ञात ही और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आप 2025 के 06 के 02 दिवस की निकासी गई।
आज्ञा से
न्यायाधीश

**नोटिस निस्बत दिखाने वजह के**
**(नमूना आम)**
**बअदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक महोदय हरदोई**
प्रकाश चन्द्र उम्र करीब 58 वर्ष पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी– आलूथोक परगना बंगर तहसील व जिला हरदोई।.........वादी
**बनाम**
1– कमलेश मिश्र उम्र करीब 65 वर्ष पुत्र मुनेश्वर प्रसाद 2– प्रशान्त उम्र करीब 22 वर्ष 3– वैभव उम्र करीब 20 वर्ष पुत्रगण स्व0 अशोक कुमार 4– श्रीमती स्नेहलता पत्नी स्व0 अशोक कुमार 5– विमलेश कुमार उम्र करीब 35 वर्ष 6– राजीव कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पुत्रगण स्व0 दीपचंद्र 7– श्रीमती मोना पत्नी स्व0 मनीष मिश्र 8– विधान नाबालिग उम्र करीब 08 वर्ष पुत्र स्व0 मनीष मिश्र संरक्षिका श्रीमती मोना माता स्वयं सर्वनिवासी आलूथोक परगना बंगर तहसील व जिला हरदोई 9– रामासरे उम्र करीब 61 वर्ष 10– राम औतार उम्र करीब 50 वर्ष 11– विजय कुमार उम्र करीब 40 वर्ष पुत्रगण मुन्नू उर्फ बनवारी सर्वनिवासी चौहानथोक परगना बंगर त हसील व जिला हरदोई 12– ग्रामसभा द्वारा ग्राम प्रधान हरदोई एग्रीकल्चर एरिया परगना बंगर तहसील व जिला हरदोई । ......
**विपक्षीगण**
वाद विभाजन अं0 धारा 116 उ0प्र0रा0अ0 एग्रीकल्चर एरिया परगना बंगर तहसील व जिला हरदोई। **मुकदमा नं0 टी 202110330100380**
हरगाह मुशम्मो वादी मैं दरख्वास्त इस अदालत से गुजराई है कि लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो बवक्त 10 बजे बतारीख 18 माह 06 सन 2025 ई0 इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखलाइए। अगर आप ऐसा न कर सके तो दरख्वास्त मजबूरन आपके गैरहाजिर में समाप्त हो जायेगी। आज बतारीख माह सन ई 0 को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में जारी किया गया।
**आज्ञा से–**
**श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक महोदय हरदोई।**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मेरा 20 वर्षीय पुत्र संजय कुमार मेरे कहने – सुनने में नहीं है। गलत लोगों के साथ उठता बैठता है,अपने मन की ही करता है। जबकि दो बेटे सूरज पटेल, सोनू पटेल सही हैं। संजय गलत लोगों की संगत में रहकर हर प्रकार के नशे व कुसंगत में रहता है। अकारण हम सपरिवार उसके उक्त कृत्यों से आजिज आ कर अपनी समस्त चल व अचल सपत्ति से बेदखल करते हैं। मेरी संपत्ति पर केवल सूरज पटेल व सोनू पटेल का ही हक माना जाए। संजय पटेल का कोई हक नहीं होगा। उसके द्वारा किये गये लेनदेन व किसी भी प्रकार के क्रिया कलाप के प्रति हम व हमारे परिजन उत्तरदायी नहीं होंगे। **जीतलाल व देवकली पत्नी जीतलाल निवासी – पनाह नगर,रहवई, थाना – कुंडा,जिला – प्रतापगढ़।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ध्रुव यादव पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य यादव पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव का नाम परिवर्तित कर ध्रुव कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव कर दिया गया है। ध्रुव कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव नाम से ही भविष्य में कार्यवाही की जाये। Ganesh Chandra Yadav A3/302, Eldeco Elegance Vibhuti Khand, Gomti nagar Lucknow 226010

**सूचना**
अवगत कराना है कि पासपोर्ट पर मेरा नाम मो. उमर अंकित है जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मो. उमर खान व पिता का नाम मो.सिद्दीक खान अंकित है जो सही है अतः अब मुझे मो. उमर खान के नाम से जाना जाए। **मो. उमर खान पुत्र मो.सिद्दीक खान नि. ग्राम.रस्तामऊ थाना मोहनगंज तिलोई अमेठी**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **प्रियव्रत चतुर्वेदी सुत शैलेन्द्रनाथ चतुर्वेदी निवासी ग्राम छपका पावर हाउस रावट्र्सगंज सोनभद्र उ0प्र0।** मेरा पुत्र का नाम अव्यान चतुर्वेदी है जोकि सत्य व सही है, तथा उसके आधार कार्ड में भी अंकित है, किन्तु पुत्र के स्कूल में अव्यान लिखा गया है अतः पुत्र के स्कूल में नाम संशोधित करते हुए अव्यान चतुर्वेदी अंकित किया जाय।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं AISHAN KHATOON W/O MUNEER निवासी H.NO-2 ग्राम पोस्ट चीर्रा बाराबंकी की रहने वाली हूं। अब मैं अपना नाम बदल के AYISA KHATOON रख लिया है। अब मैं भविष्य में अपने बदले हुए नाम से जानी वह पहचानी जाऊं।




# ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल पर जगह-जगह लगे भंडारे

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


भंडारे में प्रसाद वितरित करते होटल रॉयल रिलाइट ग्रुप के फाउंडर एंड डायरेक्टर विपुल सिंह। अमृत विचार


नाका सतरिख पर बीएमडब्ल्यू परिवार द्वारा आयोजित भंडारा।


हैदरगढ़ में राजू लस्सी प्रतिष्ठान पर आयोजित भंडारा।


रामनगर के बरियारपुर में स्थित झड़ले दास बाबा मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में प्रसाद लेते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगल पर हनुमान मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके साथ ही जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भंडारा आयोजित कर लोगों को प्रसाद वितरित किया। धनोखर, गुलरियागार्दा, लखपेड़ाबाग, बंकी, आवास विकास व नागेश्वरनाथ समेत अन्य हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगी रही। लखपेड़ाबाग में महालक्ष्मी स्वीट्स पर सुमित चौरसिया व नितिन चौरसिया ने भंडारे का आयोजन किया। नाका सतरिख पर पुरानी सब्जी मंडी के सामने बीएमडब्ल्यू परिवार ने भंडारा आयोजित किया। घंटाघर, धनोखर, छाया चौराहा, राजकमल, लाजपत नगर, दशहराबाग, दीनदयाल नगर, पल्हरी चौराहा, असैनी मोड़, सफेदाबाद और कुरौली समेत शहर भर में सैकड़ों भंडारे लगे। कई भंडारों में राज्यमंत्री सतीश शर्मा, जिपं अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, और होटल रॉयल रिलाइट ग्रुप के फाउंडर एंड डायरेक्टर विपुल सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि पहुंचे और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। रामनगर के बरियारपुर स्थित झड़ले दास बाबा मंदिर में एनसीजेवी संस्था प्रमुख कमलेश प्रताप सिंह व कमल सिंह ने भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर मनोज तिवारी, राज मिश्रा आदि मौजूद रहे। अल्लापुर में समाजसेवी अभय, विनय, अजय, मनोज और मोनू मिश्रा द्वारा चलाये जा रहे भण्डारे में प्रधान प्रतिनिधि ब्रजेश वर्मा, भाजपा युवा नेता राहुल अवस्थी, पप्पू यादव सहित भारी संख्या में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा ग्राम गौदौरा, नचना, कस्बा गणेशपुर, चौकाघाट रेलवे स्टेशन, आदर्श नगर पंचायत रामनगर में पंचमुखी हनुमान मंदिर व पक्का तालाब, चंदनापुर रानीबाजार सहित क्षेत्र के तमाम मंदिरों पर समाजसेवियों द्वारा भंडारे आयोजित किए गए। वहीं हैदरगढ़ क्षेत्र में लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर विद्युत उपकेंद्र के सामने ग्राम्यांचल सेवा समिति के गेट पर आशुतोष अवस्थी, टिंकू भैया, श्रुति अवस्थी व विश्रुत अवस्थी द्वारा भंडारा आयोजित किया गया। कस्बा स्थित कांशीराम कालोनी के सामने राजू लस्सी प्रतिष्ठान के मालिक प्रिंस ने भंडारे का आयोजन किया। अवसानेश्वर मार्ग, दतौली, लोहिया वार्ड, राजकीय पशु चिकित्सालय हैदरगढ़ पर पशुपालन विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। इसके अलावा हैदरगढ़ सुबेहा मार्ग पर स्थित एसबीएस कैम्पस नरौली में भी भंडारे का आयोजन कर प्रबंधक हर्षित राजकुमार, राजू सिंह सोनिकपुर व अन्य लोगों ने प्रसाद का वितरण किया। इसी तरह कुर्सी, फतेहपुर, देवा, बदोसराय, कोटवाधाम, टिकैतनगर, दरियाबाद, भिटरिया, सिद्धौर, सुबेहा, जैदपुर, सतरिख, हरख व अन्य क्षेत्रों में भी देर शाम तक भंडारों में लोग प्रसाद लेते रहे।

## एक नजर

### चौराहे के निकट मिला वृद्ध का शव, शिनाख्त नहीं

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रानी बाजार चौराहे के निकट एक अज्ञात वृद्ध का शव मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो पाई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। जानकारी के अनुसार सोमवार को एक 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव रानीबाजार चौराहा के निकट पड़ा देखा गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ने मृतक की पहचान के लिए मौके पर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ की लेकिन उसकी पहचान नही पाई। पुलिस ने शव को जिला मुख्यालय भेज दिया तथा शव की शिनाख्त के लिए पुलिस जुटी है।

### चोरी का मोबाइल फोन और नकदी बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना टिकैतनगर पुलिस टीम ने मंगलवार को बीएनएस में वांछित दिलीप कुमार यादव को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन, 200 रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त एक साइकिल बरामद की गई।

### चाकू व देशी शराब के साथ शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना जैदपुर पुलिस ने प्रवेश कुमार को गिरफ्तार कर उसके पास से चाकू, वहीं संजय कुमार को गिरफ्तार कर 10 लीटर देशी शराब बरामद की।

### चार जुआरी पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना जैदपुर पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे नूर आलम, जियाउर्रहमान, मो. शादिक व शब्बीर को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़ व 3,270 रुपये बरामद किये गये।

### पंचामृत अभिषेक व शांतिधारा किया गया

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बेलहरा के श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह भगवान का पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा किया गया। तत्पश्चात ब्रह्मचारी सुनील शास्त्री के दिशा निर्देशन में विश्वशांति याग मंडल विधान हुआ।

# ट्रक से भिड़ी जनरथ बस, 24 यात्री घायल

## रामसनेहीघाट व पटरंगा क्षेत्र की सीमा पर हुआ हादसा, 9 जिला अस्पताल रेफर

**रफ्तार की मार**

संवाददाता, रामसनेहीघाट/सिद्धौर, बाराबंकी


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस

**अमृत विचार :** मंगलवार तड़के लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर रामसनेहीघाट और पटरंगा थाना क्षेत्र की सीमा पर गोरखपुर से लखनऊ जा रही रोडवेज की जनरथ बस एक ट्रक से टकरा गयी। हादसे में 24 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 9 को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

बस में 41 यात्री सवार थे। बताया गया कि आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे पीछे आ रही बस उसमें जा घुसी। बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। घायलों को सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया गया, जहां से 9 को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे में दो एसएसबी जवान भी घायल हुए, जिनमें से एक की पहचान छत्तीसगढ़ निवासी भवानीचरण सिंह के रूप में हुई है, जो नौतनवां से लखनऊ जा रहे थे।

घायलों के नाम विनोद कुमार, सफीकुल रहमान, हामिद रजा, ममता, सूर्यांश, अनिल यादव, पूर्णिमा, रिया, हरिओम, सोराब, भवानीचरण सिंह, दिलीप कुमार, हरिओम पांडे, रितेश कुमार, गणेश, सुमित सिंह, सुब्रान आलम, परमानन्द तिवारी, अरविंद कुमार, भीम, सरवन कुमार, शाहबाज खान और रंजीत शुक्ला हैं। इनमें विनोद कुमार, रजत, ममता, सूर्यांश, पूर्णिमा, भवानीशंकर सिंह, गणेश, सुब्रान, अजीत शुक्ला (बस चालक) को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

सिद्धौर प्रतिनिधि के अनुसार कोठी के मीरापुर मजरे बब्बक्करपुर निवासी सुनील कुमार (24) की दुर्घटना में मौत हो गई। वह एक बारात में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से निकले थे। सोमवार देर रात करीब 9:30 बजे डांडिया गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

## दुबई भेजने के नाम पर ठगे हजारों रुपये

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** दुबई भेजने के नाम पर एक व्यक्ति से हजारों रुपये ठग लिए गए। पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी मारपीट पर उतर आए। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। मोहम्मदपुर खाला थाना के चंदूरा गांव निवासी संदीप कुमार पुत्र विजयबहादुर प्रजापति ने तहरीर में कहा कि 29 जुलाई 2024 को पच्चीस हजार, 19 अक्टूबर को पांच हजार, छह नवंबर को 13 हजार व दो हजार रुपये सफीक व दिलशाद व इस्लामुदीन को दुबई भेजे जाने के लिए आनलाइन दिए थे जबकि 45 हजार व 40 हजार रुपये नकद लिए गए। रुपये मांगने पर आरोपी मारपीट पर अमादा हो गए। प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### गौशाला की व्यवस्थाएं देख गदगद हुए उपाध्यक्ष


गाय को गुड़-चना खिलाते गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ला।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार सुबह उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग महेश शुक्ला ने निबलेट स्थित बृहद गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। मोहीद्दीनपुर ग्राम सभा की प्रधान राम लली यादव एवं प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार यादव ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण की शुरुआत गौ पूजन एवं पौधरोपण से हुई। इसके पश्चात उपाध्यक्ष शुक्ला ने लगभग 30 मिनट तक गौशाला के अभिलेखों की जांच की और समस्त परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सुविधाओं को देखकर संतुष्टि जताई। महेश शुक्ला ने कहा कि अब तक जिन-जिन गौ संरक्षण स्थलों का दौरा किया है, उनमें यह केंद्र सबसे बेहतर है। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अतुल कुमार अवस्थी, उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार, खंड विकास अधिकारी सुश्री संस्कृता मिश्रा, पशुधन प्रसार अधिकारी पंकज वर्मा, देश दीपक, राहुल वर्मा एवं ग्राम पंचायत अधिकारी बृजेश कुमार उपस्थित रहे।

### व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का किया गया शुभारंभ


प्रतिष्ठान का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला संयोजक लघु उद्योग प्रकोष्ठ भाजपा बाराबंकी नवीन राठौर ने मंगलवार को अनुज वर्मा के नवीन प्रतिष्ठान न्यू उमा हॉस्पिटल मेजर पेट्रोल पंप के बगल एवं केआरएम इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड असैनी मोड़ पर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने व्यापार में प्रगति करने की शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नाबालिग से दुष्कर्म में एक को उम्रकैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** करीब दो साल पूर्व नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में न्यायालय ने एक दोष सिद्ध को को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं 21 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। थाना बदोसरांय पर दर्ज मुकदमे के अभियुक्त रमेश को विभिन्न धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या- 44 ने दोषसिद्ध करार दिया। कोर्ट ने रमेश को आजीवन कारावास व 21,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। 5 अप्रैल 2023 को थाना बदोसरांय पर वादिनी द्वारा अभियुक्त रमेश पुत्र नकछेद के विरुद्ध नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी।

### घर में घुसकर दंपति से मारपीट, धमकी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली असन्द्रा क्षेत्र के ग्राम निग्रा पूरे चौहान मजरे सिल्हौर में घर में घुसकर दंपति के साथ मारपीट की गई। रामप्रताप यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 6 जून की मध्य रात्रि करीब 12 बजे गांव के ही ललई, गुड्डू, विक्रम व अमरिका लाठी-डंडा लेकर उनके दरवाजे पर आ धमके और गाली-गलौज करने लगे। जब रामप्रताप ने विरोध किया तो आरोपितों ने उन्हें दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। जान बचाने के लिए रामप्रताप घर के अंदर भागे, लेकिन आरोपी वहां भी घुस आए और लात-घूंसों व डंडों से मारपीट की। इस दौरान उनकी पत्नी रमझारा बचाने आई तो हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की। रामप्रताप की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### मानसिक रूप से बीमार किशोरी लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लागंज से एक मानसिक रूप से बीमार किशोरी घर से लापता हो गई। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। यहां के रहने वाले मो. अनस ने पुलिस को बताया कि उसकी 15 वर्षीया बहन जो मानसिक रूप से कमजोर है, 8 जून की सुबह करीब 7 बजे घर से अचानक कहीं चली गई और अब तक वापस नहीं लौटी है।

## 6 निजी वाहन सीज 9 का हुआ चालान

**बाराबंकीः अमृत विचार :** परिवहन विभाग द्वारा 1 से 15 जून तक चलाए जा रहे विशेष सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत मंगलवार को प्रवर्तन टीम ने ओवरलोडिंग व निजी वाहनों के व्यावसायिक उपयोग के मामलों में छह वाहनों को सीज करते हुए उन्हें थाने में निरुद्ध किया। इसके अतिरिक्त अन्य नियम उल्लंघनों में नौ चालान भी किए गए।
कार्रवाई का नेतृत्व एआरटीओ (प्रशासन/प्रवर्तन) अंकिता शुक्ला एवं यात्री/मालकर अधिकारी रवि चंद्र त्यागी की संयुक्त टीम ने किया। टीम ने हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाते हुए वाहनों के कागजातों की गहन जांच की और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की।

# लखनऊ के चार शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** यात्रियों को वाहन में बिठाकर रास्ते में उनसे लूटपाट करने वाले लखनऊ के चार शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक बदमाश मऊ का है। हालांकि पुलिस का दावा है कि इन्ही बदमाशों ने एक सप्ताह पूर्व हुई इसी तरह की लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटा गया सामान व नकदी बरामद की है।

स्वाट, सर्विलांस, थाना कोतवाली नगर व जहांगीराबाद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान सुदेश यादव, सुमित वर्मा दोनों निवासी सरायशेख, नितिन यादव निवासी कुम्हारन का पुरवा तीनों निवासी थाना बीबीडी लखनऊ, अभिषेक ठाकुर निवासी मौलवी खेड़ा थाना पीजीआई लखनऊ, हिमाचल चौहान निवासी भलउ चन्देरी थाना घोसी मऊ को गिरफ्तार किया। इनके पास से चार स्मार्टफोन, एक चांदी जैसा ब्रेसलेट, एक ब्लूटूथ, लूट में प्रयोग की गई टाटा नेक्सन कार, 2 तमंचा, 2 ज़िंदा कारतूस, 10,100 रुपये बरामद हुए। पहली घटना 2 जून की रात हुई थी, जब सुबोध कुमार राय नामक व्यक्ति को अवध बस स्टॉप से वाहन में बैठाकर बदमाशों ने लूट लिया। इनसे 600 नकद और 7401 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए गए। दूसरी घटना 7 जून को घटी, जिसमें जीत कुमार नामक युवक को लखनऊ एयरपोर्ट से चारबाग और फिर निजी गाड़ी में बस्ती ले जाने के नाम पर बैठाया गया। रास्ते में उससे गाली-गलौज, मारपीट कर 10,000 ऑनलाइन, 2 मोबाइल, चांदी का ब्रेसलेट और ब्लूटूथ लूट लिया गया। पकड़े गए बदमाश किराए पर कार लेकर देर रात चारबाग, कमता से दूरदराज जाने वाले यात्रियों को बैठाते थे। सुनसान रास्तों में उन्हें धमका कर मोबाइल, नकदी और डिजिटल पेमेंट के माध्यम से रुपये ठगते, उन्हे लूटपाट के बाद पीड़ितों को बीच रास्ते में उतार देते थे। इस गिरोह का एक और सदस्य शिवम यादव पुत्र चन्द्रिका प्रसाद उर्फ छोटे निवासी सरायशेख, अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# छेड़छाड़ मामले ने पकड़ा तूल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** हैदरगढ़ तहसील के न्यायालय में लेखपाल से छेड़छाड़ की घटना ने तूल पकड़ लिया है। फिलहाल आमने-सामने आए दो संगठनों ने मंगलवार को डीएम से मुलाकात की। एक ओर चकबंदी लेखपाल संघ ने आरोपी बार महामंत्री के खिलाफ कार्रवाई से असंतोष जताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की तो जिला बार एसोसिएशन ने डीएम से मिलकर न्यायसंगत कार्रवाई की अपेक्षा की है।

चकबंदी लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष कुंवर आनंद प्रताप सिंह की अगुवाई में मंगलवार को जिले भर के चकबंदी लेखपालों ने जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी से मिलकर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें आरोपी तहसील बार महामंत्री पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के साथ उसके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही किए जाने की मांग की गई। कहा गया कि आरोपी के विरुद्ध हुई कार्रवाई से संघ संतुष्ट नही है।

इस मौके पर पंकज साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री सत्येन्द्र तिवारी, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, अनुज यादव, धर्मेन्द्र सिंह, मयंक मिश्रा, वैशाली सिंह, नेहा सिंह, प्रतिष्ठा मिश्रा सहित जिले भर के चकबंदी लेखपाल के साथ रामनगर और हैदरगढ़ के राजस्व लेखपाल भी मौजूद रहे। वहीं इस मामले में आरोपी हैदरगढ़ तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील त्रिवेदी की ओर से जिला बार अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, महामंत्री रामराज यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश मिश्र आदि ने आपात बैठक के बाद न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया गया और नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट में डीएम से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा। अधिवक्ता रितेश मिश्र ने बताया कि डीएम को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया गया। इस पर जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

## बीडीओ ने बाढ़ राहत चौकियों का जाना हाल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बीडीओ जितेंद्र कुमार ने बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने लोहटी जई और चौकाघाट स्टेशन स्थित बाढ़ राहत चौकियों का निरीक्षण किया।

चौकियों में हैंडपंप, रसोईघर और सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था की जांच की। बीडीओ ने तपेसिपाह और सिसौडा ग्राम पंचायत के जैन पुरवा, कोरिन पुरवा, दुर्गापुर, बुधई पुरवा, परसादी पुरवा और बहलोलपुर का दौरा किया। ग्राम प्रधान राजेश शुक्ला और सुशील यादव से स्थिति की जानकारी ली। बाढ़ के दौरान उपयोग की जाने वाली नावों की स्थिति की समीक्षा की।

## घर-घर सिंदूर अभियान सस्ता राजनीतिक स्टंटः संजय सिंह

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर के एक मैरिज हॉल में मंगलवार को आयोजित आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारों पर तीखा हमला बोला। संजय सिंह ने भाजपा के 'घर-घर सिंदूर' अभियान को सस्ता राजनीतिक स्टंट बताया।
संजय सिंह ने यूपी की योगी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राज्य में पेपर लीक और भर्ती घोटालों ने युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर दिया है। इस दौरान पूर्व विधायक दिलीप पांडे, विधायक अनिल झा, नि. प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल, इमरान लतीफ, बाराबंकी जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह, दिनेश पटेल, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव, बीएन खरे, नूर सिद्दीकी, अवधेश मौर्य आदि थे।


सम्मेलन को संबोधित करते संजय सिंह।

**कार्यक्रम** देवा ब्लाक के कुसुम्भा गांव में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान में हुए शामिल

# मुख्य सचिव ने किसानों को दिया आत्मनिर्भर कृषि का मंत्र

संवाददाता, देवा, बाराबंकी


कार्यक्रम में संबोधित करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को देवा ब्लाक के कुसुम्भा में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित किसान सम्मेलन में प्रतिभाग करते हुए किसानों को आत्मनिर्भर और लाभकारी कृषि की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।
उन्होंने कहा कि किसानों को अब परंपरागत नहीं, प्रगतिशील और तकनीकी से जुड़ा होना चाहिए। सरकार का उद्देश्य किसान को उसकी मेहनत का पूरा मूल्य दिलाना है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कृषि निर्यात को बढ़ावा देने, कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली तकनीकों, जैविक व प्राकृतिक खेती तथा वैज्ञानिक विधियों के व्यापक प्रचार की बात कही। उन्होंने बताया कि नोएडा स्थित जेवर एयरपोर्ट पर कृषि निर्यात को लेकर विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिससे यूपी के किसानों की उपज सीधी अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच सकेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को अब स्मार्ट बनकर खेती करनी होगी, तभी उनकी आमदनी दोगुनी नहीं बल्कि उससे भी ज्यादा हो सकती है। कृषि वैज्ञानिकों, विश्वविद्यालयों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि अनुदान प्रमाण-पत्र, और योजनाओं के लाभ भी वितरित किए गए। पद्मश्री कृषक राम सरन वर्मा ने अपने संबोधन में खेती को एक उद्यम और व्यवस्थित व्यवसाय के रूप में प्रस्तुत किया और किसानों से नवाचार और तकनीकी खेती को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनियों में कृषि तकनीकों, बीजों, ड्रोन व सिंचाई प्रणाली से लेकर डिजिटल कृषि की झलक भी देखने को मिली। कृषि विभाग, उद्यान, पशुपालन, सिंचाई, शिक्षा आदि विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों में उन्नत बीज, सिंचाई प्रणालियां और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, संयुक्त कृषि निदेशक अयोध्या मण्डल अवतीन्द्र कुमार मिश्र, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजितराम, कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसपी सिंह, डॉ. केएम सिंह, डॉ. कामता प्रसाद, डॉ. आलोक शिव, डॉ. अश्वनी कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी, वैज्ञानिक एवं किसान उपस्थित रहे। संचालन प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया।

## महिला की हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद, आठ बरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दस वर्ष पूर्व महिला की हत्या के दो अभियुक्तों को दोषसिद्ध करार देते हुए अदालत ने आजीवन कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। वहीं इस मामले में आठ लोगों को बरी कर दिया। हालांकि बरी किए गए अभियुक्तों में एक की मौत हो चुकी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना मोहम्मदपुर खाला पर हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमें में अभियुक्त दिलदार उर्फ दीदार अली व हजरत अली को न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-37 ने दोषसिद्ध करार दिया। इन दोनों को आजीवन कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इसी क्रम में अभियुक्त दिलदार उर्फ दीदार अली व हजरत अली को तीन धाराओं में दोषमुक्त करने के साथ ही अशोक उर्फ गब्बर, परदेशी, प्रदीप कुमार अवस्थी, कनौजी लाल, रामबचन शुक्ला, राधेश्याम शुक्ला, अनीता उर्फ गुड़िया व संतोष कुमार शुक्ला को सभी आरोपों से दोषमुक्त किया गया। 16 फरवरी 2015 को वादी मस्तराम तिवारी ने अभियुक्तों पर पत्नी की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।



# खाने को लेकर विवाद में ईंट से कूचकर पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

## तालगांव थानाक्षेत्र के दानियालपुर गांव का है मामला, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार :** दंपति के बीच घरेलू विवाद इतना बढ़ा कि पति ने पत्नी को जमकर पीटा इसके बाद आंगन में पड़ी ईंट से ताबड़तोड़ सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर वार करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। निर्मम हत्या के मामले में आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तालगांव थानाक्षेत्र के दानियालपुर गांव में हुई हत्या के बाद आरोपी से देर रात तक पूछताछ की जाती रही।

तालगांव थानाक्षेत्र का दानियालपुर निवासी सोहेल खां उर्फ सोहिली पुत्र मोहम्मद शरीफ अपने घर पर था। परिजनों के मुताबिक, सभी लोग संयुक्त परिवार के रूप में एक ही घर पर रहते हैं। दोपहर बाद सोहेल


इसी पलंग पर की थी महिला की हत्या।

मजदूरी करके घर लौटा। भाई शकील के अनुसार, वह और उसके भाई जाहिद, जाकिर और शाकिब खेतों में काम कर रहे थे। घर पर सोहेल खां की पत्नी मैहर जहां (45) थी। बताते हैं कि वह खाट पर आराम कर रही थी, इसी दौरान खाने को लेकर विवाद हो गया। बातचीत इतनी बढ़ी कि सोहेल खां ने मैहर के साथ गाली-गलौज करते हुए मारना-पीटना शुरू कर दिया। बाद में आंगन में पड़े ईंटे को उठा लाया और ताबड़तोड़ कई वार सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर किये, जिससे मैहर जहां की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात की सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील यादव, प्रभारी निरीक्षक तालगांव दीपक राय घटनास्थल पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। उधर देर शाम दबिश देकर आरोपी सोहेल खां को गिरफ्तार कर लिया गया। क्षेत्राधिकारी लहरपुर का कहना है कि गिरफ्तार किये गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। क्षेत्राधिकारी सुशील यादव का कहना है कि घटना को लेकर सोहेल के भाई की तहरीर पर हत्या का अभियोग तालगांव थाने में दर्ज हो गया है।

### करीबी बोले- सीने पर बैठकर सिर कूंचा

**अमृत विचार :** सोहेल के करीबियों ने बताया कि वारदात के समय सोहेल ने अपनी पत्नी के सीने पर बैठकर ईंटों से कई वार सिर पर किये। सीने पर भी चोट पहुंचाई, सोहेल की दबंगई के चलते कोई उसकी पत्नी को बचाने के लिए आगे नहीं बढ़ सका।

### पहले भी होते रहे हैं झगड़े

सोहेल के दो पुत्री और एक पुत्र शाका है। पुलिस ने पूछताछ की तो 14 वर्षीय पुत्र शाका ने बताया कि घटना के समय वह घर पर नहीं था। माता-पिता के बीच पहले भी कई बार झगड़े होते रहे हैं। एक बहन की शादी हो चुकी है। दूसरे की होनी है।

# बिल गेट्स फाउंडेशन की टीम ने जाना सेहत का हाल


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद बिल गेट्स फाउंडेशन की टीम। अमृत विचार

**संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार :** बिल गेट्स एंड मेलिंडा फाउंडेशन की टीम ने जनपद आकर स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जाना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली का निरीक्षण कर चिकित्सक और मरीजों से संवाद स्थापित किया। विशेष टीम बाड़ी गांव पहुंचा, जहां आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थितियों का भी आंकलन किया। बिल गेट्स एंड मेलिंडा फाउंडेशन की टीम का नेतृत्व अमेरिका से आईं डॉ. हेली ने किया। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की। एनएसयूआई केंद्र, न्यूट्रीशन केंद्र, वार्ड रूम, लेबर रूम, कोल्ड चैन रूम, मैटरनिटी वार्ड, पैथोलॉजी और ब्लड स्टोरेज यूनिट का हाल जानकार चिकित्सकों से संवाद किया। विशेष टीम ने कुछ मरीजों से भी बातचीत की। मौके पर मौजूद सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद सिंह से जननी सुरक्षा योजना की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान डॉ. रजनी वेद, डॉ. देवेंद्र, डॉ. गुंजन, डॉ. सुनीता, डॉ. वंदना, डॉ. रवि, डॉ. सृष्टि कटियार, राखी, जॉन एन्थोनी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। डॉ. हेली ने बायो मेडिकल वेस्ट की उपयोगिता को परखा। लाभ और हानि को जानने बाद शौचालयों की ओर रुख किया। दवा वितरण कक्ष और स्टोर रूम की व्यवस्था का हाल भी जाना। टीम बाड़ी गांव में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंची। यहां वित्तीय सहायता का हाल जाना। समय समय पर सहायता के उपयोग की प्रक्रियाओं की भी समीक्षा की गई।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**संवाददाता सेवता, सीतापुर**

**अमृत विचार:** सेवता कस्बे में प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाया। सड़क किनारे अवैध दुकान और कब्जे हटाते हुए आवागमन को दुरुस्त कराया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। कस्बे में मंदिर के पास बढ़ते अतिक्रमण को लेकर विधायक ज्ञान तिवारी ने विरोध जताया था। तीखे तेवरों के बीच प्रशासनिक अमले ने टीम गठित की, फिर नापजोख की। स्थितियां स्पष्ट होने पर तहसील


सेवता कस्बे में अतिक्रमण हटाता प्रशासन का बुलडोजर। अमृत विचार

प्रशासन बड़ी संख्या में पुलिस बल लेकर पहुंचा। एक एक कर दुकानें ढहाई गईं। प्रशासनिक बुलडोजर ने अतिक्रमण भी हटवाया। टीम के साथ रेउसा पुलिस, राजस्व विभाग और नगर पंचायत की टीम भी मौजूद थी। बता दें कि तहसील प्रशासन ने पहले ही दुकानदारों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दे चुका था।




**जल्द मिले निजात**
ये नजारा शहर के सबसे व्यस्त चौराहा मन्नी चौराहा का है। मुख्य मार्ग पर अधिकतर ऐसे ही कूड़े का ढेर लगने से परेशान लोगों ने जल्द निजात मिलने की मांग की। ● अमृत विचार

# 843 विद्यालयों में बच्चों की प्रतिभा ने बिखेरा रंग

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आयोजित समर कैंप मंगलवार को 21वें दिन सम्पन्न हुआ। जिले के 843 उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ समापन समारोह मनाया गया।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित इस समर कैंप में 13 पीएमश्री और 830 अन्य विद्यालयों को सम्मिलित रहे। 21 मई से प्रारंभ हुए इस शिविर में हर दिन सुबह 7 से 10 बजे तक 1683 शिक्षामित्रों और अनुदेशकों की देखरेख में रचनात्मक, शैक्षिक, और कौशल आधारित गतिविधियां कराई गईं।


समापन के दौरान बच्चों को सम्मानित करते एमएलसी व भाजपा जिलाध्यक्ष।

समर कैंप के तीन सप्ताह को तीन थीम में विभाजित किया गया। जिसमें पहला सप्ताह में योग, सांस्कृतिक विरासत, डिजिटल कौशल विकास, दूसरे सप्ताह में पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान गतिविधियां, रचनात्मक लेखन व कला और तीसरे सप्ताह में राष्ट्रीय एकता, जल संरक्षण, प्रदर्शन आधारित गतिविधियां कराई गईं। छात्रों को मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत न्यूट्रीशन सप्लीमेंट्स जैसे मौसमी फल, खीरा, ग्लूकोज बिस्कुट, मूंगफली दाना इत्यादि भी प्रदान किए गए, जिससे उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा गया। समापन के दौरान बनीकोडर विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर-राजपुर में मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने बताया कि समर कैंप ने बच्चों में छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया। छात्रों की प्रस्तुतियां, कविताएं, चित्रकला और समूहगत प्रदर्शन अभिभावकों और शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर गए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं रह जाती। समापन समारोह में ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष, अभिभावक, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और खंड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# भंडारा व निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



भंडारे में प्रसाद वितरित करतीं चेयरमैन व प्रतिनिधि। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर 5वें बड़े मंगलवार को हनुमान की कृपा से विशाल भंडारा एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजन का आरंभ नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शीला सिंह एवं प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम शगुन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, लखनऊ-अयोध्या हाईवे बड़ेल परिसर में हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा की व्यवस्था के साथ-साथ चिकित्सा सेवा भी उपलब्ध कराई गई।मौके पर लक्ष्मी नारायण पटेल, डा विजय नारायण पटेल, शिवनारायण पटेल, डा सुनीता पटेल आदि उपस्थित रहे।

# चिकित्सा प्रतिपूर्ति की फाइल स्वीकृत करने के नाम पर मांगा कमीशन

▸▸ **रुपये न देने पर लौटाई फाइल, कहा- बीडीओ साहब बिना पैसे लिए नहीं करते हैं स्वीकृत**

**गोंडा, अमृत विचारः** सेवानिवृत कर्मचारी की चिकित्सा प्रतिपूर्ति की फाइल स्वीकृत करने के नाम पर 10% की रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। विकास विभाग के एक सेवानिवृत्त लेखाकार ने बेलसर ब्लाक के एक बाबू पर घूसखोरी का आरोप लगाया है।

बेलसर ब्लाक में लेखाकार रहे अरुण कुमार के मुताबिक उन्होंने अपनी बीमारी के इलाज में खर्च किए गए पैसे को लेकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति की फाइल ब्लाक कार्यालय में स्वीकृति के लिए भेजी थी। बेटा फाइल लेकर कार्यालय गया था। आरोप है कि कार्यालय के वरिष्ठ सहायक ने यह कहकर फाइल वापस कर दी कि फाइल में कई तरह की कमी है। जब कर्मी के बेटे ने कहा कि सारी औपचारिकता पूरी कर वह फाइल लेकर गया है तो वरिष्ठ सहायक ने बताया कि फाइल ऐसे स्वीकृत नहीं होती। फाइल स्वीकृति के नाम पर 10 प्रतिशत की धनराशि देनी पड़ेगी। जब कर्मी के बेटे ने पैसा लेने का कारण जानना चाहा तो लिपिक ने कहा कि इसमें सभी का हिस्सा होता है। बीडीओ साहब बिना पैसा लिए फाइल स्वीकृत नहीं करेंगे। अरुण कुमार ने इसकी शिकायत जिला विकास अधिकारी से की है।

# एएसपी ने लिया पुलिस लाइन का जायजा

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः अमृत विचार :** एएसपी दक्षिणी ने मंगलवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में मंगलवार की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्रवाई कराई गयी। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नौतपा के बाद तपा मौसम, लोग हुए बेहाल

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**गर्मी से परेशान**

▸▸ **भीषण उमस से आम जनजीवन पर पड़ रहा गहरा असर**

▸▸ **गर्मी से हैरान परेशान लोग बारिश की राह तक रहे हैं**

**अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा परेशान करता आया नौतपा इस बार उतार चढ़ाव के बीच गुजर गया। बीते कुछ दिनों से मौसम ने जिस तरह करवट ली है उससे हर कोई बेहाल हो चला है। गर्म हवाएं, भीषण उमस, आद्रता ने आम जनजीवन पर गहरा असर डाला है। उस पर पुरवा हवा लोगों को पसीने से नहला रही। गर्मी के इस तेवर से हैरान परेशान लोग बारिश की राह तक रहे हैं।

बिना ज्यादा परेशान किये नौतपा गुजर गया, इन नौ दिनों में मौसम के उतार चढ़ाव ने ढंग से गर्मी पड़ने ही नहीं दी। लोगबाग मौसम के उतार चढ़ाव का मजा ले ही रहे थे कि



नौतपा समाप्त होते ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरु कर दिए। मौसम में अचानक आए बदलाव ने नौतपा को भी मात दे दी है। भीषण उमस, आद्रता और तपिश से कहीं भी छुटकारा नहीं मिल पा रहा। बल्कि उबाऊ गर्मी ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। आलम यह है कि लोग चैन की नींद नहीं सो पा रहे। उस पर कई दिनों से रात घिरते ही बिजली की आवाजाही ने कोढ़ में खाज वाली दशा कर दी है। बड़े ही नहीं बच्चे भी व्याकुल हैं। उमस के चलते चंद पल भी कहीं रुकना मुश्किल होता जा रहा। एकमात्र एसी को छोड़ और कोई उपाय काम नहीं कर रहा। बदहाल दशा सिर्फ लोगों की ही नहीं मूक पशुओं की भी है। पीने के पानी की तलाश में जानवर मारे मारे फिर रहे हैं। लोगों की नजर एक बार फिर आसमान की ओर है, मानसून व अच्छी बारिश का इंतजार सभी को है। हालांकि गर्मी के इस तेवर से हाल फिलहाल छुटकारा मिलने के आसार नही दिख रहे।

**भव्य समापन** — कैंप का उद्देश्य अवकाश में अभ्यास और विकास रहा, 21 मई से 10 जून तक चला कैंप

# समर कैंप ने संवारे हुनर, संस्कार और सोच

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में इस वर्ष आयोजित ग्रीष्मकालीन समर कैंप विद्यार्थियों के लिए अविस्मरणीय अनुभवों का संगम बन गया। 21 मई से 10 जून तक चले इस कैंप ने छात्रों को सिर्फ गर्मी की छुट्टियों में व्यस्त नहीं रखा, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच प्रदान किया। इस कैंप का उद्देश्य अवकाश में अभ्यास और विकास रहा। शिविर की शुरुआत प्रतिदिन योग एवं व्यायाम से होती रही, जिससे विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ी। इसके बाद दिनभर चलीं विभिन्न रचनात्मक, शारीरिक, सामाजिक और


समापन के दौरान बच्चों के बीच पहुंचे डीआईओएस ओपी त्रिपाठी। अमृत विचार

व्यावसायिक गतिविधियां। जिनमें शामिल रहीं कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, बैडमिंटन जैसे खेल, कविता लेखन, चित्रकला, मिट्टी कला, जूट बैग बनाना, केक-सूप बनाना, पेपर माशे, टाइपिंग व वीडियो एडिटिंग से लेकर लोकनृत्य और सांस्कृतिक संवाद शामिल रहा। एक पेड़ माँ के नाम' अभियान और सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक जैसे प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। समापन दिवस पर आयोजित समारोह में शिक्षकों, अभिभावकों और अधिकारियों की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने मंच से अनुभव साझा किए, तो वहीं फीडबैक फॉर्म्स से शिविर की गुणवत्ता का दस्तावेजी मूल्यांकन भी सुनिश्चित किया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा व राजकीय हाई स्कूल मित्तई में निरीक्षण करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों के भीतर नेतृत्व क्षमता, सामाजिक चेतना और सीखने की ललक को नई दिशा देता है। वहीं जिला समन्वयक अखिलेन्द्र सिंह ने सुबेहा और जारमऊ के विद्यालयों में हुए नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर शिक्षा को जीवन से जोड़ते हैं और विद्यार्थियों को वास्तविक कौशल से संपन्न बनाते हैं।

# बहुता क्रिकेट क्लब व नागेश्वर इलेवन की शानदार जीत

**संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** तहसील मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर सुबेहा रोड स्थित पेचरूवा गांव में पीपीएल के दूसरे दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। नॉक आउट आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में सुबह के मैच में बहुता क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 130 रन बनाए।

जवाब में धनंजय इलेवन बेहटा की टीम निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी और मुकाबला 5 रन से गंवा दिया। दूसरी ओर शाम को खेले गए मैच में हैदरगढ़ इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 120 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए नागेश्वर इलेवन ने 8 विकेट बचाकर मैच अपने नाम कर लिया। मोनू सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी, व्यापारी नेता जनार्दन शुक्ला और प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह ने खिलाड़ियों से मुलाकात की। पहली बार गांव स्तर पर आयोजित हो रही इस लीग के सफल आयोजन में पारुल अवस्थी, विनीत अवस्थी, नीतीश, गणेश, मयंक, धनंजय, अभय, रोशन शुक्ला, शरद सिंह, जे पी सिंह, मोनू, अभय मिश्रा, आयुष और अंशुमान अवस्थी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### बच्चों ने सीखी आर्ट-क्राफ्ट व पारंपरिक खेल खेले

**संवाददाता, बिसवां, अमृत विचार :** विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत भिठमनी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में समर कैंप का आयोजन हुआ। कैंप में स्कूली छात्रों को आर्ट और क्राफ्ट का प्रशिक्षण किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम का निरीक्षण कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय भिठमनी में छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक खेलों में प्रतिभाग किया। आयोजित कार्यक्रम में कबड्डी और खो-खो के आयोजन हुए। खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षकों और छात्र-छात्राओं को सलाह दी। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे इन गतिविधियों को दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। बच्चों को घर पर भी इन गतिविधियों का अभ्यास करने को कहा गया।

### छात्रों को पदक मिले तो खिल उठे चेहरे


छात्रा को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देती प्रधानाचार्य।

**संवाददाता नेरी, सीतापुर, अमृत विचार :** राजकीय कन्या इंटर कालेज नेरी में चल रहे समर कैंप का समापन हुआ। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल वितरण किये गए। कालेज की प्रधानाचार्य रेखा श्रीवास्तव ने बताया कि कैम्प का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास, रचनात्मकता, आत्मविश्वास, जीवन कौशल एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। कैम्प के अंतिम दिन मंगलवार को विद्यालयों में अभिभावकों और समुदाय की उपस्थिति में योग, संगीत, रंगमंच, पर्यावरण, डिजिटल कौशल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां कराई गई। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न अनुभव साझा किए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों के साथ अभिभावक उपस्थित रहे।

### पंचायत भवन बनने से आमजन को मिलेगी सुविधाएंः ज्ञान


पंचायत भवन का उद्घाटन करते विधायक ज्ञान तिवारी। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** सिरकुंडा ग्राम पंचायत में नवनिर्मित पंचायत भवन का विधायक ज्ञान तिवारी द्वारा हनुमान जी के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर विधि-विधान से पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर पंचायत भवन बन जाने से ग्राम वासियों को सभी सुविधाएं पंचायत स्तर पर उपलब्ध रहेंगी। बैठकों का आयोजन भी पंचायत भवन में किया जाएगा। पंचायत भवन में कंप्यूटर कक्ष सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शांति देवी, सचिव विनोद यादव, अवर अभियंता कमलेश मौर्य, मनोज सिंह, यमुना वर्मा, प्रधान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### अपर पुलिस महानिदेशक ने रिजर्व लाइन का जाना हाल


रिक्रूट आरक्षियों की क्लास का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक जय नारायण सिंह।

सीतापुर। अपर पुलिस महानिदेशक पीटीसी (नोडल आरटीसी) जय नारायण सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षु बैरक, भोजनालय, अध्यापक आवासीय कक्ष, मनोरंजन कक्ष, पीटी ग्राउंड सहित विभिन्न स्थलों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल आपूर्ति, आवासीय सुविधाओं के साथ-साथ आगामी दिनों में प्रशिक्षण के लिए आने वाले प्रशिक्षुओं की तैयारी, प्रशिक्षण व्यवस्था, बुनियादी सुविधाएं और अनुशासन पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, क्षेत्राधिकारी लाइन और प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### भगवान भक्तों की रक्षा के लिए लेते हैं अवतारः पं. अखिलेश


कथा व्यास पं. अखिलेश

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम धौरहरा में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ संत सम्मेलन श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पं. अखिलेश महाराज ने कहा कि प्रभु की महिमा कण-कण में व्याप्त है। इस मौके पर शतचंडी महायज्ञ में वैदिक मंडल के आचार्यों व यज्ञ यजमान उमेश दीक्षित ने यज्ञ भगवान की पूजा कर आहुतियां डालीं और क्षेत्र में सुख शांति की कामना की। यज्ञाचार्य पंडित राधा मोहन अवस्थी ने यज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यज्ञ करने से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। कथा व्यास अखिलेश महाराज ने भागवत के प्रथम स्कंध के प्रथम श्लोक का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का स्वरूप विराट है। भगवान का कोई जन्म नहीं होता। वो भक्तों की रक्षा के लिए अवतार लेते है। कथा के मध्य में शुकदेव भगवान के अवतार की कथा का वर्णन किया गया। कथा का रसपान करने के लिए भारी संख्या महिलाएं बच्चे ओर श्रद्धालु उपस्थित थे।

### पनीर की सब्जी को लेकर भिड़े पड़े दो पक्ष, 5 चोटिल

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहर से सटे पंचम पुरवा में पनीर की सब्जी शादी में नहीं मिली तो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में पांच लोग चोटिल हुए हैं। मामला कोतवाली देहात क्षेत्र के पंचमपुरवा गांव में एक शादी समारोह के दौरान हुआ। बताते हैं कि देर रात बारात आई, स्वागत समारोह के बाद भोजन का दौर चला। नशे में धुत कुछ बारातियों ने पनीर की सब्जी को लेकर आपत्ति जताई, इसी को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। मारपीट हुई, जिसमें पप्पू, दो महिलाओं सहित कुल पांच चोटिल हुए। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत हुई गोष्ठी



गोष्ठी के सहारे किसानों को जागरूक करते कृषि अधिकारी और विशेषज्ञ।

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत कृषकों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक संगोष्ठी का आयोजन ग्राम लालपुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नाजिम की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तम वर्मा प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख रहे। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डा. शैलेन्द्र सिंह द्वारा खरीफ फसलों से सम्बंधित धान की उन्नत प्रजाति, धान की सीधी बुआई, जैव उर्वरक एवं संतुलित उर्वरक का प्रयोग की चर्चा की गई। कृषकों को ड्रोन द्वारा नैनो उर्वरकों का प्रयोग करने के जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इससे श्रम व धन की बचत होगी। गोष्ठी में पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह ने पशुपालन में पशुओं के पोषण प्रबंधन, नस्ल सुधार, हाइब्रिड नेपियर ग्रास तथा पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। राज कुमार वर्मा सहायक विकास अधिकारी कृषि द्वारा फार्मर रजिस्ट्री, पीएम कुसुम योजना, धान की उन्नतशील प्रजातियों के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में श्याम सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ, विशाल सिंह वरिष्ठ प्राविधिक सहायक, सौरभ वर्मा प्रभारी बीज भण्डार, गंगाराम, सर्वेश कुमार गौतम, धर्मपाल, अखिलेश सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार, आशीष मिश्रा खण्ड तकनीकी प्रबंधक, पंकज कुमार-1, पंकज कुमार -2, कैलाश कुमार, विश्राम लाल, दिनेश पाल सिंह व रामदयाल, स्वामी दयाल, मोहनलाल, कृषि सखी, सरिता जैसवाल, तारा देवी, भजन लाल, प्रेम शंकर, नाज़िम, सहज राम, राम सनेही आदि किसान उपस्थित थे।

## एक नजर

### योग दिवस पर चलेगा पौधरोपण अभियान

सीतापुर,अमृत विचार : 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 जून से 21 जून तक सभी ग्राम पंचायतों, विकासखंड कार्यालयों और अमृत सरोवरों पर सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम की थीम पर विशेष पौधरोपण अभियान चलाने को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की ओर से निर्देश दिये गए हैं। डीएम ने कहा है कि कार्यक्रम की फोटोग्राफी व विवरण संबंधित पोर्टल पर अपलोड कराया जाना भी आवश्यक है।

### पुलिस तक पहुंचा भोजन विवाद, जांच शुरू

सीतापुर,अमृत विचार : सिधौली कोतवाली क्षेत्र के तुलसीनगर निवासी कमलेश गौतम के मुताबिक, वो मनवा क्षेत्र में सरकारी शराब की दुकान के पास कैंटीन चलाता है। उसके दोस्त रेहान की अंडा-रोल की दुकान सड़क के दूसरी ओर है। कमलेश का कहना है कि रेहान ने उसे दावत में घर पर बुलाया। मीट परोसा तो उसे शक हुआ कि ये किसी बड़े जानवर का मांस है। इसी के बाद विवाद हो गया और कमलेश कोतवाली पहुंच गया। अपराध निरीक्षक राम मणि यादव ने बताया कि मामले की जांच हो रही है। निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### पारिवारिक विवाद में महिला ने खाया विषाक्त

सीतापुर,अमृत विचार : सिधौली कोतवाली क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव में रुखसार (20) पत्नी साहिल अपनी ससुराल में थी। बताते हैं कि इसी दौरान उसकी अपने ससुर से कहासुनी हो गई। मामूली बातचीत कुछ ही देर में बढ़ गई। घटना से क्षुब्ध विवाहिता ने विषाक्त का सेवन कर लिया। बिगड़ती हालत के बाद घर पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में विवाहिता को स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सिधौली पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### मंडलीय पुरस्कार के लिए आवेदन करें

सीतापुर,अमृत विचार : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आरएस पाल ने जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मण्डलीय स्तर पर पुरस्कार वितरण की योजना बनाई गई है। इसका उद्देश्य विभागीय योजनाओं के अंतर्गत गत तीन वर्षों से सक्रिय और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्रामोद्योग इकाइयों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे उद्यमी, जिनकी इकाइयों को बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया गया है और जो उत्पादन, बिक्री और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं, वे इस योजना के लिए पात्र हैं। जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा इन इकाइयों का चयन किया जाएगा और चुनी गई इकाइयों को मंडल स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इच्छुक उद्यमी दिनांक 15 जून तक अपना पूर्ण विवरण विकास भवन, कमरा संख्या 126 व 127 में जमा कर सकते हैं।

### मेंथा टंकी फटने से महिला झुलसी, रेफर

रामपुर मथुरा, सीतापुर : रामपुर मथुरा इलाके के कटरा गांव में मंगलवार शाम मेंथा की पेराई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। टंकी फटने से वृद्धा बुरी तरह झुलस गई। इलाज के लिए पहले महमूदाबाद ले जाया गया, फिर हालत नाजुक होने पर लखनऊ रेफर किया गया। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी मुन्नी का बेटा रखानी गांव के ही संदीप की टंकी में मेंथा की पेराई कर रहा था। इस दौरान शाम करीब सात बजे अचानक टंकी फट गई। मुन्नी वहीं पास खड़ी थीं और धमाके की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गईं। ग्रामीणों ने आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।



मिश्रिख में आयोजित भंडारे में प्रसाद के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार



कलेक्ट्रेट सभागार में बड़े मंगलवार पर पूजन-अर्चन करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद।



रामपुर मथुरा स्थित मुख्य मार्ग पर लगे भंडारे में प्रसाद वितरित करते आयोजक। अमृत विचार

# ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल पर जिलेभर में लगे भंडारे

## जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बड़े मंगल पर कलेक्ट्रेट परिसर में हनुमान की पूजा-अर्चना व आरती, नैमिषारण्य में किए गए विविध आयोजन

संवाददाता,सीतापुर

अमृत विचार टीम : ज्येष्ठ माह के पांचवें और अंतिम बड़े मंगल पर नैमिषारण्य, शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। नैमिषारण्य के हनुमान गढ़ी में श्रद्धालुओं का तांता सुबह से ही लगना शुरू हो गया। पारा भी आस्था को डिगा नहीं पाया। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर लंबी कतारों में खड़े रहे और बजरंगबली के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में भजन-कीर्तन की गूंज रही। जगह-जगह भंडारे भी आयोजित किए गए। आमजन के साथ महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस मुस्तैद रही।

**रामपुर मथुरा के मंदिरों और घरों में सुंदरकांड पाठ का आयोजन :** कस्बा रामपुर मथुरा के मंदिरों और घरों में सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। थाना पुलिस द्वारा थाने के गेट के बाहर भण्डारे का आयोजन किया गया। निषाद नगर, मंशाराम और विकास गुप्ता, रजत गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, संजय गुप्ता, प्रणय जैन पुराना हनुमान मंदिर, रगडेश्वर महादेव ग्रामीण बैंक के पास, तुलसीपुर खरिका राघव राम की दुकान के पास, हनुमान मंदिर, तूतहीपुर चौराहा, धर्मेंद्र मौर्य, विमलेश वर्मा द्वारा भण्डारों के आयोजन हुए। थानगांव मार्ग पर रामदास द्वारा बांसुरा, चांदपुर, भगौतीपुर, बहादुरगंज, गोंडा देवरिया सहित विभिन्न गांवों व मंदिरों सहित विभिन्न मार्गों पर स्टॉल लगाकर शरबत पूड़ी सब्जी, बूंदी- छोले चावल के प्रसाद का वितरण किया गया।

**लहरपुर में बांटे गए आइसक्रीम:** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विभिन्न हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ व अखंड रामायण का पाठ कर प्रसाद का वितरण किया गया। मंगलवार सुबह से ही क्षेत्र के हनुमत निवास मंदिर, बजरंगा मंदिर, अंबरसराय स्थित प्राचीन महावीरन मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, छन्नूलाल द्वारका प्रसाद हनुमान मंदिर, भोलिया बाबा हनुमान मंदिर, श्री राधा कृष्ण मंदिर, पक्का तालाब स्थित हनुमानमंदिर के साथ साथ ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। नगर क्षेत्र के मोहल्ला ठठेरी टोला में अतुल मेहरोत्रा द्वारा श्रद्धालुओं को आइसक्रीम का वितरण किया गया एवं दिलीप मल्होत्रा द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

### बिसवां में विधायक कार्यालय पर हुआ सुंदरकांड पाठ

विधायक निर्मल वर्मा द्वारा अपने कार्यालय पुरैनीगंज में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया। उसके उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, गन्ना समिति के अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष व सहकारी बैंक के संचालक पंकज गुप्ता, अनुज वर्मा सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, होटल आरके ग्रैंड के मालिक अभिषेक अग्रवाल द्वारा भंडारे का आयोजन हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां में आयोजित हुए भण्डारे में बड़ी संख्या में तीमारदार शामिल हुए।

### मिश्रित नगर में उमड़ा आस्था का सैलाब

नगर के विभिन्न स्थानों पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। सिधौली रोड स्थित मोहल्ला चंदूपुर के भक्तों ने सामूहिक रूप से मिलकर भंडारे का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं कुतुबनगर रोड पर इस्लामनगर चौराहे पर लवकुश शुक्ला द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। मिश्रित मेला मैदान में नितिन गुप्ता द्वारा सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया।

### कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम ने बांटा प्रसाद

डीएम अभिषेक आनंद ने बड़े मंगल पर कलेक्ट्रेट परिसर में हनुमानजी की पूजा-अर्चना व आरती की। इसके पश्चात उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर सेवा का संदेश दिया। डीएम ने मौके पर कहा, बड़ा मंगल हमारे समाज में सामूहिक आस्था, परंपरा और सेवा भावना का उत्सव है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है। एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह, एडीएम (न्यायिक) खालिद अंजुम, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, आलोक मिश्रा, राम अवध वर्मा सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### झंडेश्वर महादेव मंदिर पर भण्डारे का आयोजन

संवाददाता लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार : झंडेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना दिवस पर पूजा अर्चना के उपरांत भंडारा आयोजित किया गया। नगर के मोहल्ला टांडा सालार स्थित झंडेश्वर महादेव मंदिर के 20 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर पर भक्तों के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई और भगवान भोले शंकर का भव्य श्रृंगार कर रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत जेष्ठ माह में पड़ रही भीषण गर्मी में राहगीरों और स्थानीय लोगों को राहत देने के उद्देश्य से लोगों को भोजन व शीतल पेय जल उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिव शंकर लाल रस्तोगी, अमित रस्तोगी, सचिन रस्तोगी, अंकित अवस्थी, जतिन, नितिन, कृष, क्षितिज आदि द्वारा किया गया। इस अवसर भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।



भण्डारे के दौरान प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**मछरेहटा में हुआ सुंदरकांड पाठ**

मछरेहटा कस्बे में यूपी ग्रामीण बैंक, रिम्पी होटल, मोनू ट्रेडर्स, बहोरनपुर में भंडारे आयोजित हुए। समाजसेवी बबलू दीक्षित ने भंडारे का शुभारंभ किया, वहीं मोनू सिंह ट्रेडर्स द्वारा आयोजित भंडारे में रामगढ़ शुगर फैक्ट्री गन्ना समिति के चेयरमैन रामगोपाल अवस्थी, प्रधान सोनू सिंह सहित अन्य लोगों ने प्रसाद वितरित किया।

# शिक्षक ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता,सीतापुर

अमृत विचार : शहर के मोहल्ला गदियाना में एक शिक्षक ने फांसी लगाकर अपना जान दे दी। बताते हैं कि कमरा अंदर से बंद था, सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही स्थितियां स्पष्ट की जा सकेंगी। पिसावां इलाका वासी शिवेंद्र मिश्र पिछले कुछ समय से सीतापुर में रहकर एक विद्यालय में पढ़ाने का कार्य करता रहा है। गदियाना में किराए के मकान में रह रहा शिक्षक रोज की तरह घर लौटा।

पड़ोसियों की मानें तो कमरे में जाने के बाद काफी समय तक शिक्षक शिवेंद्र मिश्रा का कमरा बंद देखा गया। शंका के आधार पर पुलिस को सूचना दी गई। किसी तरह कमरे को खोला गया तो शिवेंद्र का शव फंदे से झूल रहा था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मकान मालिक और पड़ोसियों के बयान दर्ज किये। कोतवाली प्रभारी नगर अनूप शुक्ला का कहना है कि घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थितयां और भी स्पष्ट हो जाएंगी।

# जिले में पारा 42 डिग्री पार पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : तेज धूप के बीच तापमान में बढ़ोतरी हुई। ऐसे में आमजन को समस्याओं से जूझना पड़ा। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से कई स्थानों पर कारोबार प्रभावित हुए। किसानों को भी संकट का सामना करना पड़ा। दोपहर में रुकी हवाओं के बीच तापमान 42 डिग्री पार कर गया। मौसम विभाग ने आगे भी मौसम में खास बदलाव न होने की संभावना जताई है।

मंगलवार सुबह से ही हवाएं थम गईं, जिसका असर तापमान पर रहा। दिन बढ़ने पर तापमान 42 डिग्री को पार कर गया। जूलते तारों और अत्यधिक लोड के चलते शहर की मुख्य बाजार में कई बार विद्युत बाधित हुई। ऐसे में कई दुकानदार जनरेटर का इस्तेमाल करते हुए दिखे। कुछ स्थानों पर इनवर्टर फेल होने के बाद कारोबार प्रभावित दिखा। यही स्थिति रामकोट, खैराबाद, बिसवां ग्रामीण, रेउसा, रामपुर मथुरा क्षेत्रों में देखने को मिली। रामपुर मथुरा इलाके के किसान रमेश, सूर्यबली, रामकिशोर, परगट और करतार सिंह का कहना है कि बाधित आपूर्ति के चलते ट्यूबवेल कार्य नहीं कर पा रहे हैं। तेज धूप और तापमान का फसलों पर असर पड़ रहा है। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, आने वाले दिन में मौसम में खास बदलाव की संभावना कम है। जरूरी कार्य न हो तो बच्चे और वृद्ध तेज धूप में न निकले।



जिला अस्पताल गेट के बाहर तेज धूप के बीच शिकंजी बेचता युवक।

# पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौके पर मौत

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

**हादसा**

- थानगांव थानाक्षेत्र की है घटना, समारोह में शामिल होने के बाद जा रहा था चकदहा बाजार

अमृत विचार : थानगांव इलाके में बघइया गांव के करीब बाइक पेड़ से टकरा गई। सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। पत्नी को भी चोटें आई हैं। सदरपुर थानाक्षेत्र का फतुहापुर मजरा कंजखेड़ा निवासी शिवम भार्गव (28) पुत्र सुंदर भार्गव अपनी पत्नी के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर चकदहा बाजार गया था। बाइक सवार शिवम थानगांव थानाक्षेत्र में बघइया गांव के करीब पहुंचा। इसी दौरान वाहन असंतुलित हो गया और बाइक पेड़ से टकरा गई। सड़क हादसे में घायल दंपति को एंबुलेंस की मदद से रामपुर मथुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने शिवम भार्गव को मृत घोषित कर दिया। वहीं पत्नी की हालत में सुधार होना बताया जा रहा है। बताया जाता है कि शिवम भार्गव अपनी साली की शादी में रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के बरियारपुर गया था। वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद दंपति ससुराल से निकलकर चकदहा बाजार जा रहे थे। तभी दुर्घटना हो गई। परिजनों के मुताबिक, शिवम के साढ़े तीन वर्ष की पुत्री है, पत्नी गर्भवती है। रामपुर मथुरा थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णानंदन तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## तालाब में डूबने युवक की मौत

मिश्रिख (सीतापुर), अमृत विचार: कोतवाली मिश्रिख क्षेत्र के बेलहैया गांव में मंगलवार को दीपू (28) पुत्र धनीपाल की तालाब में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, दोपहर करीब 1 बजे गांव के कुछ बच्चों ने देखा कि तालाब के पास एक युवक डूब रहा है। बच्चों की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और युवक को बाहर निकाला। जब तक दीपू को तालाब से बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थीं। परिवार में दीपू अपने दो छोटे भाई और मां के साथ रहता था। जबकि पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है।

# ...आखिरकार चार साल बाद दर्ज हुआ ट्रक चोरी का मुकदमा

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: चार साल पहले हुए ट्रक चोरी के मामले में पीड़ित की शिकायत पर जब थाने ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की, तो पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर अब अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी जयसिंह यादव ने बताया कि 14 अक्तूबर 2020 को उनकी तबीयत खराब थी, जिस कारण उन्होंने अपना ट्रक खैराबाद क्षेत्र में आईटीआई रेलवे क्रासिंग के पास एक बाग के किनारे खड़ा करवा दिया था। उसी रात अज्ञात चोर ट्रक चुरा ले गए। पुलिस को अगले दिन सूचना दी गई, लेकिन न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही कोई कार्रवाई हुई। जयसिंह यादव का कहना है कि उसने उपसम्भागीय परिवहन अधिकारी को भी सूचना दी और 23 नवम्बर 2024 को पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र सौंपा, लेकिन फिर भी सुनवाई नहीं हुई। थक-हारकर उन्होंने कोर्ट में अर्जी दी, जिसके बाद एसीजे (सीडी), कोर्ट संख्या-4, ने खैराबाद थाना पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। एसओ खैराबाद एके सिंह के अनुसार, न्यायालय के आदेश पर ट्रक चोरी का अभियोग दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### बजरंगबली के जयकारों के साथ लगे भण्डारे



रामपुर मथुरा में आयोजित भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र में भण्डारे का आयोजन हुआ। मिठाई दुकानदार बाबा इंद्रसेन द्वारा पूड़ी- सब्जी का वितरण कराया। राजेश और रजनीश मिश्रा द्वारा छोला- चावल बटवाया। थानगांव मार्ग स्थित महंतपुरवा, हनुमान मंदिर, तुतहीपुर चौराहा, बांसुरा, भगवतीपुर, बहादुरगंज, चांदपुर, मां कालिका देवी मंदिर और जानकीनगर में भक्तों ने भण्डारे का आयोजन किया।

### सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा का आयोजन



भण्डारे के दौरान पूजन-अर्चन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भक्ति भाव से श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की गई। विभिन्न स्थानों पर शरबत प्रसाद के वितरण के साथ-साथ भंडारों का भी आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा- अर्चना के साथ सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। क्षेत्र के ग्राम टांडा कला में ओंकारेश्वर मंदिर के चौथे स्थापना दिवस के पर शिवम मिश्रा द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, पुरवा बेहटी स्थित छोटे बालाजी मंदिर, एवं देवस्थान बरम बाबा पर भी श्रद्धालुओं द्वारा भी विशाल भंडारों का आयोजन हुआ। मोहल्ला पुरवा बेहटी, छोटे बालाजी महाराज मंदिर पर रामविलास रस्तोगी परिवार द्वारा छोटे बालाजी महराज की पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया। इस मौके राजेश्वर रस्तोगी, विनीत जयसवाल, देवेश अवस्थी, मनीष पाठक, बंशीधर पाठक, नरेश महरोत्रा, जानकीपुरी, जय पाठक सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित कर प्रसाद वितरण



रामपुर मथुरा में भण्डारे के दौरान प्रसाद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर,अमृत विचार :** ग्राम सोहरिया में विनय चौहान द्वारा हनुमान चित्र स्थापित कर धूप अगरबत्ती लगाकर रेउसा ब्लाक प्रमुख मंजू चौहान अवधेश चौहान, प्रधान कैलाश चौहान,कमल सिंह,धनीराम चौहान, अर्जुन चौहान ने पूड़ी सब्जी प्रसाद का वितरण किया। रामपुर मथुरा कस्बे में संगत तिराहे पर स्थित हनुमान मंदिर पर रवि प्रधान द्वारा छोला चावल का वितरण किया गया। रिशू मेडिकल स्टोर संचालक अवधेश सिंह द्वारा थाना परिसर के सामने शरबत का वितरण किया गया। इस मौके पर दिलकेश यादव, उमेश, हृदय नारायण दीक्षित, पल्टू राम, कल्लू शुक्ला, गुड्डू शुक्ला, लकी गुप्ता आदि लोगों ने प्रसाद वितरण में सहयोग प्रदान किया।

### आरएसएस से मनाया हिन्दू साम्राज्य दिवस

**मिश्रिख (सीतापुर),अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मिश्रिख खंड द्वारा हिन्दू साम्राज्य दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया और छत्रपति शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजकुमार तिवारी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक पराक्रमी योद्धा नहीं थे, बल्कि वे हिन्दू समाज के आदर्श शासक थे, जिन्होंने धर्म, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। कार्यक्रम में विभाग संघचालक डॉ. हरिपाल सिंह, करुणा शंकर, यज्ञदत्त, चन्द्रकिशोर, सूर्यप्रताप, वेद, आशीष, सौरभ, दिलीप, पंकज, दिव्यांश समेत कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### अप्रशिक्षित दाई ने जबरन कराई रही प्रसव, आशा ने की शिकायत

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** अप्रशिक्षित दाइयों द्वारा प्रसव कराए जाने के मामले में आशाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को पत्र देकर अप्रशिक्षित दाई के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की। बता दें कि ग्राम टांडा खुर्द में कार्यरत आशा आरती देवी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी ग्राम सभा टांडा कलां में एक अप्रशिक्षित दाई गांव में आए दिन घर पर ही असुरक्षित प्रसव करवा रही है। जिससे जच्चा और बच्चा दोनों की जान के खतरे की संभावना होती है। लोगों को बहला फुसलाकर व्यक्तिगत रूप से भ्रमित कर प्रसव कराने पर विवश करती है। आशा का दावा है कि विगत 20 मई को इसी अप्रशिक्षित दाई ने क्षेत्र की रामगुनी को एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर सीजर ऑपरेशन करवाया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि आशा द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र मिला है, जांच कर अप्रशिक्षित दाई के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**बैठक**

**पंचायतों में बुनियादी ढांचा, पुस्तकालय, आवास, एवं योगाभ्यास कार्यक्रमों को समय से पूर्ण करने पर दिया जोर**

# विकास भवन कंट्रोल रूम से जोड़ी जाएं गौशालाएं : जिलाधिकारी

संवाददाता सीतापुर

- जिलाधिकारी ने विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश
- बोले- गत 5 माह में जिन पंचायत सचिवों ने मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी नहीं किए, उन्हें जारी करें नोटिस

अमृत विचार : जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जनपद के सभी विकास खंडों के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा की गई। कहा कि सभी गौआश्रय स्थल के सीसीटीवी कैमरे विकास भवन कंट्रोल रूम से जोड़े जाए, ताकि स्थितियां स्पष्ट हो सकें।

गौआश्रय स्थल सहित अन्य विकास कार्यों की जिलाधिकारी अभिषेक आंनद समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गौआश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे चालू कर उन्हें विकास भवन स्थित कंट्रोल रूम से जोड़ा जाए। साप्ताहिक निगरानी के साथ गौआश्रय स्थलों की समीक्षा भी जानी आवश्यक है। जिन स्थानों पर समस्याएं सामने आएंगी, वहां स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित भी आवश्यक है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण को गुणवत्ता सहित समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने और विद्यालयों में कायाकल्प योजनाओं के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने टाइड एवं अनटाइड ग्रांट की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को समय से पूरा करने पर भी विशेष बल दिया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व अन्य। अमृत विचार

**फिर उठा सरायन नदी पुनरुद्धार का मामला :** डीएम ने सरायन नदी के पुनरुद्धार कार्यों की भी गहन समीक्षा की गई। उन्होंने ने निर्देश दिए कि जिन कार्यों की शुरुआत नहीं हो सकी है, उन्हें तुरंत प्रारंभ किया जाए। नदी के इर्द-गिर्द के अतिक्रमण को हटाया जाए। पुलिस क्षेत्राधिकारियों से समय-समय पर मदद ली जाए।

**प्रमाण पत्र न देने वाले सचिवों के विरुद्ध जारी की जाए नोटिस :** जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित हाइटेक लाइब्रेरियों में निर्धारित मानकों के अनुसार पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। साथ ही, जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्रों को समय से जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि गत 5 माह में जिन पंचायत सचिवों ने कोई मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया है, उन्हें नोटिस जारी किया जाए।

# ज्येष्ठ के मंगल पर जगह-जगह भंडारे, भक्तों की उमड़ी भीड़

## हनुमान मंदिरों में देर शाम तक दर्शनों के लिए लगा रहा भक्तों का तांता


प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु। अमृत विचार


कन्या पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण करतीं कन्याएं। अमृत विचार


भंडारे में प्रसाद वितरण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, शुकुलबाजार अमेठी

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगलवार को शुकुलबाजार में कन्या पूजन के साथ साथ कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। महावीरन मंदिर समेत कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन कर प्रसाद चढ़ाया और भंडारों का आयोजन किया।

कस्बे के रुदौली रोड स्थित देवेंद्र बाजपेयी के अगुवाई में बाजपेयी परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। थाना गेट के समाने ओम सिंह द्वारा व्यापारियो के सहयोग से कढ़ी-चावल का भंडारा किया गया। हुसैनपुर के प्राथमिक विद्यालय के पास प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा की अगुवाई में पूड़ी-सब्जी खीर इत्यादि का वितरण किया गया। क्षेत्र के कार्यक्रम में विधायक सुरेश पासी ने भी हिस्सा लिया। पूरे क्षेत्र में भजन-कीर्तन व धार्मिक गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। भक्तों और सामाजिक संगठनों की ओर से गायत्री नगर, कटरा, जैनबगंज, मवैया, तिवारीपुर, साईगंज सहित कई जगहों पर शरबत, छोले-चावल, पूड़ी-सब्जी, हलवा, बूंदी आदि का वितरण किया गया। बूंदी कार्यक्रम में सुरेन्द्र बाजपेई, जितेंद्र बाजपेई, राजेंद्र बाजपेई, भगवान कौशल ओम सिंह आदि उपस्थित रहे।

फुरसतगंज प्रतिनिधि के अनुसार, बड़े मंगलवार को नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक प्रसाद एवं शरबत कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। पंजाब नेशनल बैंक के सामने कच्छवाह मेडिकल पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने हलवा, पूड़ी सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया, वहीं कस्बे में शिव कुमार सिंह मार्केट में भी भंडारा हुआ जिसमें निर्भय कौशल, रमेश जायसवाल ने सहयोग किया। कस्बे में 11 स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। प्रिंस सिंह कच्छवाह जितेंद्र सिंह आदि ने सहयोग किया।

मुसाफिरखाना प्रतिनिधि के अनुसार, कस्बे में भंडारे के आयोजन से पहले बजरंगबली की पूजा अर्चना की गई। इसमें संजय जयसवाल, राहुल कौशल विद्यार्थी, दिनेश कौशल, रामधीरज कौशल, अंशु खत्री, रामजी टंडन, ऋषभ कौशल, विभांशु कौशल, आशीष कौशल, लोचन कौशल , प्रिंस, आशुतोष, रितेश आदि शामिल रहे। पूरे नगर में जगह-जगह सुंदरकांड पाठ व अनुष्ठान किए गए। लोगों ने भंडारों में प्रसाद ग्रहण किया। इंटर कॉलेज के सामने दुर्गेश शुक्ला ने कढ़ी चावल वितरित किया। जिसमें गिरीश पांडे, मोंटी, ऋषभ टंडन, अंकित चौरसिया, हरिओम छोटू आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### समर कैंप में बीईओ ने ली बच्चों से जानकारी


समर कैंप में उपस्थित बीईओ एवं छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

अमेठी अमृत विचार। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में मंगलवार को समर कैंप के पहले सत्र में प्रार्थना के बाद योगासन और प्राणायाम हुआ। बच्चों ने कबड्डी, वालीबाल और बैडमिंटन के खेल खेले। द्वितीय सत्र में लोकगीत, समूहगान और लोक नृत्य हुआ। प्रशिक्षक लालती देवी और कौशलेंद्र सिंह के साथ ए आर पी चिंतामणि भी उपस्थित रहे। समापन सत्र में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के बाद खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने बच्चों से समर कैंप की जानकारी ली। अंइस अवसर पर दिनेश यादव क्वालिटी कोआर्डिनेटर, घनश्याम, रिपु मौर्य, सीता देवी, धनपती ,सोनम आदि मौजूद रहे।

### आगामी चुनावों को लेकर सपा में मंथन तेज

**अमेठी अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी आगामी विधानसभा और पंचायत चुनाव को लेकर सक्रिय हो गई है। इसी कड़ी में 11 जून को 11 बजे पार्टी के जिला कार्यालय, गौरीगंज में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता सपा के जिला संगठन प्रभारी पनभारी यादव करेंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष सभी ब्लॉक अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सदस्य, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी, नगर कार्यकारिणी, पूर्व अध्यक्षगण, जिला पंचायत सदस्य, पूर्व सांसद, तथा वर्तमान और पूर्व विधायक शामिल होंगे। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजेश मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में आगामी विधानसभा और पंचायत चुनाव को लेकर संगठन की रणनीति पर मंथन किया जाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, मचा कोहराम

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत होने से हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे की है। पूरे सुखई निवासी रिंकू पुत्र नन्हें (25) का शव घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा उसे आनन-फानन पास के एक निजी नर्सिंग होम ले लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां जगराना का कहना है कि उसके बेटे रिंकू का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। लगभग छह माह से उसका इलाज एम्स रायबरेली से चल रहा था। मंगलवार सुबह से ही रिंकू के सर में तेज़ दर्द था, तो वह घर के कमरे में चला गया। एक घंटे बाद पता चला कि उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव ने बताया कि मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो पलटा, बालिका की मौत

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव के मोड़ के पास ट्रैक्टर ने ऑटो में टक्कर मार दिया। जिसमें ऑटो पर बैठी बालिका की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मंगलवार को ब्रह्म भोज में शामिल होने जा रही राधिका व शुभी निवासी उखहरा अपने नाना झूरी के साथ बालेपुर के ब्रह्मभोज में शामिल होने ऑटो से जा रही थी, तभी शंकरपुर गांव के मोड़ के पास गांव की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ऑटो में टक्कर मार दिया। जिससे ऑटो पलट गया और उस पर बैठी राधिका (10 ) की मौके पर मौत हो गई। घायल शुभी को आनन-फानन जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है। इस बाबत कार्यवाहक थानेदार जीशान शाहिद ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है। ट्रैक्टर व आटो को हिरासत में लिया गया है। तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया जाएगा।

### ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ समापन

**बछरावां, रायबरेली ,अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय सुदौली में आयोजित 20


समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि।

दिवसीय ग्रीष्मकालीन आनंदोत्सव समर कैंप का 10 जून 2025 को समापन हो गया। शिविर में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित और प्रेरक वातावरण प्रदान करना था, जहां वे अपनी छिपी प्रतिभाओं को निखार सकें और नए कौशल सीख सकें। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। जिनमें प्रमुख गतिविधियों जैसे नृत्य, संगीत, चित्रकला, योग, कराटे, इनडोर , आउटडोर खेल, कंप्यूटर कोडिंग, करके सीखना, भारतीय भाषा उत्सव, कहानी लेखन और पर्यावरण जागरूकता शामिल थे। प्रत्येक गतिविधि को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किया गया। समापन समारोह में बच्चों ने बीते 20 दिवस में सीखी गई कलाओं और कौशलों का मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अनिल कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### राम विजय के साथ संगीतमय रामकथा का समापन

**रायबरेली, अमृत विचार।** आस्तिक देव मंदिर लालूपुर खास गंगागंज में चल रही संगीत में नवदिवसीय श्रीराम कथा के समापन दिवस में कथा वाचक कृष्ण कुमार शास्त्री ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। उन्होंने बताया कि लंका विध्वंस रावण की मृत्यु के बाद श्रीराम जी ने सभी बंदर भालू को अपने पुष्पक विमान में बिठाकर अयोध्या ले जाते और अपनी सेना से गुरुदेव भगवान का परिचय कराते हैं। गुरू वशिष्ठ कुल पूज्य हमारे ईनकी कृपा दनुज रन मारे इसके बाद बड़े ही सुंदर ढंग से भक्ति कैसे प्राप्त हो हमारे मानव जीवन का उद्धार कैसे हो शिवाष्टक का भूसुंडी की कथा इत्यादि बड़े मार्मिक ढंग से सुनाई। उन्होंने समस्त ग्राम वासी को मंगल कामनाएं शुभाशीष प्रदान किया। विशेष सहयोग के रूप में लखनऊ से आए राजन त्रिवेदी उनकी धर्मपत्नी रश्मि त्रिवेदी ने शास्त्री जी को सम्मानित किया। ग्राम प्रधान ने शास्त्री जी का आभार व्यक्त किया और पुन: उन्हें राम कथा श्रवण कराने के लिए आमंत्रण भी दिया। तबले पर संगत करने वाले निमिष शर्मा, हरचंदपुर आर्गन पर अमेठी जनपद के संतोष ने राम कथा को संगीत मय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सहजानंद महाराज उनकी धर्मपत्नी अलका उपाध्याय ने गुरुदेव को सम्मानित किया।

## एक नजर

### करंट लगने से किशोरी घायल

**संग्रामपुर अमेठी :** ग्राम कसारा निवासी मालती (16) पुत्री हरिशंकर सोमवार दोपहर अपने घर में पंखा चलाने के लिए उसका तार बोर्ड के प्लग में लगा रही थी। इसी दौरान तार में कहीं से कट होने से उसे करंट लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर पहुँचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया।

### इंटौरी गौशाला में धूप में तड़प रही बीमार गाय

संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार। विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र के ग्राम सभा इंटौरी में संचालित अस्थाई गौशाला में बीमार गाय तपती धूप में तड़पती दिखाई दी। बीमार गाय के लिए शासन प्रशासन द्वारा कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। ऐसे ही कुछ दिन पहले क्षेत्र के सरैया कनू गौशाला में धूप से तड़प कर एक गाय की मृत्यु हो गई थी। लेकिन उच्च अधिकारियों द्वारा मामले का लीपापोती कर दी गई थी।

# मेडिकल स्टोर प्रतिबंधित दवा न बेंचे: डीएम

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में नशीले पदार्थ की खेती एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक करते डीएम। अमृत विचार

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण अथवा संचय नहीं होने देने को पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये। मीटिंग में जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने को कहा। एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाने हेतु न्यायालय में प्रभावी पैरवी किये जाने का भी निर्देश दिया गया। जनपद के स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने को हरसंभव प्रयास करने को कहा। कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। मेडिकल स्टोर पर कोई भी प्रतिबंधित दवा न बिकने पाए। इसके लिए सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने को कहा। कृषि विभाग को निर्देश दिए कि कहीं पर भी नशे की खेती न होने पाए इस पर निगरानी रखें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश आर्य पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# 71 युवाओं का विभिन्न कंपनियों में हुआ चयन


आईटीआई कॉलेज में मौजूद कई कंपनियों के मैनेजर। अमृत विचार

**तिलोई अमेठी, अमृत विचार।** डीबीएस निजी आईटीआई तिलोई में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई गौरीगंज की मदद से रोजगार मेले एवं करियर काउन्सलिंग का आयोजन किया गया। मेले में कुल 173 युवाओं ने भाग लिया जिसमें 71 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईटीआई के प्रबंधक संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में राजकीय आईटीआई के प्लेसमेंट प्रभारी अजय कुमार सिंह एवं राजकीय आईटीआई तिलोई के प्रभारी संजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने अभ्यर्थियों को विविध करियर विकल्पों व स्वरोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 2 कंपनियों ने प्रतिभाग किया जिसमे एजी इंटरप्राइजेज में 43, ब्राइट फ्युचर में 28 युवाओं का चयन किया गया।

# प्रधानपति के अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

**संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी ,अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के इंदरिया गांव में प्रधानपति द्वारा सरकारी तालाब की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया। महिला ग्रामप्रधान नंद कुमारी के पति भाई लाल द्वारा इंदरिया गांव स्थित सरकारी तालाब किए गए इस अतिक्रमण पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने बुलडोजर चलवाया। इस पर अवैध रूप से बाउंड्रीवॉल बना दी गई थी। जैसे ही प्रशासन को इसकी सूचना मिली, राजस्व टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की सहायता से पूरी दीवार को ध्वस्त कर दिया।


तालाब पर अतिक्रमण हटाती जेसीबी एवं मौजूद राजस्व व पुलिस प्रशासन।

अभियान के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। कार्रवाई से पहले ग्राम प्रधान के पति को फोन पर सूचना दी गई, लेकिन वह मौके पर नहीं पहुंचे। प्रशासन ने मौके की स्थिति का स्पॉट मेमो तैयार कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है। वहीं, कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों से हस्ताक्षर लेकर प्रक्रिया को कानूनी रूप दिया गया।

# कृषि गोष्ठी में दी उन्नत खेती की जानकारी

**संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को ठेंगहा बीज भंडार पर कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रचार प्रसार के अभाव में किसानों की भीड़ नहीं जुटी, जिससे कुर्सियां खाली रही। कार्यक्रम में कृषि विद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार ने मौजूद किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों से अवगत कराया। बीज भंडार प्रभारी राम केदार निषाद ने संचालन किया। डॉ. प्रमोद कुमार ने किसानों से आह्वान किया कि वे पारंपरिक खेती के बजाय उद्यानिकी खेती अपनाएं, जिससे कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त हो सके। आकाश वर्मा प्राविधिक सहायक कृषि, राम केदार प्रभारी, बीज भंडार केंद्र, संग्रामपुर, चंदिका उपाध्याय प्राविधिक सहायक ग्रुप-डी, प्रदीप पांडेय कृषि रक्षा क्षेत्र प्रचारक मौजूद रहे।


फोटो संख्या 308 कृषि गोष्ठी में खाली कुर्सियां।

# पुलिस चौकी के लिए भूमि चिह्नीकरण कर किया गया शिलान्यास


पुलिस चौकी के लिए भूमि पूजन करते कोटवा मोहम्मदाबाद ग्राम प्रधान अरुण कुमार सिंह।

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** पुलिस चौकी बनाने के लिए मंगलवार को महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बॉर्डर के गांव कोटवा मोहम्मदाबाद के नजदीक जमीन का चिन्हीकरण कर हवन पूजन कर शिलान्यास किया गया। बताते चले कि क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव की अगुवाई में हलोर कोटवा मोहम्मदाबाद संपर्क मार्ग पर माझिगांव नहर पुल के पास पुलिस चौकी का शिलान्यास किया गय। इस मौके पर एसआई सुनील सिंह चौहान, दीवान ज्ञानेंद्र तिवारी, आरक्षी कुन्दन यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान कोटवा मोहम्मदाबाद अरुण कुमार उर्फ दद्दू सिंह, अनुराग चौधरी, ग्राम प्रधान जमुरावा शिवप्रसाद यादव, ग्राम प्रधान माझिगांव, दिलीप तिवारी ग्राम प्रधान हिलहा, अंजनी कुमार गुप्ता ग्राम प्रधान जमोलिया सहित क्षेत्र के सैकड़ो संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षण कक्ष व पुस्तकालय के निर्माण के लिए की गई भूमि पूजा

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** श्री भगवती विद्यालय इंटर कालेज मुरारमऊ में आज पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में प्रोजेक्ट योजनान्तर्गत तीन शिक्षण कक्ष एवं एक पुस्तकालय के निर्माण हेतु भूमि पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित थे।


श्री भगवती विद्यालय इंटर कालेज मुरारमऊ में भूमि पूजा करते लोग।

प्रबंधक महेश प्रताप सिंह ने कहा कि वे इस विद्यालय के छात्र रहे हैं और छात्र जीवन से ही वे विद्यालय के विकास के प्रति उत्सुक रहे हैं अब जब प्रबंधक हैं तो उसी विकास के सपने को पूरा करने के लिए आगे बढ़ रहे है। भूमि पूजन के इस कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष ओंकार नाथ तिवारी, कोषाध्यक्ष गौरी शंकर त्रिवेदी, राजा दुर्गा बख्श सिंह, अरुण कुमार अवस्थी, अशोक कुमार त्रिवेदी, राम बरन सिंह, चेतन शुक्ल, प्रधानाचार्य सतेंद्र कुमार, पूर्व प्रधानाचार्य ओम प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व प्रधानाचार्य रमा शंकर मिश्र, शिक्षक अरविंद कुमार पांडेय, अगम सिंह, अनिकेत कुमार गौतम, विंदा प्रसाद, राजीव कुमार, अनुराग द्विवेदी, राधेश्याम, दिलीप कुमार, श्रीकांत, निरंजन कुमार सिंह, मनोज कुमार, संजय कुमार, संत लाल, रजोले, सुशील कुमार आदि सभी लोग उपस्थित रहे।

# हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

**संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार।** अमेठी जिले के थाना रामगंज के चौकी रामगंज क्षेत्र में अयोध्या-सुल्तानपुर मार्ग त्रिशुंडी के पास थाना संग्रामपुर क्षेत्र के भवसिंहपुर निवास विकास सिंह (20) पुत्र केदारनाथ सिंह को 3 जून की रात बोलेरो ने टक्कर मार दी थी। उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। लखनऊ में उपचार के दौरान मंगलवार को विकास ने दम तोड़ दिया। विकास परिवार में सबसे बड़ा था। उसके पिता खेती किसानी करते हैं।


केदारनाथ सिंह (फाइल फोटो)।

# वैश्विक ज्ञान, संस्कृति के संस्कार और चरित्र की त्रिवेणी है शिक्षक

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे प्रधानाचार्य पुनश्चर्या वर्ग एवं नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का 10 दिवसीय वर्ग का समापन समारोह आयोजित किया गया। मंचासीन अधिकारियों का परिचय सीतापुर के संभाग निरीक्षक सुरेश सिंह द्वारा कराया गया। मुख्य अतिथि यतीन्द्र शर्मा अखिल भारतीय सहसंगठन मंत्री को विद्यालय के प्रबन्धक विमल तलरेजा ने अंगवस्त्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया।

अध्यक्षता कर रहे विभाग संघ चालक रायबरेली अमरेश और अवध प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह का स्वागत किया गया।


गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

प्रशिक्षण में आये हुए सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं के बारे में रामजी सिंह द्वारा जानकारी दी गई। विभाग संघ चालक अमरेश बहादुर ने कहा कि आप अच्छे कार्य और यश प्राप्त करें और विद्याभारती की रीति-नीति से परिचित होकर छात्र-छात्राओं को परिचित करायें। इस दौरान कुछ अध्यापकों ने वर्ग का अनुभव सुनाया। इसमें स्वामीनाथ, शालिनी श्रीवास्तव, लक्ष्मी शंकर दुबे आदि ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि यतीन्द्र ने अपने उद्बोधन में सभी प्रशिक्षकों को बताया कि शिक्षा ऐसा विषय है जो जीवन पर्यंत चलता है। वैश्विक ज्ञान को अर्जित करें और शिक्षक वैश्विक ज्ञान, संस्कृति के संस्कार एवं चरित्र की त्रिवेणी है। इसके आधार पर हम अच्छा देशभक्त भी तैयार करें। शिक्षा के माध्यम से हम समाज एवं विचार में परिवर्तन करे। विद्याभारती स्वर्ण जयंती मनाने जा रही है। चार प्रकार का बोध हिन्दुत्वनिष्ठ, का निर्माण, देश बोध, संस्कृति बोध एवं अध्यात्म बोध कराना, वैचारिक भ्रम को दूर करना, मात्र भाषा का विकास करना। शिक्षक को चाहिए कि भारतीय ज्ञान परम्परा को प्रसारित करता रहे और जीवन की पारदर्शिता बनी रहे। हम सभी को ईश्वरचन्द्र विद्यासागर एवं भगिनी निवेदिता के आदर्शों पर चलना चाहिए। राष्ट्र का पुनर्निर्माण करना चाहिए। गर्व करने वाली पीढ़ी का निर्माण करना और वह देश को जाने, माने ऐसा विचार करना चाहिए। आभार प्रदर्शन साकेत विभाग सम्भाग निरीक्षक अवरीश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित उत्तम कुमार मिश्र, अवधेश एवं कार्यक्रम का संचालन रामनिवास ने किया। सह व्यवस्था प्रमुख अंजनी कुमार बाजपेयी, राजेश वर्मा, सुनील बाजपेयी, सत्यप्रकाश द्विवेदी, मीडिया प्रभारी बाबुल नाथ दुबे मौजूद रहे।

# रायबरेली पहुंचे ऑपरेशन सिन्दूर के सैनिक का हुआ जोरदार स्वागत

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** ऑपरेशन सिन्दूर में शामिल रहे रायबरेली के सैनिक का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ है। रायबरेली का यह सैनिक एक पाकिस्तानी ड्रोन अटैक में ज़ख्मी हुआ था। स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद जवान अपने गृह जनपद पहुंचा तो सीओ सदर उनके सम्मान में रेलवे स्टेशन पहुंचे और ट्रेन से खुद उन्हें रिसीव किया।


रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन सिन्दूर के सैनिक का स्वागत करते पुलिस अधिकारी व अन्य।

जगतपुर थाना इलाके के रहने वाले भूपेंद्र बाजपेयी बीएसएफ की सेवेंथ बटालियन में कांस्टेबल ट्रेड्समैन के पद पर हैं। फिलहाल इनकी तैनाती भारत पाकिस्तान की सीमा पर जम्मू में है। ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भी इनकी वहीं तैनाती रही है। ऑपरेशन सिन्दूर में शामिल रहे भूपेंद्र बाजपेयी उस समय ज़ख्मी हुए थे जब पाकिस्तान की सीमा से आये ड्रोन को इन्होने नष्ट किया था। ड्रोन को वीरता के साथ नष्ट तो कर दिया था, लेकिन भूपेंद्र स्वयं घायल हो गए थे। अब जबकि भूपेंद्र स्वास्थ्य लाभ ले चुके है तब जम्मू से सुबह यहां पहुंचे तो सीओ सदर अमित सिंह उनके सम्मान में अपनी टीम के साथ उन्हें रिसीव करने पहुंचे। इतना ही नहीं, यहां बीएसएफ जवान को रिसीव करने के बाद उनके पैतृक गांव तक पुलिस की टीम उन्हें छोड़ने भी गई।

# सुन लो मेरी पुकार, पवन सुत विनती बारम्बार...

## ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगल पर जिले भर में भंडारों की धूम, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



राही ब्लाक के सेमरा गांव में प्रसाद वितरण करते प्रधान प्रतिनिधि चंदन सिंह व अन्य।



मां अम्बिका देवी मंदिर परिसर में छोला-चावल का वितरण करते भाजपा नेता अजय सिंह।



ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर केक काटते एसडीएम सलोन।



भंडारे में प्रसाद वितरित करते उपजिलाधिकारी सचिन यादव।



भंडारे में प्रसाद वितरित करते पूर्व चेयरमैन प्रमोद गुप्ता और जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता। अमृत विचार



भगवान बजरंगबली और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर पूरा जिला बजरंग बली की आस्था में डूब गया। तड़के से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। शहर के अभयदाता मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर समेत सभी प्रमुख मंदिरों में लोगों ने पूजा अर्चना की। वहीं जगह-जगह भंडारा का आयोजन हुआ। पूड़ी, सब्जी, छोला, चावल तो कहीं पर आइस्क्रीम आदि का वितरण किया गया। शहर के गोरा बाजार स्थित मां अम्बिका देवी मंदिर में भाजपा नेता अजय सिंह उर्फ सोनू की देखरेख में भंडारा हुआ। वहीं पीएसी के निकट विनय जायसवाल ने छोला, चावल, रायता, नुक्ती आदि का वितरण किया। राही ब्लॉक क्षेत्र के सेमरा गांव में प्रधान प्रतिनिधि चन्दन सिंह की अगुवाई में पूड़ी, सब्जी का वितरण हुआ। इस मौके पर विनीत सिंह, राजू सिंह, राहुल तिवारी, पप्पू यादव आदि मौजूद रहे।

सलोन में तहसील परिषद के सामने उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम के द्वारा भंडारे का आयोजन कराया गया। यूपी ग्रामीण बैंक एवं व्यापारियों ने गणपत किराना स्टोर के सामने प्रसाद वितरण किया। विद्युत विभाग द्वारा भंडारे में आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद भक्तों ने बजरंगबली के प्रसाद को माथे लगाकर ग्रहण किया। बाबा माधवदास मंदिर में सुंदरकांड का पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। ऊंचाहार रोड में भंडारे में लोग उमड़े रहे। यूपी ग्रामीण बैंक मैनेजर अतुल बसन राव जादव, विनोद सिंह, चित्रांश शर्मा, ऋषभ प्रताप सिंह, शशांक मिश्रा, दामिनी आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भंडारे की धूम, खूब लगे जयकारे

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लालगंज क्षेत्र के हर गली, चौराहे में भगवान बजरंगबली के भजन गुंजायमान रहे। मान्यताओं के अनुसार, ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवार को भगवान हनुमान जी ने पहली बार भगवान राम से भेंट की थी, जिसे 'बुढ़वा मंगल' कहा जाता है। गोविंदपुर वलौली में आरएसएस के धर्म जागरण जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला एवं मीना शुक्ला, शिवांशी शुक्ला, कीर्ति शुक्ला के द्वारा शर्बत प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर शिक्षक देवेश अग्निहोत्री, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, रोहित सोनी, मृत्युंजय बाजपेई, अतुल त्रिपाठी, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, शिवम गुप्ता, प्रवीण सिंह, कौशलेंद्र कंचन, राजन अवस्थी, सतीश पटवा, चंदन बाजपेई, नीलेश शुक्ला, गौरव बाजपेई, ओमी शुक्ला आदि मौजूद रहे। आदर्श नगर में बिजली विभाग के एसएसओ जेपी तिवारी, लालगंज के तिकोना पार्क पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, शीलू त्रिवेदी, शिवम गुप्ता आदि के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। पावर हाउस के सामने शिव पुस्तक भंडार परिसर में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सतीश त्रिवेदी, राजन त्रिवेदी, धीरू त्रिवेदी, प्रिंस गुप्ता आदि मौजूद रहे। सुरेश गुप्ता, सुशील गुप्ता के द्वारा भी बजरंगबली के मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया इसी तरह ऊंचाहार नगर के मुख्य चौराहा स्थित हनुमान मंदिर के सामने पूर्व चेयरमैन प्रमोद गुप्ता ने विशाल भंडारा आयोजित किया। जिसका शुभारंभ बौद्धिक विचार मंच के संयोजक रतिपाल शुक्ल ने हनुमान जी की पूजा अर्चना करके की। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता, पूर्व प्रधान लालचंद कौशल, फूलचंद्र साहू, राधेश्याम सोनी आदि मौजूद रहे। उधर नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष बाबा जान सिंह द्वारा देव गेस्ट हाउस में भंडारा आयोजित किया गया। पारस नाथ पांडेय, कनक बिहारी सिंह, पूर्व प्रधान दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे। कोतवाली परिसर में उपनिरीक्षक करुणा शंकर तिवारी द्वारा भंडारा आयोजित किया गया। अरखा गांव में भाजपा नेता राजा जितेंद्र सिंह, एनटीपीसी रोड स्थित बीजी कांवेंट पब्लिक स्कूल के सामने प्रबंधक विकास गुप्ता द्वारा भंडारा आयोजित किया गया।

### पूड़ी-सब्जी, तो कहीं चना, बूंदी और शर्बत

**महराजगंज, रायबरेली।** जेष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल पर क्षेत्र में हर तरफ बजरंग बली के जयकारों संग भंडारों का दौर देर शाम तक चलता रहा। भीषण गर्मी और तपती धूप के बावजूद दोपहर में भी मंदिरों में भीड़ देखी गई। महराजगंज मुख्य तिराहे पर स्थित पुलिस चौकी पर साईं नाथ सेवा समिति व प्रेस क्लब के सहयोग से आयोजित हनुमान हनुमान भंडारे में उपजिलाधिकारी सचिन यादव ने हवन पूजन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। मोन चौराहा, कैर चौराहा, ब्लाक परिसर में ग्राम विकास अधिकारी वैभव मिश्रा, मुख्य चौराहे पर सचिन त्रिपाठी, मोन चौराहे पर मिंटू महराज ने प्रसाद वितरण किया। गांवों में भी जगह-जगह नुक्कड़ों पर लोगों ने स्टाल लगाकर शर्बत और बूंदी प्रसाद भी वितरित किया।

### सुंदरकांड तो कहीं हनुमान चालीसा का पाठ

**सरेनी, रायबरेली।** ज्येष्ठ माह अंतिम बड़े मंगल पर दुधवन गांव में समाजसेवी रामेन्द्र सिंह ने सुन्दरकांड के पाठ के उपरांत पूड़ी, सब्जी, बूंदी व फल वितरित किया। भंडारे की व्यवस्था में विपिन सिंह का सहयोग सराहनीय रहा। सरेनी बाजार में राजू तिवारी, करन सिंह व बचई सिंह ने चावल, पूड़ी, बूंदी व हलवे का प्रसाद वितरित किा। क्षमा गैस एजेंसी लखनापुर में तहरी व बूंदी का प्रसाद बांटा गया। आनंद लोधी ने पूड़ी सब्जी, लखनापुर के शनिदेव मंदिर और साहू ब्रिक फील्ड लखनापुर की ओर से शर्बत पिलाया गया। सरेनी में रघुवीर सिंह की ओर से छोला, चावल व बूंदी, मुरारमऊ सुशील वर्मा व मोनू यादव ने सब्जी, पूड़ी व बूंदी का प्रसाद बंटवाया।

### जगह-जगह भंडारों का आयोजन

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर चुरूवा हनुमान मंदिर, शिवगढ़ रोड, लखनऊ रोड एवं रायबरेली रोड पर जय मां वैष्णो ग्रुप ओमनगर द्वारा जलपान एवं शर्बत वितरण किया गया। इस मौके पर अंकुश सोनी, सनी गुप्ता, आशीष, श्यामलाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### समर कैम्प में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



कम्पोजिट विद्यालय गूढ़ा में बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि, मौजूद अन्य।

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय गूढ़ा में आयोजित समर कैम्प के अन्तिम दिन विभिन्न प्रकार के सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल मिश्रा रहे। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अनिता ने बताया कि समर कैंप में पेंटिंग प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, क्लॉथ पेंटिंग, ट्राई डाई पेंटिंग, स्टैंसिल पेंटिंग, क्विज, मेहंदी प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा पौधरोपण किया गया। खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा कंपोजिट विद्यालय दहिगवां, कम्पोजिट विद्यालय कुम्हरावां, कम्पोजिट विद्यालय गुमावां पहुंचकर समर कैंप का निरीक्षण करते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर शिक्षामित्र शिवदुलारी, अनुदेशक रश्मि, रसोईया लज्जावती, उर्मिला देवी, रवि शंकर, किशोरी देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

### बीईओ ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित



समर कैम्प में बच्चों को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के रामपुर कला में आयोजित समर कैंप के अंतिम दिन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने कार्यक्रम में बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावां उन्होंने विद्यालयों का निरीक्षण भी किया। समर कैंप में पठन-पाठन के साथ-साथ बच्चे खेल-कूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया।

### बीईओ ने छात्राओं व अभिभावकों से किया संवाद



पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय टीसाखानापुर में अभिभावकों से संवाद करते खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव।

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** समर कैंप के अंतिम दिन मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने पूरे बरियार सिंह, टीसाखानापुर, मोन व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महराजगंज सहित कई विद्यालयों में पहुंचकर छात्राओं व अभिभावकों से संवाद किया। इस दौरान समर कैंप के उद्देश्यों पर चर्चा की गई। बीईओ ने बताया कि शासन द्वारा आयोजित इस वर्ष के समर कैंप में प्रतिभाग कर बच्चों ने छुट्टियों को रचनात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों के साथ बिताया। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित और प्रेरक वातावरण प्रदान करने के साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को निखारकर नए कौशल को विकसित करना है। क्षेत्र के परिषदीय व इण्टर कालेज में आयोजित समर कैंप के दौरान छात्र छात्राओं ने नृत्य, संगीत, चित्रकला, योगाभ्यास, कराटे, इनडोर, आउटडोर खेल के अलावा कंप्यूटर कोडिंग, करके सीखना, भारतीय भाषा उत्सव, कहानी लेखन और पर्यावरण जागरूकता जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से रोचकता के साथ ज्ञानार्जन किया। समर कैंपों का संचालन कर रहे अनुदेशक व शिक्षा मित्रों ने बेहतर प्रदर्शन कर छात्रों में नवीन कौशल विकसित किए। विकास खण्ड के बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच विद्यालयों के अनुदेशकों व शिक्षा मित्रों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

### बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाया जलवा



कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चे। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में 21 मई से 10 जून तक संचालित समर कैंप के आज अंतिम दिवस में ब्लॉक के विद्यालयों में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया। अशोक और प्रबंध समिति के सदस्यों की मौजूदगी में अंतिम दिवस पर बच्चों ने समर कैंप के मंच पर सीखे हुए कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चो ने विद्यालयों में समर कैंप में डांस, मेहंदी, सिलाई, कढ़ाई योग, सेल्फ डिफेंस, रंगोली आदि विभिन्न तरीके के क्रियाकलापों में प्रतिभाग किया। बच्चों को कई तरह का प्रशिक्षण दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के अंदर रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास किया जाना था। सांस्कृतिक समझ, पर्यावरण जागरुकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी बच्चों के अंदर विकसित की जानी थी। समुदाय के संबंधों को भी सशक्त किया जाना था। इस मौके पर आशीष प्रताप सिंह सेंगर आदि लोग मौजूद रहे।

### बच्चों ने अभिभावकों से साझा किएअनुभव



कंपोजिट विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते स्कूली बच्चे।

**सेमरी, रायबरेली, अमृत विचार।** समर कैंप के अनुभवों को बच्चों ने अपने अभिभावकों के संग साझा किया है। उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय रमुवापुर दुबाई में 21 मई से 10 जून तक संचालित समर कैंप के आज अंतिम दिवस में विद्यालय में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों व विद्यालय प्रबंध समिति रमुवापुर दुबाई के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया। प्रबंध समिति के सदस्यों की मौजूदगी में अंतिम दिवस पर बच्चों ने समर कैंप के मंच पर सीखे हुए कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चो ने विद्यालय में समर कैंप में डांस, मेहंदी, सिलाई, कढ़ाई योग, सेल्फ डिफेंस, रंगोली आदि विभिन्न तरीके के क्रियाकलापों में प्रतिभाग किया। बच्चों को कई तरह का प्रशिक्षण दिया गया। गांव के समाजसेवी मुकेश तिवारी ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के अंदर रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास किया जाना था। सांस्कृतिक समझ, पर्यावरण जागरुकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी बच्चों के अंदर विकसित की जानी थी। समुदाय के संबंधों को भी सशक्त किया जाना था। इस अवसर पर शिक्षिका विनीता तिवारी, जय शंकर शिक्षामित्र के द्वारा बच्चों को व्रहद रूप से कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी गई।

### विद्यालयों में आयोजित समर कैंप का हुआ समापन

**नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार।** खण्ड शिक्षा अधिकारी छतोह विजय प्रकाश ने बीस दिवसीय समर कैंप के अंतिम दिन समस्त 23 कंपोजिट विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालित समर कैंप का समापन किया। जिसमें योग एवं फिटनेस हमारी सांस्कृतिक विरासत समाज में मेरा योगदान पर्यावरण एवं बागवानी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रगति राष्ट्रीय एकता विविधता में एकता जल एवं ऊर्जा संरक्षण संगीत रंगमंच एवं नाटक सहित लोक कलाओं क्षेत्रीय कला खेल एवं समाज के विशेष जनों का समर कैंप में सहयोग लिया गया। मंगलवार को अंतिम समापन दिवस में अभिभावकों एवं सम्मानित नागरिकों से अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राम आसरे, जान मोहम्मद, सत्यदेव सिंह, इंदुवती, संदीप सिंह सहित समस्त विद्यालयों में वहां के अभिभावकों, नागरिको ने अपना सहयोग प्रदान किया

## एक नजर

### अलीपुर गांव में कृषि गोष्ठी आयोजित

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विकास क्षेत्र के अलीपुर गांव में कृषि गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में बीज भण्डार प्रभारी कृपा शंकर ने किसानों को बीज भण्डारण के लिए बखारी व हाइब्रिड धान पर अनुदान के बारे में जानकारी दी। गोष्ठी में छिड़काव मशीन, रोटावेटर, ट्रैक्टर आदि कृषि यंत्रों पर शासन द्वारा दिए जा रहे अनुदान, रजिस्ट्री एवं पीएम किसान सम्मान निधि में नये नियमों के बारे में भी किसानों को जानकारी दी गई। इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. अंकित यादव, शिरीश वर्मा, ओमप्रकाश, वीरेंद्र सिंह के अलावा जागरूक किसान रविराज सिंह, भानू सिंह, जीत बहादुर सिंह, गुड्डू सिंह, नमन सिंह, संजय सिंह, रतीभान सिंह, सत्येंद्र द्विवेदी, पंकज सिंह, सूरज कुमार, सुशील कुमार सोमनाथ आदि मौजूद रहे।

### लो वोल्टेज की समस्या से आधा नगर परेशान

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां के आधे नगर में लो वोल्टेज की समस्या से बच्चे, बूढ़े परेशान है। घर के पंखे, कूलर व एसी काम करना बंद कर दिया है। आलम तो यह है कि इस भीषण गर्मी में लोग रात दिन सो भी नहीं पा रहे हैं। पंखे शो पीस बन गए हैं। अवर अभियंता ने बताया कि अभी हमको जानकारी नहीं है। जबकि दुर्गन टोला, बंडन टोला सत्यनारायण, सब्जी मंडी आदि मोहल्ले में विगत 15 दिनों से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। शिकायत के बावजूद बिजली विभाग के कर्मचारी अधिकारी कोई संज्ञान नहीं ले रहे हैं, जिससे लोग परेशान हैं।

### बच्चों के पोषण के प्रति किया गया जागरूक

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र गूढ़ा-6 में अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा थे। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बच्चों के पोषण के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे बाल्यावस्था में कुपोषण का शिकार हो जाते हैं तो उनके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुकीर्ति देवी, लखन बाबू की मां अनीता देवी को बच्चे के पोषण के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर कम्पोजिट विद्यालय गूढ़ा की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अनिता, आंगनबाड़ी सहायिका कांति देवी आदि मौजूद रहे।

# कोतवाली में दो दिन तक बंद रही महिला तीसरे दिन हुआ शांतिभंग में चालान

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** आपसी विवाद में दरोगा ने साठगांठ के बाद महिला को कोतवाली में बंद कर दिया। उधर उसके घर का ताला तोड़कर नगदी, आभूषण और पूरी गृहस्थी पार कर दिया गया। अब महिला का पूरा परिवार सड़क पर है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव गणेशगंज मजरे इटौरा बुजुर्ग का है। गांव की रहने वाली महिला बंदना का कहना है कि उसका गांव में कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। इस विवाद में उसे कोतवाली बुलाया गया और कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक सौरभ मलिक ने उसे रात

- **जमानत पर छूटी महिला ने घर से गृहस्थी व नकदी गायब होने की शिकायत की**

में कोतवाली में रोक लिया। दो दिन तक उसे कोतवाली में बैठाए रखा गया। तीसरे दिन उसका शांतिभंग में चालान किया गया। तहसील से जब वह जमानत कराके अपने घर पहुंची तो उसके घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। उसके घर से बीस हजार रुपए नकदी और करीब पांच लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के आभूषण तथा बर्तन आदि कीमती सामान गायब थे। घर की स्थिति यह हो गई कि उसके घर से खाद्यान्न और बर्तन सब उठा लिया गया।

> प्रकरण संज्ञान में नहीं है। यदि शिकायत मिली तो जांच कराकर वास्तविकता का पता लगाया जाएगा।
> -अरुण कुमार नौहार, सीओ डलमऊ

उसकी पूरी गृहस्थी साफ कर दी गई। महिला अब दाने-दाने को मोहताज है और सड़क पर आ गई है। उसका आरोप है कि दरोगा ने विपक्षियों से मिलकर उसके साथ साजिश रची है। कोतवाली पहुंचकर उसने मामले की एक तहरीर दी है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत की जांच की जा रही है। इसका गांव के कुछ लोगों से काफी समय से विवाद चल रहा है।

# गाड़ी से लैपटॉप, नकदी व कागजात चोरी, कैमरे में कैद हुई वारदात

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** मुराईबाग चौकी से चंद कदम पर खड़ी व्यापारी की गाड़ी से अज्ञात युवक लैपटॉप, नगदी व अन्य कागजात उठा ले गया। सीसीटीवी कैमरे में यह वारदात कैद हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाशापुर मुन्शीगंज रायबरेली निवासी व्यापारी विकास कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने मित्र के मां के निधन पर अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था। शमशान घाट डलमऊ चार पहिया वाहन से जा रहा था। अचानक गाड़ी से मोबिल आयल गिरने पर मुराई बाग चौकी के पास उसने गाड़ी खड़ी कर दी और गाड़ी का बोनट खोलकर इसकी जांच करने लगा। तभी मौके का फायदा उठाकर अज्ञात युवक ने गाड़ी में रखा बैग, 85 हजार नगद, लैपटॉप और अन्य कागजात के साथ चेक बुक उठा ले गया। घर पहुंचने पर उसे इसकी जानकारी हुई। इसके बाद जब मुरारी बाग कस्बे की चौकी में लगे सीसीटीवी को खंगाला गया तो उसमें पूरा घटनाक्रम कैद मिला। सीसीटीवी फुटेज में सड़क पर खड़ी गाड़ी का गेट खोलकर बाकायदा उसमें से सामान निकालकर ले जाते हुये युवक साफ नजर आ रहा है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। जांच की जा रही है।

# परमात्मा की ओर हाथ बढ़ाने पर कट जाते है सारे बंधन

**हरचंदपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के जोहवाशर्की गांव में में चल रहे श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन श्री धाम वृंदावन से आए प्रख्यात व्यास गोपाल शास्त्री महराज ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की सारगर्भित कथा सुनाई। कहा कि कंस अपनी बहन देवकी और बहनोई वासुदेव को छोड़ने के लिए रथ पर सवार हुआ। तभी आकाशवाणी होती है कंस जिस देवकी को छोड़ने जा रहा है, उसका आठवां लाल तेरा काल बनेगा। आकाशवाणी सुनकर क्रोधातुर कंस अपनी बहन देवकी को मार डालने के लिए बाल पकड़कर खींचता है। पत्नी के प्राण संकट में देख वासुदेव आगे बढ़ते हैं। कंस से कहते यदि देवकी का आठवां लाल कॉल बनेगा तो पति पत्नी को बंधक बना लें। वासुदेव की बात सुनकर कंस उन्हें बंदी बनाकर मथुरा के कारागार में डाल देता हैं।

कथा व्यास ने बताया आठवें पुत्र के रूप देवकी के गर्भ से भगवान श्री हरि के अवतरित होने का समय आ गया। भगवान का प्राकट्य होने पर देवकी, वासुदेव के हथकड़ी, बेड़ी टूटकर अपने आप खुल जाते हैं। इस कथा के माध्यम से हमें संदेश मिलता है परमात्मा की ओर हाथ बढ़ाने पर सारे बंधन अपने कट जाते



कथा सुनाते व्यास गोपाल शास्त्री महराज।

हैं। मोह माया की ओर हाथ फैलाने पर भगवान हमसे दूर हो जाते हैं। बड़े भाग्य से मानव रूपी यह तन मिला है। भाग्य कर्म से बनता और बिगड़ता है। सभी को कर्मों का फल भुगतना पड़ता है। कलयुग कलि काल में श्रीमद्भागवत की पावन कथा बड़ी फलदाई है। कथा के दौरान पंडित गोपाल शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की सजीव झांकी प्रस्तुत की। धूमधाम के जन्मोत्सव मनाया गया। जमकर फूलों और अबीर-गुलाल की बौछार हुईं। सपत्नीक यजमान इंद्रेश कुमार चौरसिया, गायत्री चौरसिया ने भागवत भगवान की पूजा आरती की। इस अवसर पर माता प्रसाद चौरसिया, डॉ. आनंद कुमार, संतोष चौरसिया, पुतान त्रिपाठी, नान्ह सिंह, किशन त्रिवेदी, रमाकांत द्विवेदी, पूर्व प्रधान सुरेंद्र चौरसिया, अंकित त्रिपाठी, नितिन जयंत, सोनू सिंह, प्रेम शंकर चौरसिया, मोनू सिंह, बिंदा प्रसाद चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# बाइक चोर गैंग के पांच सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सफलता**

- **घूम-घूम कर पुलिस की नाक में दम करने वाले बाइक चोरों का गैंग गिरफ्तार**
- **लंबे समय से बाइक चोरों के गैंग को तलाश रही थी मिल एरिया पुलिस**
- **सदस्यों के कब्जे से छह मोटर साइकिलें भी बरामद**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में घूम-घूम कर पुलिस की नाक में दम करने वाले गैंग को पकड़कर मिल एरिया पुलिस अपनी पीठ थपथपा रही है। लगातार अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हो रही मोटर साइकिलों की चोरी ने पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए थे। लंबे समय से चोरों के गैंग की तलाश में हांफ रही खाकी ने मंगलवार को छह मोटर साइकिल समेत पांच चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सभी बाइक चोरों को जेल भेज कर अपनी बहादुरी का परिचय दे रही है। जबकि चोरों के आतंक से लगातार ग्रामीण क्षेत्र की जनता हैरान व परेशान है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय ने खुलासा करते हुए बताया है कि यह गैंग जिले भर में घूम- घूमकर रेकी करने के बाद मोटरसाइकिल चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देता था। मंगलवार को मिल एरिया पुलिस ने छह चोरी की मोटरसाइकिल समेत पांच चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरों ने कोतवाली नगर क्षेत्र की अलग-अलग जगहों से पांच मोटरसाइकिल व एक सलोन थाना क्षेत्र से चोरी की थी। पुलिस ने रजनीश उर्फ पूती पुत्र राजेन्द्र निवासी सिधौना थाना मिल एरिया, दीपक सिंह पुत्र रंजीत सिंह निवासी रूपामऊ थाना मिल एरिया, विपिन यादव पुत्र राम सुमिरन यादव निवासी दबाउपुर अहियारायपुर थाना कोतवाली नगर, हंसराज उर्फ जानी लीवर पुत्र छोटेलाल निवासी मुंशीगंज थाना भदोखर, शिवकुमार उर्फ गुड्डू पुत्र रामकृष्ण निवासी चकदादरपुर थाना मिल एरिया को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

### पैसे से भरा झोला गायब, किसान के उड़े होश

**सलोन, रायबरेली।** बैंक के बाहर सन्देहास्पद स्थित ने एक किसान की बाइक से एक लाख रुपये नगद चोरी हो गए। किसान जब ईंट कारखाने पर मुंशी को पेमेंट देने पहुंचा तो पैसे से भरा झोला गायब देखकर उसके होश उड़ गए। बैंक जांच पड़ताल के दौरान गार्ड ने किसान को पासबुक समेत झोला सौप दिया, लेकिन उसमें से एक लाख की नगदी गायब थी। घटना की तहरीर पुलिस को सौपी गई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहनगंज पूरे चुरई निवासी राम फल कालीदीन मंगलवार की दोपहर दो बजे भारतीय स्टेट बैंक के खाते से एक लाख रुपये निकाला था। इसके बाद नगदी को झोले सहित अपनी टीवीएस बिक्की के बैग में रख दिया था। पीड़ित के मुताबिक जब बैंक से घर जाने के लिए भट्ठे पर रुककर ईंट खरीदने के लिए झोला देखा तो रुपया चोरी हो जाने की जानकारी हुई थी। पीड़ित ने बताया कि वापस बैंक में जाने पर रुपये का बैग गार्ड के पास मिला है। झोले से एक लाख नगद रुपये नदारद थे। उसमें सिर्फ पासबुक मिला है। कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह का कहना है घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

चत्वारि ते तात गृहे वसन्तु श्रियाभिजुष्टस्य गृहस्थधर्मे।
वृद्धो ज्ञातिरवसत्रः कुलीनः सखा दरिद्रो भगिनी चानपत्या॥

परिवार में सुख-शांति और धन-संपत्ति बनाए रखने के लिए बड़े-बूढ़ों, मुसीबत का मारा कुलीन व्यक्ति, गरीब मित्र तथा निस्संतान बहन को आदर सहित स्थान देना चाहिए। इन चारों की कभी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# असमानता दूर करने के लिए

यह देश के लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है कि भारत गरीबी उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विश्व बैंक की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले करीब एक दशक में भारत लगभग 27 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफल हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 2011-12 में 27.1 फीसदी थी, जो 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई। यानी ग्यारह साल में लगभग 27 करोड़ लोगों ने अत्यधिक गरीबी से निकलने में सफलता पाई। वास्तव में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत आदि ने आवास, रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक निचले स्तर के लोगों की पहुंच बढ़ाई है। ऐसे ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, डिजिटल समावेशन और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे का लाभ ज्यादातर लोगों को मिला है, लेकिन ऐसे में पता होना जरूरी है कि ये सरकारी योजनाएं आखिर किस हद तक गरीबी कम करने में मददगार साबित हो रही हैं। साथ ही भारत में गरीबी घटी और शहरी व ग्रामीण गरीबी में व्याप्त फर्क भी कम हुआ। इस दौरान भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी सफलता मिली है।

एक दशक के दौरान रोजगार में भी वृद्धि हुई तथा ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हालांकि गरीबी उन्मूलन में भौगोलिक एवं अन्य असमानताएं मौजूद हैं। ये असमानताएं हैं, जिन्हें अवश्य दूर किया जाना चाहिए। लोग गरीबी रेखा से तो ऊपर आ जाते हैं मगर विभिन्न आर्थिक झटकों के कारण दोबारा गरीबी की चपेट में चले जाते हैं। इसका पता कोविड महामारी के समय चल चुका है। शिक्षा के प्रसार से इस वर्ग की उत्पादकता बढ़ाने की भी कोशिश की जानी चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है। जवाब में आंकड़ों के साथ ही स्वीकारना चाहिए कि देश में आर्थिक असमानता का बढ़ना चिंतनीय है। वैसे तो आर्थिक असमानता को लेकर चिंताएं सभी देशों में फैली हुई हैं, लेकिन मध्यम आय वाले देशों में लोग इसे बहुत बड़ी समस्या मानते हैं। वे यह भी कहते हैं कि अमीरों का बहुत ज्यादा राजनीतिक प्रभाव होना असमानता का एक बड़ा कारण है। कई लोग असमानता के लिए कुछ लोगों के लिए ज्यादा अवसर होने को भी जिम्मेदार ठहराते हैं। निस्संदेह कल्याणकारी राज्य में चुनौतियों का सामना करते हुए आर्थिक असमानता को अधिक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बगावती तेवर संवेदनशील मुद्दा



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

बहरहाल अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआई मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआई सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया।

आज का युग एआई यानी कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है। यह ठीक है कि एआई ने आज मानव को अनेक सुविधाएं प्रदान कीं हैं। मसलन आज एआई हमारे समाज और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआई का उपयोग आज युद्ध, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, इंजीनियरिंग, स्पेस, मौसम विज्ञान, घटनाओं का अनुमान लगाने, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के इकोसिस्टम में, ऑटो सेक्टर, वैज्ञानिक खोजों और नई दवाओं के निर्माण में, विभिन्न समस्या समाधान, पर्सनलाइज्ड रिजल्ट और कंटेंट प्राप्त करने, प्रोडेक्टिविटी को बूस्ट करने, डिसीजन मेकिंग में, डिजिटल उपस्थिति में तेजी लाने, मानवीय त्रुटियों को न्यूनतम करने, परिचालन लागत को कम करने, उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार करने, 24/7 विश्वसनीयता सुनिश्चित करने, ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं को अनुकूलित करने, डेटा विश्लेषण में सुधार करने, मानव संसाधन संचालन को बढ़ावा देने, वित्तीय नियोजन में सुधार करने, जोखिम मूल्यांकन और सुरक्षा में सुधार करने, पूर्वानुमानित रख रखाव को सक्षम बनाने, सामग्री निर्माण को सरल बनाने, रोगी देखभाल में सुधार करने, शिक्षा को वैयक्तिकृत करने, यातायात प्रबंधन को बढ़ावा देने, कार्यस्थल सुरक्षा को बढ़ावा देने, गोपनीयता संरक्षण और नैतिक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने समेत आज कौन सा क्षेत्र बचा है, जहां एआई का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, लेकिन इन सभी सुविधाओं के साथ-साथ ही आने वाले समय में एआई मानव के लिए एक बड़ा खतरा सिद्ध हो सकता है।

हाल ही में यह सामने आया है कि एआई पहली बार इंसान के खिलाफ हो गया। दरअसल, एआई ने हाल ही में इंसान की बातों को मानने से इंकार कर दिया। वास्तव में यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील मामला हो जाता है जब मशीनें, रोबोट या एआई मॉडल्स इंसानों के खिलाफ काम करने लगें। अब तक फिल्मों में ही हमने ऐसा होते देखा है, लेकिन अब हकीकत में ऐसा सामने आया है। हाल ही में एआई टूल ने शट-डाउन होने

एआई के परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक असमानता आ सकती है। यह मानवीय नैतिकता और सद्भावना को कमजोर कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि एआई वित्तीय संकटों, संचालित स्वायत्त हथियारों को जन्म दे सकती है।

और इंसानी बातें मानने से इंकार कर दिया है। ऐसा ओपन एआई के टूल चैटजीपीटी के लेटेस्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल के साथ देखने को मिला है। कहना गलत नहीं होगा कि अब एआई सोच समझ ही नहीं रहा अपितु इंसानों को धमकाने भी लगा है और यह बहुत बड़ी बात है।

बहरहाल अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआई मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआई सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया। सबसे चौंकाने वाला मामला तो तब सामने आया जब एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड ओपस 4 नाम के मॉडल ने एक इंजीनियर से कहा कि अगर उसे हटाकर किसी और मॉडल को लाया गया, तो वह उसके निजी रिश्तों की पोल खोल देगा। यानी अब एआई न सिर्फ स्मार्ट हो गया है, बल्कि ब्लैकमेलिंग पर भी उतर आया है। रिसर्च में ओपन एआई के लेटेस्ट चैटजीपीटी 03 मॉडल का व्यवहार सबसे ज्यादा चिंता का कारण बना। रिपोर्ट के मुताबिक, 03 मॉडल ने 100 में से 7 बार तो सीधे शटडाउन से इंकार कर दिया और जब बिना सीधा आदेश दिया गया, तो 79 बार शटडाउन रोकने की कोशिश की। यही नहीं, कोडेक्स मिनि और 04 मिनि जैसे मॉडल्स ने भी कई बार तकनीकी चालाकी दिखाते हुए खुद को बंद होने से बचाया। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार गूगल के जैमिनी 2.5 प्रो, एक्स एआई का ग्रोक 3 और क्लाउड ओपस जैसे अन्य बड़े मॉडल्स को भी टेस्ट किया गया और इनमें से कुछ ने अपेक्षाकृत बेहतर व्यवहार दिखाया, लेकिन कुछ मौकों पर ये भी आदेशों को नजरअंदाज करते पाए गए। बहरहाल कहना गलत नहीं होगा कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को मानव ने तैयार किया है, न कि एआई ने मानव को। होना तो यह चाहिए कि एआई मानव के आदेशों को मानें, क्यों कि यह मशीन आधारित है। यानी कि एआई इंसान के आदेशों को मानने से इंकार कर रही है। मशीन, मशीन होती है और किसी भी मशीन में इंसानों की तरह भावनाएं नहीं होतीं हैं।

आज एआई बगावत पर उतर रहा है, यह मानव के लिए किसी गंभीर व बड़े खतरे से कम नहीं है। यह बहुत ही गंभीर बात है। आज जैसे-जैसे एआई अधिक परिष्कृत और व्यापकता की ओर बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही इसके खतरे भी बढ़ते चले जा रहे हैं। एआई मशीन लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क एल्गोरिथम के आधार पर कार्य करतीं हैं और ये कभी-कभी मानव से ज्यादा बुद्धिमान हो सकतीं हैं और हमें यानी कि मनुष्य को नियंत्रण में लेने का फैसला कर सकतीं हैं। तकनीकी समुदाय लंबे समय से कृत्रिम बुद्धिमता से उत्पन्न खतरों पर बहस करता रहा है। नौकरियों का स्वचालन, फर्जी खबरों का प्रसार और एआई-संचालित हथियारों की खतरनाक हथियारों की दौड़ को एआई द्वारा उत्पन्न कुछ सबसे बड़े खतरों के रूप में उल्लेख किया गया है। वास्तव में एआई पारदर्शिता और व्याख्या की कमी को जन्म दे सकती है। एआई स्वचालन के कारण नौकरियों का नुक़सान हो सकता है, क्योंकि कंप्यूटर आजकल इतने कार्यकुशल हो चुके हैं कि वे मानव को अपनी स्क्रीन पर यह प्रदर्शित कर सकते हैं कि अब आप जा सकते हैं, मुझे आपकी जरूरत नहीं है।

एआई एल्गोरिदम के माध्यम से सामाजिक हेरफेर संभव है। एआई हमारी गोपनीयता और सुरक्षा को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकती है। वास्तव में यह हमारी गतिविधियों, रिश्तों और राजनीतिक विचारों की निगरानी करने के लिए पर्याप्त डेटा एकत्रित कर सकती है। एआई पूर्वाग्रहों को जन्म दे सकती है। दरअसल एआई को मनुष्यों द्वारा विकसित किया गया है और मनुष्य स्वाभाविक रूप से पक्षपाती हैं।

एआई के परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक असमानता आ सकती है। यह मानवीय नैतिकता और सद्भावना को कमजोर कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि एआई वित्तीय संकटों, संचालित स्वायत्त हथियारों को जन्म दे सकती है। इतना ही नहीं, एआई तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता के परिणामस्वरूप समाज के कुछ हिस्सों में मानवीय प्रभाव में कमी आ सकती है और मानवीय कामकाज में कमी आ सकती है। उदाहरण के लिए स्वास्थ्य सेवा में एआई का उपयोग करने से मानवीय सहानुभूति और तर्क में कमी आ सकती है और रचनात्मक प्रयासों (क्रिएटिव एफर्ट्स) के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करने से मानवीय रचनात्मकता और भावनात्मक अभिव्यक्ति कम हो सकती है। यहां तक कि एआई सिस्टम के साथ बहुत अधिक बातचीत करने से सहकर्मी संचार और सामाजिक कौशल में भी कमी आ सकती है। समय के साथ एआई के बुद्धिमत्ता में प्रगति करने से यह बहुत ही संवेदनशील हो जाएगी और मनुष्य के नियंत्रण से परे कार्य करेगी। एआई तकनीक के अधिक सुलभ होने से आपराधिक गतिविधियों में भी इजाफा हो सकता है। कहना गलत नहीं होगा कि यह व्यापक आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता तक को जन्म दे सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई के बड़े जोखिम हैं।

अंत में एआई कोई इंसान नहीं है, यह मशीन है और एआई मशीनों में इंसानों की तरह का दिमाग यानी बौद्धिक क्षमता लाने वाली टेक्नोलॉजी है। इसे आर्टिफिशियल तरीके से डेवलप किया गया है और कोडिंग के जरिए मशीनों में इंसानों की तरह इंटेलिजेंस डेवलप की जाती है, ताकि वह इंसानों की तरह सीख सके। खुद से फैसले ले सके, विभिन्न कमांड आदि को फॉलो कर सके। कुल मिलाकर मल्टी टास्किंग कर सके, लेकिन तकनीक का सही व विवेकपूर्ण उपयोग ही किया जाना चाहिए, क्योंकि अविवेकपूर्ण व गलत उपयोग तबाही को जन्म दे सकता है।

## प्रसंगवश

# चिंतन और विचार का वास्ता ज्ञान से नहीं समाधान से

अध्ययन और ज्ञान की अधिकता से मनुष्य विद्वान या ज्ञानी (जानकार) तो बन जाता है, परंतु समझदार नहीं बन जाता। ज्ञान प्रायः समझदारी में बाधक होता है। आए दिन के व्यवहार में विद्वान लोग सामान्य साक्षर, यहां तक कि निरक्षर, लोगों की तुलना में अधिक भूलें करते हैं। कारण वे अपने पर नहीं, उन पंडितों पर भरोसा करते हैं, जिन्होंने वे पुस्तकें लिखीं जिनको पढ़कर वे ज्ञानी बने हैं। वे अपने सामने की परिस्थितियों और अपनी समस्याओं का समाधान किसी दूसरे देशकाल की, मिलती-जुलती समस्याओं के समाधान से पाना चाहते हैं, इसलिए प्रायः भयंकर गलतियां करते हैं और उनकी ओर ध्यान दिलाने पर भी सुधार नहीं कर पाते। अशिक्षित या अल्प शिक्षित लोगों के लिए एक अपशब्द है, अनाड़ी।



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

बहुपठित लोगों के लिए एक दूसरा शब्द है, ठस दिमाग अर्थात जिनका दिमाग ज्ञान से ठसाठस भरा हुआ है और जिसमें किसी नए ज्ञान के लिए जगह ही, नहीं रह गई है। इसी को अंग्रेजी में ब्लॉक हेडेड कहते हैं, जो भी एक शब्द हैं। मुझे ऐसा लगता है कि इसके श्रुतिदोष के कारण इसे 60 मानकर 'सठियाना' मुहावरा बना है। कारण, हमारी परंपरा में वयोवृद्ध लोगों को ज्ञानवृद्ध माना जाता रहा है, न कि ज्ञानजड़। इसे लेकर लोक से लेकर साहित्य तक कहानियां भरी पड़ी हैं, जो भी हो, इस जड़ता के पीछे किसी तरह का दैन्य नहीं, अपितु दंभ हुआ करता है। इसका बहुत सुंदर उदाहरण सिकंदर के साथ आए यूनानी लेखकों ने दिया है। कहते हैं सिकंदर से अरस्तू ने कहा था कि यदि तुम भारत जाना तो वहां से एक दार्शनिक लेते आना। उसके अनुसार सिकंदर ने वापसी से पहले अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे किसी दार्शनिक को बुलाकर लाएं। वे एक दार्शनिक के पास पहुंचे और उसे सिकंदर परिचय देकर साथ चलने का प्रस्ताव रखा तो उसने इंकार करते हुए कहा, 'मुझे तुम्हारे बादशाह की दौलत और ताकत से कुछ भी लेना देना नहीं। मैं उसके पास क्यों चलूंगा। लौटकर उन्होंने सिकंदर को उसका उत्तर सुनाया तो सिकंदर स्वयं उससे मिलने गया। प्राचीन काल में भाषा का संकट दूर करने के लिए प्रायः प्रतीकों में बात हुआ करती थी। सिकंदर ने उसके सामने मक्खन से लबालब भरा हुआ एक प्याला पेश किया, जिसका अर्थ था, हमारे ग्रीस का ज्ञान लबालब भरा हुआ है, उसमें कोई कमी नहीं है। उसे दार्शनिक ने एक तिनका उठाया और उसे भरे हुए मक्खन के प्याले में खोंस दिया, जिसका अर्थ था कि ज्ञान जिस भी पराकाष्ठा पर क्यों न पहुंचा हुआ हो, उसमें नए ज्ञान की संभावना बनी रहती है।

कहते हैं सिकंदर उसके सामने नतमस्तक हो गया। याद नहीं उन विवरणों में उसे भारतीय दार्शनिक का नाम दिया हुआ था या नहीं। परंतु कहते हैं उसके बाद सिकंदर ने ज्ञान के दो केंद्र बनाने का इरादा किया था, एक यूनानी ज्ञान के लिए भारत में और दूसरा भारतीय ज्ञान के लिए यूनान में। जीवित रहता तो शायद पूरा भी किया होता। इसे बचपन में भजनीकों से सुना था फिर बाद से डूगल्ड स्टीवर्ट के ग्रंथ में पढ़ा। प्रतिभाशाली व्यक्ति भावुक और कल्पनाशील होता है और अपेक्षाकृत कम आयु में ही अपने मनोभाव को व्यक्त करने के माध्यम पर दक्षता प्राप्त कर लेता है, यद्यपि यह भ्रम भी पाल लेता है कि वह दूसरों से अधिक मनस्वी है। वह प्रायः इस आत्ममुग्धता से इतना ग्रस्त हो जाता है कि अपने भावोच्छवास को ऊंचे दर्जे का विचार मान लेता है और अपनी समकक्षता में किसी चिंतक को रखता ही नहीं। लोग भी उसके बहकावे में आ जाते हैं।

चिंतन और विचार का संबंध मनन से है। ज्ञान से नहीं समाधान से और समाधान पर्यंत ऊहापोह से है। इसके लिए पुस्तकीय ज्ञान की जरूरत नहीं, ध्यान और अनुसंधान से है। यह कहने का अधिकार मुझे है। अल्वा एडिसन को याद करेंगे तो आप भी मान जाएंगे। मैं किसी वस्तु, व्यक्ति या कथन को सतही या इकहरे रूप में मान नहीं सकता इसलिए मेरे लिए कोई अच्छा या बुरा होता ही नहीं। सही या गलत काम होते हैं और उनके कारण होते हैं। कुछ कारण प्रकृति प्रदत्त होते हैं, जिन पर व्यक्ति का वश ही नहीं होता, यह इतने सुथरे रूप में तो नहीं, किंचित शब्दातीत रूप में मेरे भीतर इतनी छोटी उम्र में आ गया था कि सोचकर स्वयं विश्वास नहीं कर पाता था।

# पर्यटन और धरोहर संरक्षण के अतर्संबंध

कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के बहुत बुरे नतीजे सामने आए हैं। अंग्रेजों के समय इन क्षेत्रों में पर्वतीय स्टेशन विकसित किए गए जो कि ठंडे देश से आने वाले यूरोपियन लोगों की शारीरिक जरूरत थे। यहां इन्होंने स्वास्थ्य सदन बनाए। इन स्थानों पर भारतीयों को नौकर रखा गया। कुछेक के लिए जैसे कि ऊटकमंड, दार्जिलिंग और शिमला के लिए रेल लाइन निकाली गईं।

सभी पर्वतीय स्टेशन की अभी की पर्यावरण मूल्यांकन रिपोर्ट में इनकी दुर्गति की कहानी लिखी हुई है, जहां भी गैर-स्थानीय लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं वहां के जीवन निर्वाह प्रणाली पर जबरदस्त दबाव बनाते हैं। होटलों की भरमार, कूड़ा-करकट, गंदा या मल जल, पीने के स्वच्छ पानी की किल्लत, वहिकुलर पाल्यूशन, संक्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव, भूमि पर दबाव, पार्किंग की कमी और न जाने क्या क्या। यह मामला सिर्फ आंकड़ों और इकॉनोमिक्स के आईने में ही नहीं, बल्कि सडन मानव गतिशीलता और संसाधन उपलब्धता से जुड़ा हैं, जिसके निहितार्थ भयानक है। जमीन पर कब्जों को लेकर देश के भीतर और बाहर कम्पटीशन है। पाकिस्तान और चीन को लेकर यह खूनी संघर्ष मात्र पर्यटन को लेकर नहीं है, बल्कि प्राकृति संशाधनों को लेकर है।

कश्मीर क्षेत्र में मुस्लिम बाहुल्य हुआ। अगर यह न होता तो क्या होता, इस बारे में अनुकरणित अध्ययन क्यों नहीं किया जाता। स्थानीय लोग चाहे कोई भी हों, किसी भी धर्म से हों, जियो-पॉलिटिक्स उसकी प्रकृति को तय करती है। पर्यटन से उलटा नुकसान होगा। अगर कुछ करना ही था तो वह सन्



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

अब समय है हम यूरोपियन पद्धति से अपने देश में पर्यटन न करें और विशुद्ध भारतीय पद्धति का विकास करें। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े।

1948-1950 के दौरान करना था जब कश्मीर की डेमोग्राफी को बदल दिया जाना चाहिए था, लेकिन क्या संभव और क्या नहीं यह मजबूत इरादे, पहल और परिस्थितियों पर निर्भर हुआ।

कश्मीर में सेना की तैनाती होने से क्या सैनिक वहां पर पर्यटन करते हैं? क्या इनकी तैनाती सिर्फ पर्यटकों की सुरक्षा के लिए होती है? बहुत से तीर्थ-स्थलों का परिवेश अत्यंत संक्रामक विषाणुओं और जीवाणुओं के पनपने के आदर्श स्थल बन चुके हैं। इनकी सैनिटेशन ऑफ हाइजीन की दशाएं निम्न स्तर से भी निम्न दिखती हैं। हमें मंदिरों और तीर्थ-स्थलों के आसपास की स्वच्छता के सर्वे कभी नहीं किए और इनके इर्द-गिर्द कितने और कैसे रोगजनक (पैथोज्न्स) की उपस्थिति है, हमें मालूम ही नहीं।

जहां तक मंदिरों और तीर्थ-स्थलों का सवाल है, पर्यटन ने इनका अक्स और छवि दोनों को बदला है। सभी तीर्थ अब व्यावसायिक स्थल अधिक और सुकून और अध्यात्म से भरपूर कम नजर आते हैं। विशाल और ऐतिहासिक महत्व के जिन मंदिरों को ऐतिहासिक नगरों ने निकट स्थापित किया गया या कालांतर में इन मंदिरों के निकट ही नगर विकसित हो गए हैं, उन सबके परिवेश की हालत इस समय अत्यंत खराब हो चुकी है। देश के आधे से अधिक मंदिरों के आसपास कमर्शियल गतिविधि ने इनकी दृश्यावली को बर्बाद कर दिया है।

अब समय है हम यूरोपियन पद्धति से अपने देश में पर्यटन न करें और विशुद्ध भारतीय पद्धति का विकास करें। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े, लेकिन अफसोस है कि समाज की रचना, समाज की ओछी समझ और पॉलिटिशियंस की खुद की मजबूरी उन्हें शासकीय, सही निर्णय लेने से रोकती है। पर्वतीय क्षेत्र ही नहीं मैदानों में स्थित तीर्थ स्थलों के संरक्षण के लिए पर्यावरण, विज्ञान, तकनीक और अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्ट्रीज को भारत पुरातत्व-सर्वेक्षण विभाग की मदद करनी चाहिए और इस बाबत पुरातात्विक संपदा संरक्षण एक्ट में संशोधन करने चाहिए। ऐसा न हो कि एएसआई एक लाचार और बेबस संस्था दिखे और अनंतकाल तक जिसे फंड्स-दुर्भिक्ष का सामना करते रहना हो।

क्या भारत में पुरातत्व विभाग को पर्यटन के हिसाब से ढाला जा रहा है। होना चाहिए था कि भारत पुरातत्व विभाग अपने सभी पुरास्थलों पर शानदार डाक्यूमेंट्री या फीचर फिल्म बनाने के लिए दक्ष सिने-निर्माताओं को निमंत्रित करता, लेकिन यह काम सन 1950 से 1960 के बीच हो जाना चाहिए था। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में एक पुरा-स्थल 'इंटेलिजेंस सिस्टम' भी होना चाहिए जिसके लिए डाटा ग्राउंड बेस्ड और सॅटॅलाइट सोर्सेज से जुटाया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# बौद्धिक अराजकता के युग में

इधर कूपमंडूकता ने राजनीतिक शक्ति अर्जित कर भारत की महान परंपराओं की समझ और 19वीं-20वीं सदी की उदारवादी साहित्यिक उपलब्धियों पर हमला चला रखा है। पुरानी रूढ़िवादी सोच बीते दिनों की बात हो गई थी, पर इसने आधुनिक मस्तिष्क को इन दिनों बुरी तरह घेर लिया है। बिग मीडिया सबसे ताकतवर बुलडोजर बना हुआ है।

यह बड़े पैमाने पर बौद्धिक विध्वंस कर रहा है और लोगों की खुद सोचने की शक्ति मिटा रहा है। इस परिदृश्य में 'डेढ़ हल्दी की गांठ' लेकर ही कई व्यक्ति बड़े पंसारी बनकर घूम रहे हैं। एक वैचारिक किताब पूरी नहीं पढ़ी है और सबसे बड़े ज्ञानी हैं। पहले कहा जाता था, 'मूड़ मुड़ाय भए संन्यासी' और 'मन न रंगाय रंगाये जोगी कपड़ा'! सवाल है, जब लोग नवनिर्मित अंधविश्वासों के चमकते संसार में लाए जा चुके हैं और ज्ञान की दुनिया के राजनीतिक क्रीतदास हमारी साहित्यिक परंपराओं पर हमले कर रहे हैं, लेखकों पर हमले कर रहे हैं और पीतल को सोना घोषित कर रहे हैं, हम क्या करें। पहली बात यह

मानव मस्तिष्क से बुद्धि की प्राकृतिक शक्ति को, तर्क की शक्ति को और अपनी बहुरंगी श्रेष्ठताओं को बचाने की शक्ति को मिटाया नहीं जा सकता।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

है कि हम 21 वीं सदी में 'सार्वभौम बौद्धिक पतन', 'हिंसक सभ्यता की दिग्विजय' और 'ज्ञान के संसार में सौ साल से भूखे डायनासोरों के उत्पात' को समझें।

इन सबने हमारे समाज को जंगल बना दिया है। वे जोकरों से अधिक नहीं हैं, उन पर हंसने से अधिक कुछ नहीं किया जा सकता। क्या यह अच्छा नहीं कि हम बताएं कि बौद्धिक अराजकता के इस युग में भी जगह-जगह वैचारिक अदहन चढ़ा हुआ है। जगह-जगह युग सत्य पक रहा है और सामने आ रहा है। लोग ध्वस्त किए गए हैं, पर मिटे नहीं हैं। वे बोल रहे हैं। मानव मस्तिष्क से बुद्धि की प्राकृतिक शक्ति को, तर्क की शक्ति को और अपनी बहुरंगी श्रेष्ठताओं को बचाने की शक्ति को मिटाया नहीं जा सकता। -फेसबुक वॉल से

# कराहती नदियां किससे करें पुकार

पवित्र जीवनदायनी नदियां कराह रही हैं, कूड़ाघर बनने को मजबूर है। कुकरैल नदी की तरह सब नदियों को भागीरथ मिलेगा? गंगा, यमुना, घाघरा, बेतवा, सरयू, गोमती, काली, आमी, राप्ती केन मंदागिनी आदि नदियों के सामने अपने आपको बनाए रखने की चिंता खड़ी हो गई है। बालू के नाम पर नदियों के तट पर कब्जा जमा बैठे माफियाओं और उद्योगों ने नदियों की सुरम्यता को अशांत कर दिया। अशांत इसलिए क्योंकि प्रदूषण फैलाने वाले और पर्यावरण को नष्ट करने वाले अपराधियों का बोलबाला है। जलस्रोत पाटकर माफिया दिन रात लूट के खेल में लगे हुए है। नदियों के साथ छेड़छाड़ और अपने स्वार्थों के लिए नदियों को समाप्त करने की साजिश निरंतर चल रही है। गंगा पर एक्सप्रेस-वे से गंगा नदी के इर्द गिर्द रहने वाले 50 हजार से ज्यादा दुर्लभ पशु-पक्षियों के समाप्त हो जाने का खतरा है।

नदी को देवी और मां के रूप में दर्जा देने वाले गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं और सत्ताधीशों की जुगलबंदी का खौफनाक मंजर साफ दिख रहा हैं। नदियों के मुहाने और नदियों के पाट स्वार्थों की बलिवेदी पर नीलाम हो रहे हैं। अत्याधिक रेत खनन के चलते जल जीवों के सामने संकट मडरा रहा है। गंगा की औसत गहराई जहां 2004-2005 में 12 मीटर थी वह 10 वर्ष पहले 2044-2025 में 10 मीटर रह गई है।



सुरेन्द्र अग्निहोत्री
वरिष्ठ पत्रकार

नदी को देवी और मां के रूप में दर्जा देने वाले गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं और सत्ताधीशों की जुगलबंदी का खौफनाक मंजर साफ दिख रहा है।

वर्तमान समय में जलस्तर में गिरावट जारी है। आईआईटी कानपुर के एक शोध पत्र में स्पष्ट बताया गया है कि पूरे प्रवाह में गंगा करीब चार मीटर उथली हो चुकी है। गाद सिल्ट के बोझ से बांधों की आयु घटती जा रही है। जीवनदायनी और सदानीरा गंगा कानपुर के पास दशक भर पूर्व 15 से 20 मीटर गहरी थी जबकि पहाड़ी इलाकों में इसकी गहराई मात्र चार मीटर ही गहरी थी। जलवायु वेत्ता परमेश्वर सिंह अपनी किताब पर्यावरण के राष्ट्रीय आयाम में नदियों के घटते दायरे पर चिंता जता चुके हैं। वह कहते हैं बात केवल गंगा तक ही सीमित नहीं है। गत एक दशक में बूढ़ी गंडक 6 से 4 मीटर, घाघरा 6 से 4 मीटर, बागमती 5 से 3 मीटर। राप्ती 4.5 एवं यमुना की औसत गहराई इन वर्षों के अंतराल में 3.5 से दो मीटर तक कम हो चुकी है। नदियों का पानी पीने लायक तक नहीं बचा है। कभी बेतवा नदी का पानी इतना साफ व स्वास्थ्यवर्धक रहता था कि टीबी के मरीज भी इस जल का सेवन कर स्वस्थ हो जाते थे। आज बेतवा नदी के किनारे की बस्ती के लोग उसमें गंदगी डाल रहे है। पानी बहुत प्रदूषित हुआ है। यमुना नदी में पुराना यमुना घाट से लेकर यमुना पुल तक नदियों में शव, गंदगी फेंकी और बहाई जाती है।

हमीरपुर का पानी पुराने यमुना घाट में नाले के जरिए यमुना नदी में डाला जा रहा है। डुमरियागंज से निकली आमी नदी सरयू नदी, काली नदी का बुरा हाल है। किसानों की सूखती फसलों को इन नदियों से पानी मिलता था खेत लहलहा उठते थें। मछलियां, कीड़े मकोड़े सभी खूब अठखेलियां करते। जलीय पौधे भी स्वस्थ रहते थे, लेकिन सब दिन एक जैसे नहीं होते। आज खुद को नदियां देखती हैं, तो हूक सी उठती है, लेकिन सुना है कि मोक्षदायिनी मां गंगा भी मैली होती जा रही है। हे राम। मैं तो आखिरी सांसें गिन ही रही हूं। गंगा में गिरने वाले नालों को पूरी तरह रोकने तथा सीवरेज के ट्रीटमेंट का भरोसा फिर यह सवाल भी उठना लाजमी है। गंगा तट पर वाराणसी समेत 116 शहर बसे है, जिनकी आबादी एक लाख से ज्यादा है। इन शहर के नालों से गिरने वाली गंदगी ही गंगा के 95 फीसदी प्रदूषण का कारण मतवाले मानसून के बल पर सदानीरा बनने वाली नदियां वर्षा के बूंदों को अपने आंचल में छुपाकर एक लंबी यात्रा के साथ हमारे होठों को तरलता देकर जीवन चक्र को गतिमान करती है। प्रकृति के इस विराट खेल का अंदाजा इसी बात से चल जाता है कि भारत के पश्चिमी तट पर करीब 75 अरब टन जल बरसता है। भारत का मैदानी इलाका 15 लाख किमी के क्षेत्र में फैला है। इस क्षेत्र में 1.7 सेमी औसत दैनिक वर्षा का अर्थ हुआ कि पश्चिमी तट से भारत में प्रवेश करने वाला वाष्प का एक तिहाई भाग जल में परिवर्तित होता है।

जल है तो कल है का नारा लगाने वाले भारतीय मानसून नामक अरबी शब्द से अपनी सारी आशा आकांक्षाएं और आंशकाएं प्रकट करते हैं। गंगा और यमुना का मैदानी भाग दुनिया का सबसे उपजाऊ क्षेत्र माना जाता है, लेकिन अब गंगा ही नही बेतवा, केन, शहजाद, सजनाम, जामुनी, बढ़ार, बंडई, मंदागनी, नारायन जैसी अनेक छोटी बड़ी बुंदेलखंड में बहने वाली नदियों पर संकट खड़ा हो गया है। कराहती नदियां अपनी पीड़ा कहे तो किससे कहे? कौन सुनेगा नदी की अकाल मृत्यु की शोक गाथा। कौन मनाएगा मातम? क्या जब सब कुछ चुक जाएगा , तब हमें याद आएगा। एक नदी थी, जो देती थी हमें जीवनदान, जिससे उपजता था हमारा अन्न धान, हमने किया व्यवधान, खत्म हो गए नदी के प्राण।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# आखिरी बड़े मंगल पर जगह-जगह हुए भंडारे, गूंजे बजरंगबली के जयकारे

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले भर में आखिरी बड़े मंगल को जिला मुख्यालय पर हर आधा किमी पर भंडारा चल रहा था। कलेक्ट्रेट में भंडारे का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने किया। पूरे दिन वातावरण हनुमान के जयकारे से गुंजायमान रहा। गांव से लेकर शहर तक भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। भंडारों में बड़ी संख्या में पहुंचकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जेठ के आखिरी मंगल को भक्तों ने विशेष उत्साह दिखाई पड़ा। भंडारों का शुभारंभ मंगलवार को दोपहर से शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। ज्येष्ठ माह के आखिरी दिन मंगल को बालाजी खेतुई धाम, श्रीराम जानकी मंदिर, नघेटा रोड स्थित सिद्धबली हनुमान मंदिर, सर्वेश्वरनाथ, बाबा विश्वनाथ, संतोषी माता मंदिर सहित कई मंदिरों में सुबह से ही सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। खेतुई स्थित बालाजी मंदिर पर तो दर्शनार्थियों की लंबी कतारें देखने को मिली। नगर के बड़ा चौराहा, रेलवेगंज, सिनेमा चौराहा, नुमाइश चौराहा, बिलग्राम चुंगी, छोटा चौराहा, पिहानी चुंगी सहित विभिन्न स्थलों पर जगह-जगह भंडारा चलता रहा।


सिद्धबली हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार


शाहाबाद में प्रसाद वितरित करते लोग। अमृत विचार


हनुमानजी को तिलक लगाकर भंडारे की शुरुआत कराते एसपी। अमृत विचार

**शाहाबाद संवाददाता** के अनुसार होमगार्डस कंपनी द्वारा भंडारे का आयोजन शाहवाद अल्लाहपुर तिराहे पर किया गया। मुख्य अतिथि होमगार्डस जिला कमाडेंट मनोज कुमार संग कंपनी कमांडर श्याम मुरारी पाठक, प्लाटून कमांडर रामवीर सिंह उपस्थित रहे।

**सांडी संवाददाता** के अनुसार कस्बे के कई मंदिरों व घरों के बाहर भक्तों द्वारा किया गया। भंडारे का आयोजन कही पूड़ी-सब्जी तो कही बूंदी व कही छोला चावल तो कही ठंडा शरबत वितरण किया गया।

**माधौगंज संवाददाता** के अनुसार फरहत नगर में स्थित हनुमान मंदिर पर समाजसेवी विवेक पटेल दीपू ने पूजन कर छोला चावल व बूंदी प्रसाद राहगीरों को वितरण किया गया है। तेरवा में कटरा बिल्हौर हाइवे पर पूर्व प्रधान राकेश चौरसिया ने साथियों के साथ बूंदी व छोला चावल प्रसाद वितरण किया गया है। वही पिपरावां गांव में माता काली मंदिर व बाला जी मंदिर में शर्बत प्रसाद वितरण किया गया है।

**बेनीगंज संवाददाता** के अनुसार ज्येष्ठ माह के अन्तिम मंगलवार को नगर में जगह जगह भण्डारे का आयोजन में गया, जिसमें भक्तों ने पनीर पूड़ी, छोला पूड़ी, छोला चावल, कढ़ी चावल, बूंदी, हलवा व शर्बत का प्रसाद बांटा। बताते चलें कि नगर के बस स्टाप पर गुड्डू फल विक्रेता, धीरु गुप्ता, सभासद रामदुलारी के द्वारा स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया गया तो वहीं नगर के अन्य स्थानों पर दिलीप गुप्ता, विवेक मिश्रा, दुर्गा शरण, मनीष गुप्ता, अंकित वैश्य के साथ साथ अन्य भक्तों ने स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया।

**अतरौली संवाददाता** के अनुसार ज्येष्ठ के बड़े पांचवे मंगलवार पर प्रभु के भजनों संग कई जगहों पर भंडारे का आयोजन हुआ।

# युवक की हत्या कर गर्रा नदी में फेंका शव, जांच शुरू

## पानी में शव उतराता देखकर मौके पर जुटी लोगों की भीड़

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गर्रा नदी में युवक का उतराता हुआ शव देखते ही वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। शव को बाहर निकाल कर देखा गया कि युवक का मुंह कुचला हुआ था और भी चोटें दिखाई दे रहीं थी, कपड़ों में खून के धब्बे थे,साथ ही कमर में रस्सी बंधी हुई थी। माना जा रहा है कि हत्या कहीं और की गई और रस्सी बांध कर शव नदी में फेंका गया। पुलिस का कहना है कि शव की फिलहाल शिनाख्त नहीं हुई है,उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही पता चल सकेगा।

बताया गया है कि सोमवार की शाम को पाली थाने के बैजूपुर के पास से निकली गर्रा नदी में शव उतराता हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल कर देखा गया कि युवक का मुंह कुचला हुआ था,उसके अलावा और भी चोटें नजर आ रहीं थी,कपड़ों में खून के धब्बे थे और कमर में रस्सी बंधी हुई थी। शव को ऐसी हालत में देख कर कहा जा रहा है कि हत्या करने के बाद रस्सी बांध कर शव गर्रा नदी में फेंका गया। वहीं पुल इसका कहना है कि अभी कुछ कहना जल्दबाज़ी होगी, शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह पता चल सकती है। हर एक पहलू से जांच की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**संवाददाता, मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** नेवादा परस गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव खेत में पड़ा पाया गया जिसकी सिनाख्त होने पर पता चला कि शराब का आदी था जो इधर उधर भटका रहता था। मल्लावां कोतवाली के नेवादा परस गांव एक खेत में एक से दो दिन पुराना शव पड़ा मिला। शव मिलने की जानकारी पर आस पड़ोस के लोगों की भीड़ लग गई। जब उसकी सिनाख्त हुई तो पता चला गांव का मुकेश यादव 35 वर्ष पुत्र सियाराम है जो शराब का आदी था। जो शराब पीने के बाद तीन से चार दिन इधर उधर पड़ा रहता था। मृतक के चचेरे भाई सर्वेश पुत्र राम सिंह ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष बालेन्द्र मिश्र ने बताया कि मुकेश शराब का अधिक सेवन करता था जिससे उसके अंदरूनी अंग खराब हो चुके थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही साफ होगा आखिर उसकी मौत कैसे हुई।

**लापता अधेड़ का तीसरे दिन लटका देखा गया शव: हरदोई।** अधेड़ रविवार की शाम से अचानक कहीं लापता हो गया,घर वाले उसे तलाश करते घूम रहे थे,उसी बीच मंगलवार की सुबह तीसरे दिन उसका शव एक पेड़ से लटका हुआ देखा गया। अधेड़ ने आत्महत्या की,लेकिन क्यों ? इस बारे में कोई कुछ नहीं बोल रहा है।

बताया गया है कि मझिला थाने के एलिमपुर निवासी अधेड़ पातीराम पुत्र रामचरन का शव मंगलवार की सुबह गांव से दूर खेत के किनारे खड़े शीशम के पेड़ में गमछे से लटका हुआ देखा गया। इसका पता होते ही उसके घर-परिवार में कोहराम मच गया। जैसा कि बताते है कि पातीराम रविवार की शाम को घर से बगैर कुछ बताए निकल गया था,काफी देर बाद भी वह घर नहीं पहुंचा, उसकी इधर-उधर तलाश की जा रही थी,लेकिन फिर भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। शव लटका होने की सूचना पर वहां पहुंची पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। पातीराम के तीन भाइयों में एक की पहले ही मौत हो चुकी थी। उसके परिवार में पत्नी बेला के अलावा तीन बेटे विमलेश,मिथिलेश व सुधाकर और दो बेटियां हैं। पुलिस जांच कर रही है।

## नवजात पुत्र को छोड़ महिला चंपत

**शाहाबाद, हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र से एक माह के पुत्र को घर में छोड़कर विवाहिता के फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित सास के अनुसार उसकी बहू नौ जून की सुबह चार बजे अपने एक माह के पुत्र को घर में छोड़कर बिना बताए कहीं लापता हो गई है। उसने सभी रिश्तेदारियों में पता कर लिया उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका है। मंगलवार को शाम 5:00 बजे प्रभारी निरीक्षक बेहटा गोकुल ने बताया पीड़ित सास की लिखित तहरीर के आधार पर बेहटा गोकुल पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।


राजघाट पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर राजघाट में उमड़ी भक्तों की भीड़

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** पौराणिक राजघाट पर मंगलवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा को स्नान और दान का विशेष महत्व है। मान्यताओं के अनुसार, इस दिन स्नान और पूजा से पुण्य की प्राप्ति होती है। राजघाट पर भक्तिमय माहौल में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा की। गंगा तट पर श्रद्धा और आस्था का अनूठा दृश्य दिखा। श्रद्धालुओं ने माता गंगा से सभी के कल्याण की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन के स्नान से पापों से मुक्ति मिलती है। साथ ही जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

# दुधमुंहों को पीटकर वीडियो बनाने वाले पति पर पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** मां और बाप को भगवान से भी बढ़कर मानने वाली इस दुनिया में कुछ मां और बाप ऐसे भी होते है जिन्हें राक्षस भी कहा जाए तो कम नहीं है। ऐसा ही एक वाकया कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गांव का प्रकाश मे आया है।

बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र की प्रतापनगर चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत शाहपुर निवासी ऊषा कुमारी पुत्री अनिल मंडल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि बीते एक महीने पहले वह अपने पिता के साथ लुधियाना चली गई थी और अपने दो दुधमुंहे बच्चों को घर में ही अपने पति हरीपाल उर्फ संजय पुत्र राजाराम निवासी शाहपुर में ही छोड़ गई थी, जिसके बाद पति हरीपाल ने दोनों बच्चों को पीटते हुए वीडियो बनाकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद बीते शनिवार को मैं अपने बच्चों को लेने पहुंची तो हरीपाल ने दोनों बच्चों को हमें दे दिया और प्रतापनगर पहुंचते ही हरीपाल पीछे से आकर बूटे शिवा को केला दिलाने के बहाने से वापस अपने घर लेकर चला गया और अब हमें जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिला के पति द्वारा की गयी इस हरकत की चारों ओर कड़ी निंदा की जा रही है। लोग उसे जमकर कोस रहे हैं। वहीं मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# आसमान से बरसी आग, पारा 41 डिग्री पार

## भीषण गर्मी से आमजन का हाल बेहाल, बाजार में शीतल पेय पदार्थों की बढ़ी मांग

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मंगलवार को भीषण गर्मी में एक बार फिर मौसम का बढ़ना शुरू हो गया है, जिसके चलते आम जनमानस गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। इतना ही नहीं पशु-पक्षी भी बिलबिला रहे हैं। मौसम वेधशाला की मानें तो सोमवार को जून को अधिकतम पारा 42 था, जो मंगलवार को 41.5 डिग्री सेल्शियस पर जा पहुंचा। दोपहर में हवाएं दो किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलती रही। मौसम वेधशाला प्रभारी के अनुसार जिले में सोमवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्शियस तक पहुंच गया था, वहीं दो किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं ने दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा कर दिया था। मंगलवार को भी तेज धूप के कारण आमजन जरूरी काम से ही सिर ढक कर ही बाहर निकलते दिखाई दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों तालाब सूखे पडे.हुए हैं, जिससे पशुओं के पानी पीने की समस्या उत्पन्न हो गई है। मुख्य बाजारों में गर्मी के चलते लोगों को निकलना दूभर हो गया है। शाम ढलते ही आम जनमानस को राहत महसूस हुई।

**तापमान (डिग्री सेल्सियस में)**

| दिनांक | न्यून. | अधि. | हवा (किमी/घंटा) |
|---|---|---|---|
| 10 जून | 30.0 | 41.5 | 2 |
| 9 जून | 29.5 | 42.0 | 2 |
| 8 जून | 27.5 | 41.0 | 4 |
| 7 जून | 26.5 | 40.0 | 4 |

### गर्मी में बिलबिला रहे बिजली उपभोक्ता

**पाली, हरदोई।** भीषण गर्मी में भी नगर को पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल पा रही है। नगर में सही सप्लाई न मिलने से लोग परेशान हैं। नगर में बिजली आपूर्ति समय से लोगों को नहीं मिल पा रही है, जिससे बिजली कनेक्शन धारक रात भर जगराता करने को मजबूर है। भीषण गर्मी के चलते लोग बिजली विभाग को कोर्स रहे हैं इसके बावजूद विभाग नगर में सुचारू रूप से बिजली सप्लाई नहीं दे पा रहा है, वहीं बच्चे बूढ़े जवान बिजली न आने के कारण नगर के लोग बिलबिला रहे हैं।


दोपहर में सिर ढंककर जाते वाहन सवार। अमृत विचार

# खुलासा: युवक के दबाव में किशोरी ने लगाई थी फांसी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** दरअसल अफरोज़ ने जबरन बनाए जा रहे दबाव के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या की थी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपी को कन्नौज से दबोच लिया। जबकि उसके दो रिश्तेदारों की तलाश की जा रही है। बताते चलें कि शनिवार को हरपालपुर थाने के ज्योरी चंद्रमपुर निवासी महबूब अली की पुत्री अफरोज़ ने अपने घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने पिता महबूब अली की तहरीर पर कन्नौज ज़िले के जलेसर थाना गुरसहायगंज निवासी रियाज़ उर्फ राजू और उसके दो रिश्तेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। तहरीर में कहा गया था कि रियाज़ उर्फ राजू अफरोज़ से मोबाइल पर बातें करता था,लेकिन इधर कुछ दिनों से अफरोज़ उससे बात नहीं करती थी। आरोप है कि रियाज़ उर्फ राजू बात करने के लिए दबाव बनाते हुए उससे बदसलूकी करने लगा,उसी के चलते उसने आत्महत्या की। पुलिस ने मुख्य आरोपी रियाज़ उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया।


पकड़ा गया मुख्य आरोपी रियाज।


बालाजी झंडा यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### बालाजी झंडा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**संवाददाता, कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को श्री बालाजी सेवा समिति की वार्षिक झंडा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा रेलवे स्टेशन परिसर स्थित दुर्गा मंदिर से शुरू हुई सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं ने हाथों में झंडे लेकर डीजे की धुन पर नृत्य किया। यात्रा में राम दरबार, हनुमान, माता दुर्गा, काली माता, ब्रह्मा, विष्णु, शंकर और पार्वती की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग में कई स्थानों पर प्रसाद वितरण के स्टॉल लगाए गए। कुसी नाथ मंदिर के ओम कार्ड घर के संचालक ने पर्यावरण संरक्षण की पहल करते हुए स्टील के गिलासों में रस, नींबू सहित विभिन्न प्रकार के शरबत का वितरण किया। यात्रा में नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ल, पंकज विनय शुक्ल, शिवम मिश्रा, अजय शुक्ला, रवि गुप्ता और अचल अग्रवाल सहित सैकड़ों भक्त शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बघौली क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस तैनात रही।

## तपती धूप के प्रकोप से वृद्ध की मौत

**टोंडरपुर, हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र टोंडरपुर गांव के गुड़हेरा तालाब से एक बुजुर्ग व्यक्ति भसींडे लेकर घर वापस जा रहा था, अचानक रास्ते में ही तपती धूप के प्रकोप के चलते मौत हो गई, बताया जा रहा है बुजुर्ग व्यक्ति मेवाराम पुत्र बहादुर उम्र लगभग 62 वर्ष निवासी मोहिउद्दीनपुर थाना बेहटा गोकुल के निवासी है,सुबह घर से लगभग 10:00 बजे टोंडरपुर भसींडे खोदने के लिए निकले थे, और भसींडे लेकर तालाब से लगभग 200 मीटर दूरी पर टोंडरपुर- सलेमपुर मार्ग पर जा ही रहे थे, अचानक रास्ते में ही इनकी मौत हो गई। यह देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डंपर-चेचिस भिड़ंत में एक चालक की मौत

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** गिट्टी लदे डंपर और चेंचिस की आमने सामने टक्कर में चेंचिस चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार की सुबह लखनऊ से टाटा कम्पनी चेंचिस लेकर जयपुर जा रहे चालक देवेंद्र सिंह 34 वर्ष पुत्र शिवनाथ सिंह निवासी निरंजनपुर हथपौऊ थाना एलाऊ जिला मैनपुरी मल्लावां-मेहंदीघाट पर कलेनापुर गांव के पास सामने से आ रहे गिट्टी से लदे डंपर से सीधी टक्कर होने से चेंचिस चालक देवेंद्र की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी जिसके बाद पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि टाटा कम्पनी में चालक का काम करता था। जो कम्पनी नई चेंचिस को शोरूम तक ले जाता था। मृतक के एक पुत्र तीन वर्ष और बेटी डेढ़ वर्ष की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



### पोल से टकराई बाइक, युवक की मौत, साथी घायल

**संवाददाता, कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव बसंतपुर निवासी नवीन का 22 वर्षीय पुत्र मोबिन गांव के ही आपने दोस्त रिंकू व लक्की के साथ सोमवार की रात साढ़े दस बजे बुलेट बाइक लेकर कछौना जाते समय छतन खेड़ा गाँव के पास विद्युत् पोल से टकरा गयी जिससे तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना लाया गया, जहां से मोबिन कि हालत गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया गया। मोबिन की उपचार के दौरान मौत हो गई। रिंकू व लक्की को उपचार के बाद छुट्टी दें दी गयी। मृतक के पिता नवीन ने बताया कि तीन पुत्रो में मोबिन सबसे बड़ा था और दिल्ली में रहकर सिलाई का कार्य करता था। बकरीद पर घर आया था गाँव में भागवत कथा चल रही थी जहाँ से आपने दोस्त कि बुलेट लेकर कछौना जाते समय घटना घटी है। बाइक की टक्कर इतनी तेज थी कि विद्युत् पोल टूट गया, जिससे दो घंटे बिजली गुल रही मामले के मामले की जानकरी प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल ने बताया कि घायल कि जिला मुख्यालय में मौत हो गयी है। दो साथी ठीक है जिन्हे उपचार होकर घर भेज दिया गया है।



## सार-संक्षेप

### रावल गांव में आरसीसी सेंटर का निर्माण कार्य शुरू

**संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड की रावल की ग्राम पंचायत में रिसोर्स रिकवरी सेंटर का कार्य अब तेजी से शुरू हो गया है। ग्राम प्रधान सर्वेंद्र राव ने बताया कि इसके निर्माण के लिए काफी से प्रयास किए जा रहे हैं। अब निर्माण कार्य शुरू हो गया है, तो इसके मानकों पर विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है। ग्राम प्रधान श्री राव ने कहा कि इसके निर्माण कार्य में करीब पांच लाख 94 हजार रूपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण कार्य पूरा होते हुए संचालन शुरू करवा दिया जायेगा, ताकि ग्राम पंचायत के वाशिंदों को इसका लाभ मिल सके। बीडीओ इंद्रसेन नाथ ने कहा कि ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन कार्यों को प्राथमिकता देते हुए मानकों पर करवाया जा रहा है।

### विपक्षियों पर युवक की पिटाई का लगाया आरोप

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल निवासी युवक ने विपक्षियों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र दिया है ।पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रजनीकांत पुत्र दिनेश के अनुसार वह 8 जून की रात 9 बजे अपने भाई की बारात लेकर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हुसैनापुर गया था। हुसैनापुर निवासी काशीराम पुत्र बंधुलाल के यहां वह डीजल लेने गया, तो काशीराम ने 180 रुपए डीजल का रेट बताया। उसने 110 या 120 रुपए में डीजल देने को कहा तो विपक्षी के पुत्र अवनीश कुमार और विनीत ने उसे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र दिया है ।पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है।

### अधोमानक बनाई जा रही आरसीसी सड़क


दसोली के मजरा धउरारा में बनाई जा रही सड़क। अमृत विचार

**संवाददाता, सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** विकासखण्ड की ग्राम पंचायत दसोली के मजरा धउरारा में आरसीसी रोड नाली का निर्माण कार्य करया जा रहा है जो भ्रष्टाचार की भेट चढ़ा हुआ है। ग्रामीणों के नाली विवाद की सूचना देखने पहुंचे ब्लाक प्रमुख अनिल राजपूत ने सड़क निर्माण देख निरीक्षण किया। बताते चलें कि आरसीसी सड़क सौ मीटर की लम्बाई चार मीटर की चौड़ाई में बन रही है निर्माण मानक विपरीत करया जा रहा है। पुराने खड़ंजे को बिना हटाए बिना पत्थर डाले छोटी बजरी ड्रस्ट सीमेंट से निर्माण किया जा रहा है ब्लॉक प्रमुख अनिल राजपूत ने खंड विकास अधिकारी उदयवीर दुबे को सूचना दी और जांच करने के लिए कहा। खंड विकास अधिकारी ने बताया जेई से जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सचिव देसराज से निर्माण कार्य रुकवा ने का निर्देश दिया है।

### प्रभु की भक्ति से होता है मानव जीवन का उद्धार

**संवाददाता, माधौगंज हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड क्षेत्र के गांव मुड़ियाखेड़ा कबीरा बाबा देव दरबार में साप्ताहिक श्रीराम कथा का आयोजन चल रहा है। कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक विनायक शुक्ला ने कहा कि भगवान श्रीराम बताए पथ पर चलने से मानव जीवन में कभी कष्टों का सामना करना नहीं पड़ेगा। भगवान राम एक श्रेष्ठ राजा थे। उन्होंने सत्य, दया, करुणा, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलते हुए राज किया। इन्हीं गुणों की वजह से उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा है। हमें राम की तरह अपने माता-पिता, गुरुजनों की भावनाओं को पूरा-पूरा सम्मान करना चाहिए। इस कथा से हमें साहस और बुद्धि से प्रत्येक कठिनाइयों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है। पुजारी ने बताया कि शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मंदिर के पुजारी सुरेश तिवारी, समाजसेवी मुकेश गुप्ता, ग्राम प्रधान रमेश पाल,भननू कश्यप , सालिकराम कश्यप, श्याम बिहारी मिश्र, सुरेश पाल कोटेदार आदि ग्रामवासी गण मौजूद रहे है।


कथा का रसपान कराते विनायक शुक्ला।

### समाजसेवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता ने गंजमुरादाबाद-नयागांव सड़क का एक दिन पूर्व भूमि पूजन करने वाले समाजसेवी नरेश दीक्षित पर विभाग की छवि धूमिल करने के मामले में केस दर्ज कराया है। जेई शिवनरायण पाण्डेय ने बताया गंजमुरादाबाद बार्डर से नयागांव तक सड़क का चौड़ीकरण होना है। इसके तहत क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशू द्वारा 3 जून को सड़क का भूमि पूजन होना था। लेकिन 2 जून हो ही गंजजलालाबाद निवासी नरेश दीक्षित ने चार-पांच लोगों संग मिलकर सड़क का भूमि पूजन कर दिया। इससे विभाग की छवि धूमिल हुई है। इस मामले में समाजसेवी नरेश दीक्षित ने बताया कि मुकदमा राजनीति से प्रेरित होकर लिखाया गया है।

### सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जिले को प्रदेश में 8वां स्थान

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** सीएम डैशबोर्ड की ताजा जारी रैंकिंग में जनपद में एक अप्रत्याशित छलांग लगाई है। जनपद को प्रदेश में आठवीं रैंक प्राप्त हुई है। विकास में जनपद को 13वीं व राजस्व में 9वीं रैंक प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी अनुनय झा का कहना है कि प्रदेश में जनपद की आठवीं रैंक राजस्व व विकास से संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। सभी विभागों ने अपने विभागीय लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की, जिसका परिणाम सीएम डैशबोर्ड की ताजा जारी रैंकिंग में परिलक्षित हुआ। जिलाधिकारी अनुनय झा कहते हैं कि उनकी टीम आगे भी इसी मेहनत के साथ कार्य करती रहेगी।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर लगेगा शिविर

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 14 जून को मनाए जाने वाले विश्व रक्तदाता दिवस को वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेबी गोगोई के नेतृत्व में महाविद्यालय के ब्लड बैंक में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य राज्य भर में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना है। ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. पवन कुमार ने इस बताया कि इस पूरे सप्ताह कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के सहयोग से जिले के विभिन्न गांवों में जागरूकता शिविरों का आयोजन कर रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा, रक्तदान एक महादान है। आपके द्वारा दान किया गया रक्त किसी के जीवन को बचा सकता है।

# लोडर की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध व युवक की मौत

## कानपुर से लौटते समय निर्माणाधीन एलिवेटेड हाईवे पर हुआ हादसा, शवों को देख बिलख उठे परिजन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार


जिला अस्पताल में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** निर्माणाधीन कानपुर-लखनऊ एलिवेटेड हाईवे पर अचलगंज थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा गांव का युवक गंभीर घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना के काफी देर बाद पहुंची पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाया। वहीं हादसे की खबर पर पहुंचे परिजन शवों को देख बिलख उठे।

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के बेहटा भवानी गांव निवासी श्रीधर शर्मा उर्फ दद्दा (65) पुत्र स्व. कालीचरण अपने पड़ोसी राजेंद्र (42) पुत्र बृजकिशोर के साथ स्कूटी से सड़क हादसे में घायल हुए पड़ोसी आशा शंकर को देखने कानपुर के एक निजी अस्पताल गए थे। दोपहर बाद लौटते समय वह शॉर्टकट लेकर निर्माणाधीन कानपुर-लखनऊ एलिवेटेड हाईवे से जा रहे थे तभी अचलगंज थानाक्षेत्र के बंथर गांव के पास तेज रफ्तार लोडर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे स्कूटी चला रहे श्रीधर व राजेंद्र उछलकर सड़क किनारे लगी सेफ्टी ग्रिल से टकरा गये। इसमें श्रीधर की मौके पर मौत हो गई। वहीं राजेंद्र गंभीर घायल हो गया। पास के खेतों में काम कर रहे किसान दौड़े और एंबुलेंस बुलाकर राजेंद्र को अस्पताल भेजा। लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसकी भी सांसे थम गईं। मौके पर मौजूद बदरका निवासी सुनील ने बताया कि हम लोगों ने लोडर रोक लिया था लेकिन उसमे बैठे तीन लोग उन्हें धक्का देकर भाग निकले। बताते हैं कि ग्रामीणों की सूचना के करीब दो घंटे बाद पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को मर्चरी भेजा। श्रीधर खेती करता था और उसके दो विवाहित बेटियां अंजलि व गायत्री हैं। श्रीधर के भाई राम शर्मा व भाभी की मौत हो गई है। इससे वह भतीजों धीरज व नीरज की भी परवरिश करता था। उसकी मौत से पत्नी माया देवी बदहवास है। वहीं राजेंद्र दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई राजू है। राजेंद्र राज मिस्त्री था। उसके दो बेटियों में अंशिका, दिव्या व बेटा हर्ष है। पति की मौत से पत्नी वंदना देवी रो-रोकर बेहाल है। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### गांव के दो व्यक्तियों की मौत से लोग गमगीन

उन्नाव, अमृत विचार : एक ही गांव के वृद्ध व युवक की सड़क हादसे में मौत होने की सूचना पर ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों की चीख सुन ग्रामीण आंखों के आंसू नहीं रोक पाए। हादसा का शिकार हुए राजेंद्र के तीनों बच्चे नाबालिग हैं। ऐसे में पत्नी के सामने उनकी परवरिश का संकट खड़ा हो गया है।

# स्टेशन रोड पर मिला शव मजदूर का निकला, बेटे ने की पहचान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली अंतर्गत स्टेशन रोड पर बीती शनिवार रात अचेत मिले युवक की अस्पताल में मौत हो गई थी। पहचान न होने से शव मोर्चरी में रखा था। मंगलवार को सोशल मीडिया से हुई जानकारी पर बेटे ने शव की शिनाख्त अपने पिता के रूप में की।

बता दें कि सदर कोतवाली अंतर्गत रेलवे स्टेशन रोड पर बीते शनिवार को एक व्यक्ति के अचेत पड़े होने की सूचना पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा था। जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस को जामातलाशी में उसके पास ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। इस पर शव मोर्चरी में रखवाकर पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया था। मंगलवार सुबह दही थानाक्षेत्र के मवैया गांव का अनुराग अपनी मां सोनी के साथ कोतवाली गया फिर मोर्चरी में रखे शव की पहचान अपने पिता रामप्रताप (45) पुत्र चंद्रपाल के रूप में करते हुए फफक पड़ा। उसने बताया कि पिता खेती के साथ मजदूरी भी करते थे।

# मौरंग लदे डंपर के केबिन में मिला चालक का शव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद डंपर चालक के परिजन। अमृत विचार

▶▶ फोन न मिलने पर मालिक पहुंचा तो हुई जानकारी

**अमृत विचारः** मौरंग लादकर लखनऊ जाने को निकले डंपर चालक का शव उसी के ट्रक के केबिन में पड़ा मिला। जानकारी पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हृदयगति रुकने से मौत होने की बात सामने आई है।

कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली व कस्बा के मोहल्ला वार्ड-1 नौबस्ता निवासी सौरभ पुत्र दुर्गा प्रसाद डंपर चालक था। इसी से वह परिवार पालता था। रविवार देररात वह हमीरपुर से मौरंग लोडकर लखनऊ जा रहा था। तभी सोमवार दोपहर कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सोहरामऊ थानाक्षेत्र के एक मेडिकल कॉलेज के पास उसकी हालत बिगड़ गई। इस पर उसने डंपर मालिक के भाई मो. इसरार को बताया कि उसकी तबियत खराब है। वह दवा खाकर लेटा है। आराम मिलने पर वह आगे जायेगा। इसके बाद देरशाम तक उसका फोन रिसीव नहीं हुआ। इस पर इसरार मौके पर पहुंचा तो टोल प्लाजा के आगे डंपर के केबिन में सौरभ अचेत पड़ा मिला। पुलिस को सूचना देकर वह उसे नवाबगंज सीएचसी लाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। सूचना पर पत्नी ज्ञानशील मां अनंती देवी बेहाल हो गईं। सौरभ के तीन बेटियों में उमा, अंशिका, रितिका व 6 माह का बेटा अर्नव है। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हृदयगति रुकने से मौत होने की पुष्टि हुई है।

# गैर इरादतन हत्या के आरोपी गिरफ्तार, जेल

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नगला गणेश के निकट हुई मारपीट में घायल की इलाज कर दौरान मौत होने के मामले में कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आठ जून अंजली पुत्री सोनपाल निवासी ग्राम नगला गनेश द्वारा थाना शाहाबाद पर तहरीर दी गयी कि लाला उर्फ इन्तसार पुत्र लतीफ निवासी ग्राम मलकापुर थाना शाहाबाद और सुधीर पुत्र लल्लन निवासी दमईया थाना शाहाबाद द्वारा उस के पिता के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया। दस जून को उसके पिता सोनपाल की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध मारपीट की दर्ज रिपोर्ट में गैर ईरादतन हत्या की धाराओं में रिपोर्ट तरमीम कर दी। उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

# दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटा, दी धमकी

बेखौफ

▶▶ पुलिस की गिरफ्त से अब तक फरार है दबंग, मामला दर्ज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** दबंगों में एक युवक को बेरहमी से पिटाई कर दी।युवक को गंभीर हालत में परिजनों ने हरदोई के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है जहां उसका उपचार जारी है। परिजनों द्वारा पुलिस को मामले की सूचना दी गई है। पुलिस ने युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की है। पीड़ित परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि गांव के ही दबंग लोग लगातार परिवार को गाली गलौज करते रहते हैं जब इसका विरोध किया तो उनके द्वारा केशव राम के पुत्र को बेरहमी से पीटा जिसमें पुत्र खून से लहूलोहान हो गया जिसको की इलाज के लिए हरदोई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### भय में पीड़ित परिवार, एसपी से न्याय की गुहार

**हरदोई, अमृत विचार।** मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के धियर मोहलिया का है जहां के रहने वाले शिवकुमार पुत्र केशव राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर पर मौजूद था, तभी गांव के नरेंद्र शैलेंद्र दीपक पुत्र महेश तथा महेश पुत्र पुत्तू लाल निवासी ग्राम पोस्ट धियर महोलिया उनके घर के बाहर उनके मां-बहन को अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे तथा हाथ में लाठी डंडा लेकर घर के बाहर खड़े थे। विपक्षियों को जब अभद्र भाषा का प्रयोग करने से मना किया गया तब उनके द्वारा शिव कुमार के पुत्र रोहित को बेरहमी से मारा पीटा।शोर सुन आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए जिनके द्वारा बीच बचाव किया गया। पीड़ित पक्ष ने बताया कि विपक्षी उनको जान माल की धमकी देकर गए हैं।मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस में घायल युवक को हरदोई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मामले में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित शिवकुमार ने बताया कि विपक्षी पुलिस के रजिस्टर 8 में भी नामजद हैं। विपक्षी काफी दबंग प्रवृत्ति के हैं उन्हें अपने परिवार पर जान माल का खतरा है। पीड़ित ने हरदोई पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन से मामले में सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग की है।

# होमगार्ड के घर से लाखों के जेवर व नकदी पार

संवाददाता, अतरौली, हरदोई


जांच करती फोरेसिंक टीम। अमृत विचार


टूटी पड़ी तिजोरी व बिखरा सामान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अजमतपुर गांव में होमगार्डसंदीप पाण्डेय के घर पर सुबह दो बजे छत की दीवार कूद के चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सोमवार रात करीब 12:20 बजे संदीप अपनी मां निशा और बहन शालिनी के साथ कमरे में सोने गए थे।रात करीब दो बजे जब संदीप की मां टॉयलेट के लिए उठीं, तो कमरा बाहर से बंद मिला। संदीप ने दूसरे दरवाजे से बाहर निकलकर देखा कि मुख्य दरवाजा चादर से लोहे के चैनल में बंधा हुआ था। दूसरे कमरे का ताला टूटा हुआ था और आलमारी का लॉक उखड़ा हुआ था।

चोर आलमारी से 38 हजार रुपये नकद और करीब 20 लाख रुपये के जेवरात ले गए। चोरी हुए जेवरों में 8 सोने की अंगूठी, 3 सोने की चैन, पत्नी सौम्या का सोने का हार, मांगबेंदी, 12 अंगूठी और अन्य जेवरात शामिल हैं। इसके अलावा 12 जोड़ी पायल, पायजेब, चांदी के सिक्के और बेटे ओम के जेवर भी चोरी हो गए।होमगार्ड ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सुबह गांव के बाहर एक अंगोछा मिला, जिसमें नकदी रखी थी, लेकिन वह गायब थी। गांव के बाहर पिछले पांच दिनों से डेरा डाले हुए कुछ बाहरी मंगलवार सुबह कहीं पलायन हो गए।

सीओ संडीला सत्येंद्र सिंह और अतरौली प्रभारी निरीक्षक मारकंडेय सिंह पुलिस बल के साथ मामले की जांच कर रहे हैं। 12 बजकर 15 मिनट पर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि होमगार्ड ने कोई तहरीर थाने पर नहीं दी है , जांच जारी है ।

# बच्चों को सम्मानित करने के साथ समर कैंप का समापन

**सुरसा, शाहाबाद, हरदोई।** विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय भैंनामऊ में समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों ने योग, व्यायाम, नृत्य आदि गतिविधियों में उत्साह से प्रतिभाग किया। लड़कियों ने अपने हाथों पर मेंहदी लगाकर अपनी प्रतिभा को उकेरा। लड़कों ने सुंदर फोटोफ्रेम बनाया। बच्चों ने कैरम का भी आनंद लिया। 21 मई से आरंभ हुए इस समर कैंप में विद्यालय के बच्चों ने अनेक स्वास्थ्यवर्धक एवं मनोरंजक गतिविधियों जैसे योग, व्यायाम, चित्रकला, गायन, तीरंदाजी आदि में प्रतिभाग किया एवं पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, क्राफ्ट, बोतल के गमले बनाना,कैरीबैग निर्माण, लिफाफा बनाना तथा बालिका सुरक्षा और नैतिक शिक्षा पर आधारित सृजनात्मक कार्यों में भी उत्साह से प्रतिभाग किया। बच्चों ने शिक्षक पीयूष त्रिवेदी के निर्देशन में इन 17 दिनों में अपने विद्यालय के प्रांगण में एक सुंदर से फव्वारे का भी निर्माण किया। विद्यालय में नियुक्त दोनों शिक्षामित्रों श्री राकेश यादव एवं रेखा ने कैंप के आयोजन में सहयोग कर के इसको सार्थक बनाया।

**शाहाबाद संवाददाता** के अनुसार ब्लाक टोडरपुर के विद्यालयों में चल रहे त्रिसाप्ताहिक समर कैंप का समापन मंगलवार को किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि समर कैंप 21 मई 2025 से प्रारंभ हुआ था, 10 जून को समापन किया गया है। विकास खंड के समस्त 42 उच्च प्राथमिक और संविलियन विद्यालयों में जूनियर स्तर यानि कक्षा 06 से 08 तक के बच्चों के लिए उक्त कैंप आयोजित किये गए।

# ब्लॉक परिसर हुई क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक

संवाददाता, सांडी, हरदोई

**अमृत विचार।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आए हुए सभी सदस्यों से विकास कार्य के लिए प्रस्ताव मांगे गए बैठक में शामिल न होने वाले ब्लाक कर्मचारियों के वेतन वेतन काटने के निर्देश दिए गए अन्य विभागों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख अनिल राजपूत ने कहा है इस वित्तीय वर्ष में विकास कार्य के लिए कोई सरकार की तरफ से धन आवंटित नहीं किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष मे राज्य वित्त योजना के तहत 36 लाख और केंद्रीय वित्त के 90 लख रुपए से ही कार्य कराया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख ने बैठक में न शामिल होने वाले ब्लाक कर्मचारियों का एक दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए और अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी के न शामिल होने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं, वहीं सभी आए हुए क्षेत्र पंचायत सदस्यों से विकास कार्य के लिए प्रस्ताव मांगे गए। इस मौके पर जल निगम ‘ पशु चिकित्सा, खादी ग्रामोद्योग से आए हुए अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी उदयवीर दुबे , प्रमुख प्रतिनिधि मनोज दीक्षित , प्रधान जीतू राजपूत ,अरुण तिवारी ,विमल राजपूत ,जिला पंचायत सदस्य जय देवी राजपूत ,निशा कुशवाहा, सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# अवैध पानी की पेटियों के साथ दो वेंडर गिरफ्तार

▶▶ आरपीएफ प्रभारी ने जब्त पानी की पेटियों की जानकारी देने से किया इंकार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर पंजाब मेल में चल रहे पैंटी कार के दो वेंडरो को अवैध पानी के साथ हरदोई सीएमआई द्वारा पकड़े जाने के बादआरपीएफ के सुपुर्द कर दिया था। आरपीएफ द्वारा इस मामले में अब कार्रवाई कर दी गई है। आरपीएफ ने पकड़े गए दोनों वेंडरो के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 144 में अभियोग पंजीकृत किया है साथ ही मानक विहीन पानी की बोतल की पेटियों को भी जप्त करने की कार्यवाही की गई है।

रेलवे सुरक्षा बल हरदोई के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पंजाब मेल की पेंट्री में चलने वाले दो वेंडरो को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से अधो मानक पानी की पेटियो को भी बरामद किया है। दोनों वेंडर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बरेली न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। हालांकि रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक से जब जप्त पानी की पेटियो की संख्या पूछी तो उन्होंने मामले में जानकारी देने से इनकार कर दिया।प्रभारी निरीक्षक ने पेटियो की जानकारी ना देते हुए कहा कि इस संबंध में हरदोई सीएमआई से जानकारी कर ले।रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक का यह बयान अपने आप में कई सवाल खड़े कर रहा है जब अभियोग दर्ज है तो पानी की पेटियो की जानकारी देने से इंकार क्यों किया।आरपीएफ आखिर किसको बचाना चाह रही है।

### पंजाब मेल की पैंट्री कार पर कब होगी कार्रवाई

**हरदोई, अमृत विचार।** सोमवार को शाम 6 :45 मिनट पर हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर पहुंची हावड़ा अमृतसर 13005 पंजाब मेल के पैंटी कार में से दो वेंडर उतरकर निर्माणाधीन लिफ्ट के पास पहले से रखी लगभग 29 अवैध पानी की पेटियो को पंजाब मेल के पैंटी कार में चढ़ाने का प्रयास कर रहे थे कि तभी हरदोई सीएमआई अंबुज मिश्रा ने दोनों वेंडर को पकड़ लिया और आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया। हालांकि इस संबंध में आरपीएफ ने अभियोग दर्ज किया लेकिन जप्त किए गए पानी की संख्या बताने से इनकार कर दिया। हरदोई रेलवे स्टेशन पर भारी संख्या में अवैध पानी की बोतल की पेटियो को रखें जाने से मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर पंजाब मेल के पैंटी के ठीक सामने पूर्व संयोजित तरीके से 29 पेटी अवैध पानी की बोतल किसने रखी थी। रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक पूरे मामले से बचते नजर आ रहे हैं।आरपीएफ को मामले की गंभीरता से जांच की जानी चाहिए साथ ही पंजाब मेल के पैंट्री कार पर भी कार्यवाही होनी चाहिए यदि समय रहते हरदोई के अधिकारी कार्यवाही ना करते तो अवैध पानी ट्रेन के यात्रियों को 20 रुपये में बेचा जाता।जानकार बताते है की पानी की पेटिया अच्छे कमीशन के चलते ट्रेनों में सप्लाई होती है।

## सार-संक्षेप

### कंटीले तारों की चपेट में आकर वृद्ध महिला घायल

**औरास, अमृत विचार :** खेत में किसी काम से जा रही वृद्धा खेत किनारे लगे ब्लेड वाले तार की चपेट में आकर घायल हो गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां उसका उपचार चल रहा है। कस्बा औरास के मोहल्ला शांती नगर निवासी सावित्री (60) पत्नी लेखपाल किसी काम से खेत गई थी। तभी अचानक खेत के किनारे लगे ब्लेड वाले तार की चपेट में आकर वह घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी औरास ले गए। जहां उसका प्राथमिक उपचार कर उसे घर भेज दिया गया।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**फतेहपुर चौरासी, अमृत विचार :** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में फतेहपुर चौरासी पुलिस ने एक दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दीपक पुत्र ऊदन निवासी जमुनिहाकच्छ फतेहपुर चौरासी पॉक्सो एक्ट में दर्ज मुकदमे में वांछित था। उसे थाना पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के तालिबपुर रहली मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसके विरुद्ध जरूरी कार्रवाई करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### 13 से शुरू होगी अंडर-23 जनपदीय क्रिकेट लीग

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-23 श्याम प्रकाश श्रीवास्तव जनपदीय क्रिकेट लीग 13 जून से पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होगी। इसके लिए टीमों का गठन 12 जून को सुबह 6 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। इच्छुक खिलाड़ी तय तिथि पर स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा


पुलिस गिरफ्त में सूरज सिंह।

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत बेहटा मुजावर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने उसके विरुद्ध कार्रवाई कर उसे अदालत भेज दिया। पुलिस के अनुसार, थानाक्षेत्र के गांवगौरिया कलां निवासी सूरज पुत्र कल्लू सिंह के विरुद्ध बीती 5 मई को किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के बाद किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल व अदालती बयान कराया गया था। तबसे आरोपी फरार था। दरोगा संजय पांडेय ने फोर्स के साथ मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर संडीला अंडरपास के पास से सूरज सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उसके विरुद्ध कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया। न्यायालय से दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### इलाज के दौरान सीएचसी में भर्ती बुजुर्ग की मौत

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** बीमार चल रही एक 65 वर्षीय बुज़ुर्ग महिला को गलाज के लिए सीएचसी कोथावां में भर्ती कराया गया,जहां उसकी मौत हो गई,लेकिन सीएचसी के डाक्टरों ने मौत को संदिग्ध मानते हुए पुलिस को सूचना देते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने की सिफारिश की है। बताया गया है कि बेनीगंज कोतवाली के रामपुर निवासी कालिका प्रसाद की 65 वर्षीय पत्नी रामरती काफी दिनों से बीमार चल रही थी। सोमवार को उसे इलाज के लिए सीएचसी कोथावां में भर्ती कराया गया,जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई, लेकिन उसका इलाज करने वाले डाक्टरों ने उसकी मौत को संदिग्ध मानते हुए पुलिस को सूचना दी है। रामरती के दो बेटे राजपाल व महिपाल के अलावा दो बेटियां है,जिनकी शादी हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

### सीढ़ी से गिरकर किसान की मौत

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** एक 60 वर्षीय बुज़ुर्ग सीढ़ियों से अपने मकान की छत से नीचे उतर रहा था,उसी बीच अचानक लड़खड़ा कर नीचे गिर पड़ा,घर वाले कुछ समझते उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के बर्रहइया मजरा अस्यौली निवासी 60 वर्षीय हरदयाल पुत्र मदारी दो भाइयों में बड़ा था,मेहनत-मज़दूरी करने वाले हरदयाल की शादी हुई थी,लेकिन कुछ ही दिनों के बाद पत्नी उसे छोड़ कर चली गई थी। जैसा कि बताते है कि सोमवार को अपने मकान की छत की सीढ़ियां उतर रहा था,उसी बीच लड़खड़ाते हुए वह नीचे गिर गया,उसके गिरने की आवाज़ सुन कर घर वाले दौड़ पड़े और कुछ समझते उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। इसका पता ही वहां अफरा-तफरी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### दहेज में चार लाख रुपये की हुई अतिरिक्त मांग

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर एक शादी टूट गई। बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर गांव निवासी रामप्रताप ने अपनी बेटी शिवानी की शादी हरदोई के अरवल थाना क्षेत्र के खद्दीपुर गांव निवासी संजय के साथ तय की थी। शादी 5 जून 2025 को होनी थी। कार्ड छप चुके थे और सभी रिश्तेदारों में बंट चुके थे। लेकिन 3 जून की शाम करीब 7 बजे लड़के पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया। लड़के संजय उर्फ फन्टी, उसके पिता रामकृपाल और रिश्तेदार रामजीत व पूजा देवी ने दहेज में 4 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की।लड़की के पिता रामप्रताप ने बताया कि वह अब तक शादी की तैयारियों में 2 लाख रुपये खर्च कर चुके हैं। लड़के पक्ष ने उन्हें गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पिता ने 9 जून को थाने में शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने मामले में दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 351(3) और 352 के तहत भी कार्रवाई की जा रही है।

### सपा का प्रतिनिधिमंडल आज पहुंचेगा मक्कापुरवा व जरेरा

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां क्षेत्र के मक्कापुरवा निवासी रामश्री की दबंगों द्वारा हत्या कर दी गई थी, वहीं जरेरा निवासिनी संगीता राजपूत की भी गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। दोनों हत्याओं की जानकारी लेने व शोकाकुल परिजनों से मिलने के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बुधवार को एक प्रतिनिधि मंडल जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में विधायक राहुल राजपूत, प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग डा. राजपाल कश्यप, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष मो. शकील, जिलाध्यक्ष शराफत अली, प्रदेश सचिव सपा यदुनंदन लाल राजपूत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवजन सभा नाजिम खान, जिला पंचायत सदस्य शांति देवी, विधानसभा मल्लावां के अध्यक्ष मो. नसीम व ब्रजेश वर्मा शामिल रहेंगे। यह प्रतिनिधि मंडल मौके पर जाकर जानकारी लेगा तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराएगा।

# महिला ने डीआईओएस पर लगाया अभद्रता का आरोप

**उन्नाव, अमृत विचार।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन के एक मामले की जांच कर रहे डीआईओएस के पास बयान देने गई महिला ने उन पर अभद्रता कर कक्ष से बाहर निकालने का आरोप लगाया है। वहीं डीआईओएस ने आरोप बेबुनियाद बताते हुए कहा कि महिला के साथ आया उसका पति मोबाइल से बयानों की वीडियो बना रहा था। उसे रोका गया तो उसने शोर मचाकर आरोप लगाना शुरू कर दिया। बता दें कि सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक के सन्नी शंकरपुर सरांय गांव की अनामिका शर्मा ने जिलाधिकारी से दो माह पूर्व शिकायत की थी कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री के लिए चयनित रेखा देवी ने शैक्षणिक दस्तावेजों में हेराफेरी की है। उसने वर्ष-2002 में हाईस्कूल परीक्षा रेखा वर्मा नाम से दी थी। जिसमें उसने जन्मतिथि 20 मार्च-1982 दर्ज कराई थी। फेल होने पर वर्ष-2015 में पुनः परीक्षा रेखा देवी के नाम से दी और उसमें जन्मतिथि 20 मार्च-1998 दर्ज कराई। आरोप है कि उसने आयु मानदंड में छूट पाकर चयन में गलत लाभ लिया। शिकायत पर डीएम ने एसडीएम न्यायिक व डीआईओएस एसपी सिंह को जांच सौंपी। वहीं इसे लेकर डीआईओएस ने बताया कि आरोप बेबुनियाद हैं। बयान दर्ज कराने आई महिला का पति वीडियो बना रहा था। उसे मना किया गया तो हंगामा किया। बताया कि रिकॉर्डिंग बंद न करने पर उन्हें कक्ष से बाहर जाने को कहा गया था।


जिला पंचायत कार्यालय में सुंदरकांड का पाठ करते भक्त। अमृत विचार


औरास में भंडारे में प्रसाद लेते लोग। अमृत विचार


परियर गंगातट पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगल पर बजरंगबली के भजनों पर झूमे भक्त

## हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड व विशाल भंडारों के आयोजन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

## सुबह ब्रह्ममुहूर्त में गंगास्नान कर लोगों ने की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में भक्त बजरंगबली के भजनों पर झूमते-गाते रहे। इस दौरान उनमें भक्तिभाव की उमंग देखने को मिली। हनुमान मंदिरों में भव्य श्रृंगार व सुंदर कांड पाठ आयोजित हुए। जगह-जगह शर्बत वितरण व विशाल भंडारों का आयोजन कर श्रद्धालुओं व राहगीरों को प्रसाद भी बांटा गया।

शहर के बड़ा चौराहा, छोड़ा चौराहा, झंडेश्वर मंदिर, मोती नगर, गांधी नगर, सिविल लाइंस, आईबीपी चौराहा समेत अन्य स्थानों पर सुंदरकांड व विशाल भंडारों का आयोजन कराया गया। सभी जगह सुंदरकांड व बजरंग बली की आरती के साथ भंडारे व प्रसाद वितरण की शुरुआत हुई। जिसमें पूड़ी सब्जी, हलुआ, लस्सी व फलों का वितरण श्रद्धालुओं व राहगीरों को किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। इसके अलावा जिला पंचायत कार्यालय में ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार पर सुंदरकांड व भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा बर्फानी सेवा मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने पूजा-अर्चना की। इसमें भाजपा नेता शशांक शेखर सिंह ने प्रसाद वितरण किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे भक्तों ने भक्तिगीतों पर जमकर नृत्य किया और प्रसाद ग्रहण किया। इसमें भाजपा नेता शिवेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह व पवश पांडे आदि मौजूद रहे।

**गंगास्नान कर श्रद्धालुओं ने पुरोहितों को किया दान, परियर:** ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर मंगलवार को ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालुओं ने गंगातट पर स्नान के बाद पूजा अर्चना कर तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दिया। इसके बाद रास्ते में पड़ने वाले शिवालयों में जलाभिषेक कर मंगल कामना की। स्थानीय ब्रह्मावर्त गंगातट पर श्रद्धालुओं के जत्थे सोमवार शाम से ही आना शुरू हो गए थे। रात में कीर्तन भजन के बाद सुबह ब्रह्ममुहूर्त में गंगास्नान कर पूजा-अर्चना की और वहां मौजूद तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। लौटते समय रास्ते में पड़ने वाले बाबा बलखंडेश्वर मंदिर व जानकीकुण्ड आश्रम में मंदिरों में जलाभिषेक कर परिवार की मंगल कामना की। परियर चौराहे पर संतोषी माता मंदिर के सामने भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान फोर्स मौजूद रहा।

**सुंदरकांड पाठ कर आयोजित किये भंडारे, फतेहपुर चौरासी:** ज्येष्ठ मास के अंतिम मंगलवार को कस्बा व क्षेत्र में चौराहों व दुकानों में सुंदरकांड पाठ व भंडारे आयोजित हुए। जिसमें शगुन पैलेस पर कैलाश नाथ बाजपेई, अवनीश त्रिवेदी, सचिन चौरसिया, कस्बा ऊगू में अवधेश दीक्षित, अनुज दीक्षित, कटिघरा में संतोष यादव, शीतला मंदिर पर स्वामी शंकर यादव ने ठंडे शर्बत के साथ सब्जी-पूरी, हलुवा व दही जलेबी का प्रसाद आदि का वितरण किया।

**पवनसुत के मंदिरों में भक्तों ने किया हवन, औरास:** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को कस्बा औरास सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पवनसुत के मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों में भगवान श्री बाला जी का विधिविधान पूर्वक वैदिक मंत्रों उच्चारण से हवन कर भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद कहीं शरबत, कहीं कड़ी चावल तो कहीं खीर-पूड़ी के स्टाल लगाकर आने जाने वालों को वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद लेकर भगवान श्री बालाजी महाराज के जयकारे लगाए। श्री बालाजी के मंदिर पर मंशाराम ने, कमला शंकर गुप्ता ने हनुमान मंदिर में, जगदीश सोनी, सतीश सोनी, अखिलेश जायसवाल, राकेश शर्मा, बबलू शर्मा, सुधीर सैनी, कैलाश सैनी, ललित सैनी, सुधीर सोनी ने भंडारे आयोजित कराए।

### एसपी, एएसपी व सीओ सिटी ने पूजन के बाद भक्तों को बांटा प्रसाद

**उन्नाव, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार पर एसपी दीपक भूकर, एएसपी अखिलेश सिंह व सीओ सिटी सोनम सिंह पुलिस कार्यालय में आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरण कार्यक्रम का विधिविधान से पूजन कर शुभारंभ किया। इसमें आने वाले लोगों को पुलिस अधिकारियों ने प्रसाद वितरित किया। इस दौरान एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद के अलावा पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहा। वहीं आयोन के दौरान प्रसाद लेने वाले भक्तों की भीड़ लगी रही।


लोगों को प्रसाद बांटते एसपी, एएसपी व सीओ सिटी। अमृत विचार

### पुलिस अफसरों ने सुंदरकांड पाठ के साथ किया भंडारा

**सफीपुर, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार पर कोतवाली परिसर, शंकरी मंदिर व मिर्जापुर गांव में सुंदरकांड पाठ व भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कोतवाली परिसर में सीओ मधुप नाथ मिश्रा व एसओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी की उपस्थिति में बजरंगबली की पूजा-अर्चना कर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ कराया गया। इसके बाद भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। वहीं, नगर के ऐतिहासिक शंकरी मंदिर परिसर में भी भंडारा आयोजित हुआ। इसमें क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर उपस्थित रहे। उन्होंने भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इसी क्रम में मिर्जापुर गांव में समाजसेवी नागेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा सुंदरकांड पाठ व भंडारा आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीणों व आस पास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।


सफीपुर कोतवाली परिसर में सुंदरकांड पाठ का होता आयोजन। अमृत विचार

## एक नजर

### छेड़छाड़ के दोषी युवक को मिली 3 साल की सजा

उन्नाव : किशोरी से छेड़छाड़ करने के दोषी युवक को कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट में उस पर 10 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अचलगंज थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि क्षेत्र के गांव नौगवां निवासी सुमेर बीते दो माह से उसका पीछा करता था और विरोध करने पर उससे अभद्रता करता था। उसके परिजन शिकायत लेकर सुमित के घर गए तो सुमित ने परिजनों के साथ मिलकर गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। 12 दिसंबर-2016 को पिता ने अचलगंज थाना में घटना की शिकायत की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सुमित व उसके पिता सुमेर पर पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। मंगलवार को अंतिम सुनवाई के दौरान न्यायाधीश विवेकानंद विश्वकर्मा ने शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद वाजपेई की दलील पर सुमित को दोषी माना और उसे सजा सुनाई।

### कोर्ट के आदेश पर तीन के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी गांव में फरवरी माह में संदिग्ध परिस्थितियों में अधिवक्ता व स्कूल प्रबंधक इशरार अहमद की मौत हो गई थी। मृतक के भाई अहेम पुत्र स्व. इस्लाम की तहरीर के बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने अब तीन लोगों उसकी दूसरी पत्नी अनीशा खातून, बहन मोनिशा और बहनोई मेराज आलम के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली के सरदार भवन सिंगरोसी निवासी अहेम ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया कि 16 फरवरी को इशरार अहमद की हत्या की गई और उसके घर का ताला तोड़कर सामान भी लूट लिया गया। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उसकी दूसरी पत्नी बहन और बहनोई ने मिलकर हत्या की थी।

### ज्येष्ठ मास के अंतिम मंगलवार पर बांटा शर्बत, पालिका ने कराया भंडारा

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगलवार के अवसर पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान भक्तों की अटूट श्रद्धा देखने को मिली। मंगलवार को नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भव्य श्रृंगार, सुंदरकांड पाठ और भंडारों का आयोजन किया गया। पालिका ने भी राजधानी मार्ग पर विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने पालिका के बाहर हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जहां भजन मंडली के भक्ति गीतों पर पालिका सदस्यों, कर्मचारियों और श्रद्धालुओं ने झूमकर बाबा की महिमा का गुणगान किया। दोपहर से शाम तक चले इस आयोजन में कढ़ी-चावल, पूड़ी-सब्जी और खीर का भंडारा लगाया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। राजधानी मार्ग पर रोटी बैंक के सदस्यों प्रदीप शुक्ला, आनंद वर्मा, विक्रम आनंद और अन्य ने श्रद्धालुओं को शर्बत पिलाकर सेवा की। वहीं यूनियन कार्बाइड नव युवक मंडल की ओर से शर्बत वितरण किया गया। इससे पहले संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ हुआ। इस मौके पर महेश मिश्र, नन्द कुमार मिश्र, वैभव मिश्र, धीरज, बालकृष्ण राजपूत, डॉ. विवेक मिश्र, विशाल गुप्ता, सोनू गुप्ता, डीडी गौतम, शुभम गौतम, वीरेंद्र, विकास शुक्ल, अनिल चौरसिया, शिवमोहन आदि मौजूद रहे। वहीं, गगनी खेड़ा में राजकुमार निषाद और स्थानीय युवाओं ने भंडारे का आयोजन किया। महावीर मंदिर और दुर्गा मंदिर के बाहर भी शर्बत वितरित किया गया, जहां लोगों ने श्रद्धापूर्वक इसे ग्रहण किया। दूसरी ओर पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में सुबह गंगा तट पहुंचे और आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। जिसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायन की कथा भी सुनी। गंगा तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की। वहीं पूर्णिमा स्नान होने पर स्टेशन पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। पूर्णिमा के अवसर पर नगर के अलावा उन्नाव, कानपुर, लखनऊ, नबावगंज, पिपरसंड, हरौनी, रायबरेली, बालामऊ, हरदोई समेत तमाम स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई। इसके अलावा नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। गंगा की आरती के समय का नजारा विहंगम हो गया।


पालिका के बाहर होता सुंदरकांड का पाठ। अमृत विचार


पालिका के बाहर भंडारे में मौजूद पालिकाध्यक्ष और ईओ। अमृत विचार

## कूड़े की आग से दस झोपड़ियां स्वाहा, दुकानदारों को लाखों का नुकसान

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** रेलवे क्रॉसिंग ढाल के पास रेलवे खंती में जमा कूड़े में लगी आग ने मंगलवार को विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे करीब दस झोपड़ियां, सब्जी और फर्नीचर की दुकानें जलकर खाक हो गईं। आगजनी में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, जबकि आग लगने के बाद मचे हड़कंप के बीच लोगों ने अपना सामान बचाने की जद्दोजहद की।

आग की शुरुआत सोमवार मध्यरात्रि करीब एक बजे हुई, जब द्वारिका मोहिनी स्कूल के सामने रेलवे क्रासिंग सब्जी मंडी के पीछे खंती में जमा कूड़े के ढेर में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी, जिसके बाद दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। हालांकि, कूड़ा पूरी तरह बुझाया नहीं गया और वह सुलगता रहा। दोपहर करीब एक बजे तेज हवाओं के कारण आग फिर से भड़क उठी और इस बार उसने विकराल रूप धारण कर लिया। लपटें इतनी तेज थीं कि पास की झोपड़ियों में आग फैल गई और एक के बाद एक करीब दस झोपड़ियां जलने लगीं। आग की चपेट में आने वालों में मीना, रामा, रामरती, अनूप कुमार, छोटू, प्रेमा देवी और पप्पू की सब्जी की दुकानें शामिल हैं। इसके अलावा, हरिश्चंद्र शर्मा की फर्नीचर की दुकान और सावित्री की चारपाई की दुकान भी पूरी तरह जल गई। दुकानदारों का कहना है कि वे अपना सामान बचाने में नाकाम रहे और उन्हें लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की दो गाड़ियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। शाम चार बजे तक आग पूरी तरह बुझाई जा सकी। इस दौरान रेलवे क्रॉसिंग ढाल पर यातायात ठप रहा और लोगों को लंबे जाम का सामना करना पड़ा।

वहीं स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कूड़े के ढेर को लेकर प्रशासनिक लापरवाही इस घटना की मुख्य वजह है। उनका कहना है कि यदि रात में ही कूड़े को पूरी तरह हटा दिया गया होता, तो दोपहर में इतनी बड़ी घटना नहीं होती। उधर आग की तेज लपटों को देखकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। लोग अपना सामान बचाने के लिए झोपड़ियों से बाहर भागे, लेकिन कई लोगों को अपना सामान छोड़कर भागना पड़ गया।


आग से धू-धूकर जलतीं झोपड़ियां। अमृत विचार


आग से निकाला गया गृहस्थी का सामान। अमृत विचार

**मध्यरात्रि और दोपहर में दो बार लगी आग, मशक्कत से बुझी**

## सार-संक्षेप

### मदनी नगर और अली नगर में फाल्ट से पूरी रात बिजली गुल

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** सोमवार रात विद्युत आपूर्ति के दौरान मदनी नगर और अली नगर में फाल्ट से क्षेत्र भर में बिजली गुल रही। रात लगभग 1 बजे जब विद्युत आपूर्ति चालू हुई, तो मदनी नगर में एबीसी केबल जल गई, जिससे फीडर 3 की आपूर्ति ठप हो गई। इस समस्या की सूचना क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को दी, जिसके बाद किसी तरह से अन्य क्षेत्रों की आपूर्ति चालू की गई। मंगलवार सुबह बिजली विभाग के कर्मी मदनी नगर पहुंचे और टूटे हुए तार को जोड़कर आपूर्ति को फिर से बहाल किया। इसी तरह कप्तान साहब हाता में भी केबल जलने से बिजली गुल रही। इसी दौरान, फीडर 2 के अली नगर में भी एबीसी लाइन टूट गई, जिससे वहां के कई घरों में बिजली बंद हो गई। मंगलवार सुबह बिजली कर्मियों ने एबीसी लाइन की मरम्मत की, जिसके बाद आपूर्ति शुरू हो पाई। इन समस्याओं के कारण पूरे दिन बिजली की आवाजाही बनी रही, जिससे गर्मी के मौसम में लोग खासा परेशान हो गए। इसके अलावा, मंगलवार दोपहर 1 बजे द्वारिका मोहिनी के पास आग लगने से पश्चिमी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति दोपहर 1 से 3 बजे तक बंद रही। गर्मी और बिजली संकट के बीच क्षेत्रीय निवासी बेहाल हो गए।

### खाना बनाते समय सिलेंडर से लगी आग, सामान जला

**संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार :** थानाक्षेत्र के एक गांव में खाना बनाते समय लगी आग से गृहस्थी सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। इसमें हुए नुकसान की सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने आंकलन कर रिपोर्ट विभागीय उच्चाधिकारियों को सौंपी है। क्षेत्र के गांव भोला खेड़ा में मंगलवार सुबह पुष्पेंद्र अपने घर में गैस सिलेंडर में खाना बना रहे थे। तभी अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आग लगने के बाद घर में मौजूद पुष्पेंद्र के भाई प्रवीण व मां मनोरमा घर से बाहर आ गईं। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारी पहुंचे। तब तक इस अग्निकांड में गृहस्थी का सामान, 50 हजार नगद सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल राजेश ने नुकसान का आंकलन किया है।

### गोशाला में आग लगने से लाखों का भूसा जला

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव जोगीकोट की गौशाला में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से लाखों रुपए का भूसा जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रधान ने गांव के ही कुछ लोगों पर चुनावी रंजिश के चलते आग लगाने का आरोप लगाया है। घटना की तहरीर प्रधान ने बेहटा मुजावर पुलिस को दी है। थाने में दी तहरीर में प्रधान कल्लू पुत्र मुन्ना ने कहा कि बीती सोमवार शाम गौशाला के केयरटेकर खाना खाने चले गए थे। तभी अचानक गांव के बाहर स्थित गौशाला में आग लग गई। आग से गोवंश तो बच गए लेकिन गोदाम में रखे 1200 कुंतल भूसे को आग ने चपेट में ले लिया। आग की सूचना पर प्रधान तुरंत मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों को सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में लाखों का भूसा जलने की बात बताई जा रही है। तहरीर में प्रधान ने गांव के कुछ लोगों पर चुनावी रंजिश चलते गोवंश के चारे में आग लगाने का आरोप लगाया है।

### समर कैंप में बच्चों ने किया योगाभ्यास

**उन्नाव, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा में 21 मई से लगातार समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में बच्चों ने पूल पार्टी, रसना पार्टी, वाटर मेलन पार्टी का आनंद लिया। इसमें बच्चों ने मंत्रोच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार, पश्चिमोत्तासन, गरुणासन, नटराज आसन, वृक्षासन, ताड़ासन, कपाल भांति, म्यूजिकल योगा, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शीतली इत्यादि कई प्राणायाम और आसन सीखे और कैंप में उल्टी बखिया, चेन स्टिच, काज स्टिच, भरवा कढ़ाई सीखकर रुमाल बनाए। इस दौरान अभिभावक भी उपस्थित रहे। अभिभावकों ने कैंप की प्रशंसा करते हुए कहा कि यी कैंप बच्चों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी रहा। बच्चों ने अभिभावकों के सम्मुख दुल्हन चली तथा रंग दे बसंती चोला जैसे देशभक्ति गीतों पर सुंदर प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा बनाई गई मोतियों की माला अभिभावकों को उनके बच्चों ने पहनाई। डॉ. रचना सिंह ने अभिभावकों को उनके सहयोग के लिये धन्यवाद दिया।

### चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी में हुई संगोष्ठी

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज ने लीगल एआई चुनौतियां व संभावना विषय पर एक विशेषज्ञ संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में न्याय पालिका और कानूनी शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका पर गहन चर्चा हुई। पूर्व न्यायाधीश इलाहाबाद हाईकोर्ट रंगनाथ पांडेय ने कहा कि एआई न्यायिक प्रक्रियाओं को तेज़ कर सकता है लेकिन यह मानवीय निर्णय की जगह नहीं ले सकता। सीयू यूपी का एआई-एनाब्ल्ड लॉ प्रोग्राम छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करेगा। प्रशांत सिंह अटल चीफ स्टैंडिंग काउंसिल ने कहा कि एआई एक शक्तिशाली उपकरण है पर इसका उपयोग जिम्मेदारी से होना चाहिए। यह यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में कानूनी शिक्षा को नया आयाम देगी। प्रो-वाइस चांसलर डॉ. थिपेंद्र सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने एआई-समर्थित पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। जो छात्रों को तकनीक व कानून का समन्वय सिखाएंगे। डॉ. अजय यादव रजिस्ट्रार ने कहा कि हमारा लक्ष्य उद्योग-अनुकूलित, बहु-विषयक शिक्षा मॉडल विकसित करना है। सीबीआई के वरिष्ठ अभियोजक वरुण द्विवेदी ने एआई की मदद से कानूनी शोध और डेटा विश्लेषण की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कुलदीप त्रिपाठी अतिरिक्त एडवोकेट जनरल ने कहा कि एआई न्यायिक पारदर्शिता बढ़ाएगा लेकिन मानवीय नैतिकता का ध्यान रखना होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय ने कानूनी शिक्षा में एआई के एकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

**समस्या** ठेकेदार की लापरवाही और उदासीनता के चलते सड़क पर राहगीरों को आवागमन में दिक्कतें

## पोनी रोड निर्माण धीमी गति से होने से लोगों में रोष

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** पोनी रोड के निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी से स्थानीय निवासियों में गहरा रोष है। चार महीने बीत जाने के बाद भी सड़क का केवल 30 प्रतिशत भी काम पूरा नहीं हो पाया है, जबकि ठेकेदार द्वारा पहले से मौजूद सड़क को उखाड़ देने के बाद निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। इससे आवागमन में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मार्च माह में जब पोनी रोड के निर्माण कार्य को मंजूरी मिली थी, तो स्थानीय लोगों ने इसे एक सकारात्मक कदम मानते हुए खुशी जताई थी। लेकिन, ठेकेदार की लापरवाही और कार्य को लेकर उदासीनता के कारण अब यही लोग निराश नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने काम को व्यवस्थित ढंग से कराने के बजाय टुकड़ों में कराया है। आजाद मार्ग से डेरा पीपरखेड़ा तक के लिए पूरी सड़क को एक साथ बनाने की जरूरत थी, लेकिन ठेकेदार ने कुछ मीटर का ही काम कराकर बाकी हिस्से को छोड़ दिया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि ठेकेदार कुछ दिन काम करवाने के बाद उसे हफ्तों तक के लिए बंद कर देता है। इसके अलावा, लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क को एक महीने पहले उखाड़ दिया गया था, लेकिन अभी तक उस हिस्से पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। इससे आसपास के गांवों के लोगों को रोजाना धूल और गड्ढों के बीच से गुजरना पड़ रहा है, जिससे उनकी दिक्कतें बढ़ गई हैं। लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी भी इस मामले में गंभीर नहीं दिख रहे हैं। उनकी लापरवाही के कारण ठेकेदार मनमाने ढंग से काम कर रहा है।


पोनी रोड की इस तरह खुदी पड़ी है सड़क। अमृत विचार

> बकरीद का त्योहार होने के कारण अधिकांश मजदूर अपने घर चले गये थे, जिस कारण कार्य धीमी गति से कराया जा रहा है। जल्द ही तेजी से कार्य शुरू कराकर समय पर खत्म कराया जाएगा।
>
> -एचडी अहिरवार, एक्सईएन, लोक निर्माण विभाग।

### 50 मिनट का ब्लॉक लेकर ओएचई की मरम्मत

**शुक्लागंज (उन्नाव):** मंगलवार दोपहर डाउन लाइन पर ओएचई मेंटीनेंस के लिए रेलवे विभाग ने कंट्रोल से ब्लॉक की मांग की। विभाग को 50 मिनट का ब्लॉक मिलने के बाद टॉवर वैगन की मदद से ओएचई लाइन का रखरखाव कार्य पूरा किया गया, जिससे इस दौरान डाउन लाइन का रेल संचालन प्रभावित रहा। ओएचई की मरम्मत के लिए रेलवे कर्मचारी टॉवर वैगन के साथ गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्हें दोपहर 1:10 बजे से 2:00 बजे के बीच 50 मिनट का ब्लॉक मिला। इस अवधि में डाउन लाइन पर ओएचई लाइन की आवश्यक मेंटीनेंस की गई। ब्लॉक लेने के चलते डाउन लाइन का रेल संचालन प्रभावित रहा।

## एक नजर

### सेबी ने एनएसई को-लोकेशन मामले में नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर ब्रोकर ओपीजी सिक्योरिटीज और उसके निदेशकों को नोटिस भेजकर एनएसई को-लोकेशन मामले में शेयर बाजार के सर्वर तक अनुचित पहुंच के मामले में 5.35 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा है। सेबी ने 15 दिनों के भीतर भुगतान करने में नाकाम रहने पर इनकी संपत्ति के साथ बैंक खातों को भी कुर्क करने की चेतावनी दी है।

### कॉरपोरेट इंडिया का नियुक्ति परिदृश्य जुलाई-सितंबर में स्थिर

**नई दिल्ली।** भारत में कॉरपोरेट क्षेत्र में अगले तीन महीनों के लिए भर्ती परिदृश्य स्थिर है। इसे निजी सेवा क्षेत्र में मजबूत वृद्धि और वैश्विक व्यापार में बदलाव से होने वाले आर्थिक लाभ से समर्थन मिलेगा। मैनपावरग्रुप के ताजा रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

# दावा रहित राशि की वापसी प्रक्रिया में लाएं तेजी

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एफएसडीसी की बैठक में बैंकों और विभिन्न वित्तीय संस्थानों को दिए निर्देश

मुंबई, एजेंसी



मुंबई में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की 29वीं बैठक को संबोधित करती निर्मला सीतारमण।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विनियामकों और विभागों से दावा न किए गए जमा को सही मालिकों को वापस करने और केवाईसी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने को कहा। सीतारमण ने वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की 29वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखा जाना चाहिए और सही दावेदारों के दावों पर तेजी से कदम उठाया जाना चाहिए।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वित्त मंत्री ने परिषद से सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया ताकि नागरिकों को वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में सहज अनुभव मिल सके। इस दौरान भारतीय प्रतिभूति बाजार में भारतीय मूल के लोगों समेत अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए डिजिटल रूप से जोड़े जाने सहित केवाईसी प्रक्रिया के सामान्य मानदंडों, सरलीकरण और डिजिटलीकरण की जरूरत पर जोर दिया गया। सीतारमण ने नियामकों और विभागों से जिला स्तर पर विशेष शिविर लगाकर दावा न किए गए धन को उसके सही मालिकों को लौटाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। यह अभियान आरबीआई, सेबी, एमसीए, पीएफआरडीए और आईआरडीए के साथ-साथ बैंकों, पेंशन एजेंसियों, बीमा कंपनियों के साथ तालमेल में चलाया जाना है। दावा न किए गए धन में बैंकों में जमा राशि के साथ ही दावा न किए गए शेयर एवं लाभांश और दावा न किए गए बीमा एवं पेंशन कोष शामिल हैं। आरबीआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2024 के अंत तक बैंकों में दावा न की गई जमा राशि 26 प्रतिशत बढ़कर 78,213 करोड़ रुपये हो गई थी। एफएसडीसी ने वृहद वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों पर चर्चा की। परिषद ने घरेलू और वैश्विक वृहद वित्तीय स्थिति से उभरते रुझानों पर विचार-विमर्श किया और सतर्क रहने की जरूरत पर बल दिया।

### बैठक में आरबीआई गवर्नर सेबी के प्रमुख रहे उपस्थित

एफएसडीसी ने पिछले निर्णयों और बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अलावा बाजार नियामक सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के अध्यक्ष के. राजारमण और भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव अजय सेठ, आर्थिक मामलों के विभाग की मनोनीत सचिव अनुराधा ठाकुर, वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू, कॉरपोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौर मुखर्जी व अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# विश्व बैंक ने भारत की वृद्धि दर को 6.3 प्रतिशत पर रखा बरकरार

वाशिंगटन, एजेंसी

- कहा-दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत

विश्व बैंक ने मंगलवार को वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इसके साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने अप्रैल में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था, जो जनवरी में 6.7 % था।

विश्व बैंक की ताजा वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट के अनुसार बढ़े हुए व्यापार तनाव और नीति अनिश्चितता के चलते इस साल वैश्विक वृद्धि में गिरावट आने की आशंका है, जो 2008 के बाद से सबसे धीमी गति हो सकती है। वैश्विक वृद्धि के 2025 में 2.3 प्रतिशत तक धीमा करने का अनुमान लगाया गया है। इस उथल-पुथल के कारण सभी क्षेत्रों और आय समूहों में 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि पूर्वानुमान में कटौती की गई है। इसमें भारत के बारे में कहा गया है कि 2024-25 में वृद्धि धीमी हो गई, जो आंशिक रूप से औद्योगिक उत्पादन वृद्धि में नरमी को दर्शाती है। हालांकि, निर्माण और सेवा गतिविधियों में वृद्धि स्थिर रही और ग्रामीण क्षेत्रों में लचीली मांग के कारण कृषि उत्पादन में सुधार हुआ है। भारत के 2025-26 में 6.3 प्रतिशत की दर से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में वृद्धि के पूर्वानुमान को जनवरी के अनुमानों की तुलना में 0.4 प्रतिशत घटा दिया गया है, क्योंकि प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में कमजोर गतिविधि और बढ़ती वैश्विक व्यापार बाधाओं के कारण निर्यात में कमी आई है।

# देश में बिजली की कमी बिल्कुल भी नहीं : मनोहर

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय बिजली मंत्री ने कहा- भारत ऊर्जा अधिशेष देश के रूप में उभर रहा

केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो महीनों के दौरान देश में बिजली की कोई कमी नहीं हुई और भारत ऊर्जा अधिशेष राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। मंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में बिजली की कमी 0.1 प्रतिशत रही।

उन्होंने कहा कि चूंकि बिजली की मांग मौसम पर निर्भर करती है, इसलिए इस गर्मी के मौसम में भारत की बिजली की अधिकतम मांग 241 गीगावाट (नौ जून को) को छू गई, जबकि पिछले साल 30 मई, 2025 को बिजली की अधिकतम मांग 250 गीगावाट के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर थी। मनोहर लाल ने यह भी कहा कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट को छू सकती है।

## भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने दुनिया का ध्यान खींचा: सरकार

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है और लेन-देन की इस क्रांति ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के 11 साल पूरे होने के अवसर पर जारी एक पुस्तिका में कहा गया है कि भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों में फैल गई है।

- मार्च 2025 में 24.77 लाख करोड़ के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए

इसमें कहा गया, भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने दुनिया भर का ध्यान खींचा है। मार्च 2025 में, यूपीआई पर लगभग 24.77 लाख करोड़ रुपये के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए। यूपीआई प्रणाली का उपयोग अब करीब 46 करोड़ व्यक्ति और 6.5 करोड़ व्यापारी करते हैं। छोटे से छोटे लेनदेन के लिए भी डिजिटल भुगतान किया जा रहा है, जिसमें से 50% को छोटे या अत्यधिक छोटे भुगतान के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

## राज्यों की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र अव्वल बिहार 17वें स्थान पर

**कोलकाता।** भारत के बड़े राज्यों के लिए जारी वर्ष 2025 की केअरएज की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र पहले स्थान पर रहा जबकि पश्चिम बंगाल 13वें स्थान पर है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केअरएज ने कहा कि बड़े राज्यों में से महाराष्ट्र शीर्ष रैंकिंग पर रहा जबकि गुजरात को दूसरा, कर्नाटक को तीसरा, तेलंगाना को चौथा और तमिलनाडु को पांचवां स्थान मिला। केअरएज राज्य रैंकिंग को सात प्रमुख बिंदुओं को समाहित कर जारी किया जाता है। इसमें आर्थिक, राजकोषीय, बुनियादी ढांचा, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण के पहलू शामिल हैं।

# ईएफटीए व्यापार समझौता साझेदारी में लाएंगे स्थिरता : गोयल

बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी



- उद्योग मंत्री ने कहा- भारत विशाल बाजार और कुशल पेशेवर कराता है उपलब्ध

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय संघ ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों क्षेत्रों में कारोबार में स्थिरता तथा भरोसा लाएगा। उन्होंने कहा कि भारत जहां विशाल बाजार और कुशल पेशेवर उपलब्ध कराता है, वहीं स्विट्जरलैंड में उन्नत विनिर्माण क्षमताएं हैं।

दोनों पक्षों ने 10 मार्च 2024 को व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत, भारत को समूह से 15 वर्ष में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट्स और तराशे गए हीरों जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिश्टेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। गोयल ने यहां दोनों क्षेत्रों के कारोबारियों को संबोधित करते हुए कहा, यह समझौता साझेदारी में स्थिरता, पूर्वानुमेयता और निरंतरता प्रदान करेगा।

### स्विट्जरलैंड की कंपनियों को निवेश के लिए किया आमंत्रित

**बर्न।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को भारत में स्विट्जरलैंड की कंपनियों के लिए समर्पित क्षेत्र विकसित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने स्विट्जरलैंड की कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि भारत उनके लिए बहुत सारे अवसर प्रदान करता है। गोयल ने भारत और स्विट्जरलैंड के उद्योग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा, हम स्विट्जरलैंड की कंपनियों के लिए एक समर्पित 'स्विस क्षेत्र' (एनक्लेव) भी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्विट्जरलैंड के नागरिकों के लिए खासतौर से बने रेस्तरां, होटल, स्कूल और कॉलेज हो सकते हैं।

## राष्ट्रीय

# रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता पर जोर : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा- सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश में आए महत्वपूर्ण बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं और रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण तथा आत्मनिर्भरता दोनों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, पिछले 11 वर्ष में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं तथा रक्षा उत्पादन के मामले में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। यह देखकर खुशी होती है कि कैसे भारत के लोग देश को मजबूत बनाने के संकल्प के प्रति एकजुट हुए हैं।

प्रधानमंत्री पद पर मंगलवार को 11 वर्ष पूरे होने पर मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक 'थ्रेड' साझा किया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में हुए बदलावों पर प्रकाश डाला गया। इसमें कहा गया है कि मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मात्र 11 वर्षों में भारत की रक्षा क्षमताओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है, रणनीतिक वैश्विक साझेदारियां प्रगाढ़ हुई हैं तथा अंतरिक्ष अन्वेषण में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की गई हैं। इस वीडियो में कहा गया कि 'आत्मनिर्भर भारत' के उनके संकल्प से प्रेरित राष्ट्र ने आत्मनिर्भर नवाचार को अपनाया है और व्यापार एवं प्रौद्योगिकी में अपने प्रभाव को बढ़ाया है। इसमें कहा गया है कि 'इंडियाज राइज इन 11 इयर्सः पावर, पार्टनरशिप एंड प्रोग्रेस' में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की पहलों और उसके बाद हुए परिवर्तनों का उल्लेख किया गया है।



सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य शशि थरूर से मिलते प्रधानमंत्री मोदी।

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मिले मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत रुख से अवगत कराने के लिए विश्व की राजधानियों की यात्रा पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मंगलवार शाम मुलाकात की। सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए। केंद्र सरकार पहले ही 50 से अधिक व्यक्तियों वाले सात प्रतिनिधिमंडलों के कार्य की प्रशंसा कर चुकी है, जिनमें अधिकतर वर्तमान सांसद हैं। पूर्व सांसद और पूर्व राजनयिक भी इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा थे, जिन्होंने 33 विदेशी राजधानियों और यूरोपीय संघ का दौरा किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही प्रतिनिधिमंडलों से मिल चुके हैं और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को व्यक्त करने में उनके प्रयासों की सराहना कर चुके हैं। चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों ने किया, जिनमें भाजपा के दो, जद (यू) के एक और शिवसेना के एक सांसद शामिल थे, जबकि तीन का नेतृत्व विपक्षी सांसदों ने किया जिनमें कांग्रेस, द्रमुक और राकांपा (एसपी) के एक-एक सांसद शामिल थे। भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, कांग्रेस के शशि थरूर, जद (यू) के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, द्रमुक की कनिमोई और राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

## सरकार के 11 साल पर नमो सर्वे को एक दिन में मिलीं 5 लाख प्रतिक्रियाएं

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में विभिन्न मुद्दों पर लोगों की प्रतिक्रिया जानने के लिए नमो ऐप पर शुरू किए गए सर्वेक्षण में एक दिन में पांच लाख से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 77 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सर्वेक्षण पूरा कर लिया है। ये इस राष्ट्रीय संवाद में योगदान देने के लिए उच्च स्तर की सहभागिता और रुचि को दर्शाता है। सबसे अधिक प्रतिक्रियाएं यूपी से प्राप्त हुईं, उसके बाद महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात और हरियाणा का स्थान है। भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य यूपी से 1,41,150 से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, महाराष्ट्र से 65,775, तमिलनाडु से 62,580 व अन्य राज्यों से प्रतिक्रियाएं मिलीं।

# राजस्थान में पिकनिक मनाने गए आठ युवक नदी में डूबे

जयपुर, एजेंसी

- जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी पहुंचे थे

राजस्थान के टोंक जिले में आठ युवकों की मंगलवार को बनास नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। टोंक के जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी के पास पहुंचे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया और आठ युवक डूब गए। इन सभी युवकों की उम्र 25 से 30 साल के बीच थी। हादसा बनास नदी पुराने पुल के पास कच्चा बंधा के समीप हुआ।

उन्होंने बताया कि तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया गया। एक अधिकारी के अनुसार ये जयपुर के हसनपुरा इलाके के रहने वाले थे। उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी यह पता लगाया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। उन्होंने बताया कि तीन युवकों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक जताया और अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, टोंक जिले में स्थित बनास नदी में युवकों की डूबने से हुई मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जोखिम भरा सफर



मुंबई में मंगलवार को भीड़भाड़ से भरी ट्रेनों में यात्रा करते लोग। एक दिन पहले ठाणे के पास भीड़भाड़ वाली दो लोकल ट्रेन से गिरकर एक जीआरपी कांस्टेबल सहित चार यात्रियों की मौत हो गई थी, नौ घायल हो गए थे। एजेंसी

## एक नजर

### मप्र : आपात स्थिति में उतारा प्रशिक्षण विमान

**खजुराहो।** एक निजी उड़ान अकादमी के एक प्रशिक्षण विमान को मंगलवार को मध्यप्रदेश में खजुराहो हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विमान का पायलट और प्रशिक्षु पायलट दोनों सुरक्षित हैं। खजुराहो हवाई अड्डे के निदेशक संतोष सिंह ने कहा कि पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को सूचित किया कि प्रशिक्षण उड़ान के दौरान उड़ान भरने के बाद विमान का पिछला एक पहिया नहीं खुल रहा था।

### गैर-वकीलों के सफेद कमीज व काली पैंट पहनने पर प्रतिबंध

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला बार एसोसिएशन ने एक प्रस्ताव पारित कर गैर-वकीलों के अदालत परिसर में सफेद कमीज और काली पैंट पहनने पर प्रतिबंध लगाया है। एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा कि पेशे से जुड़े पोशाक अब केवल पंजीकृत वकीलों और अधिकृत विधि प्रशिक्षुओं के लिए आरक्षित है। यह अक्सर देखा गया है कि गैर-अधिवक्ता या गैर-मान्यता प्राप्त विधि प्रशिक्षु जिला न्यायालय परिसर में सफेद कमीज और काली पैंट पहनते हैं।

## दिल्ली में कोरोना से संक्रमित 90 वर्षीय महिला की मौत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई 90 वर्षीय एक महिला की मृत्यु हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में एक जनवरी से अब तक कोरोना वायरस से संक्रमित आठ लोगों की मौत हो चुकी है। नब्बे वर्षीय महिला को अन्य बीमारियां भी थीं। इसमें कहा गया है कि मौत का प्राथमिक कारण अन्य सह-रुग्णताएं हैं और कोरोना वायरस का पता लगना आकस्मिक है। दिल्ली में कोरोना वायरस के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 691 है। पूरे भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,815 है। पिछले 24 घंटों में देशभर में कोविड-19 से तीन मौतें हुई हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है।

# संजय भंडारी से जुड़े मामले में ईडी के समन पर पेश नहीं हुए रॉबर्ट वाड्रा

- हथियार कारोबारी से जुड़े धन शोधन मामले में की जानी थी पूछताछ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन में रह रहे कथित हथियार कारोबारी संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समन पर मंगलवार को पेश नहीं हुए। सूत्रों ने बताया कि वाद्रा ने मंगलवार के समन पर स्थगन मांगा था और अब उन्हें नयी तारीख दी जाएगी।

ईडी पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान दर्ज करना चाहता है और उसके बाद अदालत में उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना चाहता है। संघीय जांच एजेंसी ने हरियाणा में 2008 के भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक अलग धन शोधन मामले में रॉबर्ट वाड्रा (56) से अप्रैल में लगातार तीन दिन तक पूछताछ की थी। वर्ष 2016 में आयकर विभाग द्वारा दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद भंडारी (63) लंदन भाग गया था। ब्रिटेन की एक कोर्ट ने इस महीने की शुरुआत में प्रत्यर्पण मामले में भंडारी को आरोप मुक्त किए जाने के खिलाफ ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति के लिएभारत सरकार द्वारा दायर अर्जी को अस्वीकार कर दिया था।

# बेंगलुरु भगदड़ : हाईकोर्ट ने आरसीबी के अधिकारी को नहीं दी अंतरिम राहत

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने चार जून को यहां स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने और उसमें 11 लोगों की मौत के मामले में आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। कोर्ट ने सोसले की याचिका पर आदेश 11 जून तक सुरक्षित रखा।

सोसले को केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने छह जून को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया था, जब वह दुबई जाने वाला था। सोसले ने अपनी याचिका में 6 जून को तड़के उन्हें गिरफ्तार किए जाने की वैधता पर सवाल उठाया था और आरोप लगाया था कि पुलिस की कार्रवाई राजनीतिक निर्देशों से प्रभावित है।

### कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की

**बेंगलुरु।** हाईकोर्ट ने यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को मची भगदड़ की घटना संबंधी याचिका पर मंगलवार को अगली सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की। पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल में पहली जीत के उपलक्ष्य में जश्न मनाने के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने मंगलवार को महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी को सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

## सरकार पड़ोसी देशों से सार्थक संवाद के लिए अनुकूल माहौल बनाने में विफल रही: पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार की विदेश नीति की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार पड़ोसी देशों के साथ सार्थक संवाद के लिए अनुकूल माहौल बनाने में विफल रही है। पुणे में पार्टी के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान भारत के अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध थे। उन्होंने कहा, पार्टी ने कभी भी राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद, जिसमें कुछ नागरिक मारे गए थे, हमने सरकार की आलोचना नहीं करने का फैसला किया।

# मोदी को खरगे का पत्र, लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव का किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी



- कहा- बिना किसी विलंब के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि बिना किसी विलंब के लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने इस बात पर चिंता जताई कि पिछली लोकसभा में कोई उपाध्यक्ष नहीं था और वर्तमान लोकसभा में भी कोई उपाध्यक्ष नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अच्छा संकेत नहीं है और यह संविधान के निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन भी है। आखिरी बार 16वीं लोकसभा में अन्नाद्रमुक के नेता एम. थंबीदुरई को उपाध्यक्ष चुना गया था। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में खरगे ने कहा, मैं लोकसभा में उपाध्यक्ष की रिक्ति से जुड़े अत्यधिक चिंताजनक मामले को आपके ध्यान में लाने के लिए लिख रहा हूं।

भीषण जाम



दिल्ली–गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को लगे भीषण जाम में हजारों वाहन कई घंटे तक फंसे रहे। इनमें कई एंबुलेंस भी थीं। इस एक्सप्रेस वे पर अक्सर भीषण जाम लगता है। एजेंसी

## रॉकेट प्रक्षेपणों में 10 गुना वृद्धि
# छलनी हो जाएगी ओजोन परत

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष उद्योग विकास की राह पर है, लेकिन नए शोध से पता चलता है कि रॉकेट प्रक्षेपण में तेजी से वृद्धि होने से ओजोन परत को बड़ा नुकसान पहुंचेगा। हर साल दुनिया भर में सैकड़ों रॉकेट प्रक्षेपित किए जाते हैं, जिनमें से कई वाणिज्यिक कंपनियों और राष्ट्र–राज्य अंतरिक्ष कार्यक्रमों के तहत अंतरिक्ष में भेजे जाते हैं। ये लगभग 20 जगहों पर प्रक्षेपित किए जाते हैं, लगभग सभी उत्तरी गोलार्ध में और वर्तमान में सबसे ज्यादा प्रक्षेपण दर अमेरिका, चीन, न्यूज़ीलैंड और रूस से हैं। नवीनतम शोध उस महत्वपूर्ण बिंदु का पता लगाता है जब अधिक रॉकेट प्रक्षेपण करने से समस्याएं पैदा होने लगेंगी। निष्कर्ष बताते हैं कि एक बार जब दरें प्रति वर्ष 2,000 प्रक्षेपण तक पहुंच जाएंगी जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दस गुना वृद्धि है तो ओजोन परत में वर्तमान में हो रहा सुधार धीमा पड़ जाएगा।



### रॉकेट प्रक्षेपण से पतली हुई ओजोन परत

ओजोन परत पृथ्वी पर जीवन को हानिकारक सौर पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाती है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत वैश्विक सहकारी समझौतों की बदौलत यह पिछली सदी में उत्सर्जित क्लोरोफ्लोरोकार्बन और अन्य हानिकारक रसायनों के प्रभावों से धीरे–धीरे ठीक हो रही है। रॉकेटों द्वारा वायुमंडल में प्रवेश करने पर उत्सर्जित गैसों और कणों से ओजोन परत पतली होती है। अब तक, वे ओजोन परत को बहुत अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, क्योंकि हर साल अपेक्षाकृत कम प्रक्षेपण होते हैं। हालांकि, प्रक्षेपण लगातार बढ़ रहे हैं।

### छह साल में ही प्रक्षेपण तीन गुना बढ़े

2019 में 102 प्रक्षेपण हुए। 2024 तक, दुनिया भर में प्रक्षेपणों की संख्या 258 हो जाएगी। 2025 में और भी ज़्यादा प्रक्षेपण होने की उम्मीद है। अमेरिका आधारित प्रक्षेपणों के लिए, 2023 में प्रक्षेपित रॉकेटों की संख्या में 2028 तक तीन गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। इस वृद्धि का एक कारण पृथ्वी की कक्षा में कम ऊंचाई पर स्थित हजारों इकाइयों के उपग्रह समूह बनाने का प्रयास है। इसके लिए कई प्रक्षेपणों की आवश्यकता होती है और यह कई देशों में हो रहा है, जिन्हें कई कंपनियां चला रही हैं। स्थापित हो जाने के बाद इन उपग्रहों को सक्रिय उपग्रहों की आपूर्ति जारी रखने के लिए निरंतर प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है।

### इसलिए बढ़ रहे प्रक्षेपण...

प्रक्षेपणों में वृद्धि का एक कारण पृथ्वी की कक्षा में कम ऊंचाई पर स्थित हजारों इकाइयों के उपग्रह समूह बनाने का प्रयास है। यह कई देशों में हो रहा है, जिन्हें कई कंपनियां चला रही हैं। स्थापित हो जाने के बाद इन उपग्रहों को सक्रिय उपग्रहों की आपूर्ति जारी रखने के लिए निरंतर प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है।

### 2000 प्रक्षेपणों से 3% पतली हो जाती है ओजोन परत

क्राइस्टचर्च के कैंटरबरी विश्वविद्यालय के एक शोध के मुताबिक हर साल दुनिया भर में लगभग 2,000 प्रक्षेपणों के साथ, ओजोन परत तीन प्रतिशत तक पतली हो जाती है। रॉकेट से निकलने वाले रसायनों के वायुमंडलीय परिवहन के कारण अंटार्कटिका में ओजोन को सर्वाधिक नुकसान देखा गया, हालांकि अधिकांश प्रक्षेपण उत्तरी गोलार्ध में हो रहे हैं। ओजोन का नुकसान कम है। मनुष्यों या पारिस्थितिकी तंत्र को होने वाले विनाशकारी नुकसान की उम्मीद भी नहीं कर सकते। हालांकि, ओजोन परत को ठीक करने के लिए जारी वैश्विक प्रयासों को देखते हुए नुकसान महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### ईरान ने आईएसआईएस के नौ आतंकियों को फांसी दी

**दुबई।** ईरान ने 2018 में हुए हमले के बाद गिरफ्तार किए गए इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के नौ आतंकवादियों को फांसी दे दी है। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी मिजान ने मंगलवार को फांसी की घोषणा की। समाचार एजेंसी ने खबरों में कहा है कि आतंकवादियों को ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के साथ झड़प में शामिल होने के बाद पकड़ा गया था। इस झड़प में तीन सैनिक मारे गए थे।

### श्रीलंका के कारागार प्रमुख को रिमांड पर भेजा गया

**कोलंबो।** श्रीलंका के कारागार महाआयुक्त को सजायाफ्ता दोषियों को रिहा करने के लिए राष्ट्रपति की क्षमा प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के कारण निलंबित कर बुधवार तक के लिए रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अपराध जांच विभाग द्वारा सोमवार को गिरफ्तारी के बाद तुषारा उपुलदेनिया को मंगलवार को कोलंबो अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। उत्तर मध्य अनुराधापुरा जेल के प्रमुख मोहन करुणारत्ना को भी सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया और बुधवार तक रिमांड पर भेज दिया गया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा एक सजायाफ्ता अपराधी को क्षमादान के तहत जेल से रिहा करने की जांच के आदेश देने के बाद हुआ है।

### रूसी खतरों से निपटने को रक्षा व्यय में वृद्धि की मांग

**लंदन/मॉस्को।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रूट ने रक्षा व्यय में पांच प्रतिशत की वृद्धि का आग्रह करते हुए दावा किया कि रूस 2030 तक नाटो देशों पर हमला करना चाहता है। लंदन की अपनी यात्रा के दौरान रूटे ने सभी 32 सदस्य देशों से इस महीने नीदरलैंड में होने वाले शिखर सम्मेलन में सैन्य खर्च में वृद्धि की मांग पर सहमत होने का आग्रह किया। रूट ने कहा कि गोला–बारूद के उत्पादन में रूस अपने से बड़े नाटो से आगे निकल रहा है और गठबंधन को सामूहिक रक्षा में बड़ी छलांग लगानी होगी।

### जापान में निजी डेटा लीक होने के रिकॉर्ड मामले

**टोक्यो।** जापान में व्यक्तिगत जानकारी डेटा लीक होने के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में सूचना सुरक्षा उल्लंघन के 21,00 से अधिक मामले सामने आए। यह संख्या पिछले वर्ष से 58 फीसदी ज्यादा है जो सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में अपर्याप्त सुरक्षा को उजागर करती है। रिपोर्ट के मुताबिक 21,007 मामलों में से 19,056 निजी क्षेत्र से जुड़े हैं, जो वित्तीय वर्ष 2023 से 57 प्रतिशत अधिक है।

# लॉस एंजिलिस में नहीं सुधरे हालात ट्रंप ने सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई

## गवर्नर और स्थानीय पुलिस प्रमुख ने जताया विरोध, कहा- और बिगड़ेगी स्थिति

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

- आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ चार दिन से प्रदर्शन जारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर मरीन कोर के 700 और नेशनल गार्ड के 2,000 अतिरिक्त जवान लॉस एंजिलिस रवाना हो गए जिससे वहां सेना की मौजूदगी और बढ़ जाएगी। स्थानीय अधिकारियों और गवर्नर गेविन न्यूसम ने ट्रंप के इस कदम का विरोध किया है। पुलिस प्रमुख का कहना है कि इससे विरोध प्रदर्शनों से निपटने में मुश्किलें पैदा होंगी।

ट्रंप ने पहले जिन 2,000 बलों की लॉस एंजिलिस में तैनाती का आदेश दिया था वे रविवार को पहुंचना शुरू हो गए थे। लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को उस समय शुरू हुआ था जब संघीय आव्रजन अधिकारियों ने उस दिन शहर भर में 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। सोमवार के प्रदर्शन के दौरान अधिक हंगामा नहीं हुआ। हजारों लोग 'सिटी हॉल' में शांतिपूर्ण रैली में शामिल हुए तथा सैकड़ों लोगों ने एक संघीय परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस परिसर में वह हिरासत केंद्र भी शामिल है, जहां शहर भर में छापेमारी के बाद कुछ प्रवासियों को रखा गया है।

मेयर कैरेन बास और न्यूसम का कहना है कि ट्रंप ने लॉस एंजिलिस की स्थिति के बारे में जो वर्णन किया है, वह सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि ट्रंप सैन्य कर्मियों को तैनात कर सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं जबकि पुलिस का भी कहना है कि उन्हें मदद की जरूरत नहीं है। गवर्नर न्यूसम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर ट्रंप के इस कदम को लापरवाही भरा और हमारे बलों के लिए अपमानजनक बताया। न्यूसम ने कहा, यह कदम सार्वजनिक सुरक्षा के लिए नहीं उठाया गया। यह एक खतरनाक राष्ट्रपति के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए उठाया गया कदम है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय 'पेंटागन' ने आव्रजन संबंधी कार्रवाई के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों से निपटने में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की मदद के लिए सोमवार को लॉस एंजिलिस में लगभग 700 'मरीन' कोर तैनात किए। कैलिफोर्निया ने 'गार्ड' के जवानों की तैनाती को लेकर ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया है और प्रदर्शनकारी का प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी है।



लॉस एंजिलिस में हिंसक प्रदर्शनों के बीच कई देशों के झंडे लेकर दौड़ता प्रदर्शनकारी।

### मरीन बलों के आने से पैदा हुई समस्याः पुलिस प्रमुख

'यूएस नदर्न कमांड' की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर दक्षिणी कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में ट्वेंटीनाइन पाम्स स्थित आधार से 'मरीन' बलों को संघीय संपत्ति और संघीय आव्रजन एजेंट सहित कर्मियों की सुरक्षा के लिए तैनात किया जा रहा है। लॉस एंजिलिस पुलिस प्रमुख जिम मैकडोनेल ने सोमवार दोपहर को एक बयान में कहा कि उन्हें बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों को संभालने की पुलिस विभाग की क्षमता पर पूरा भरोसा है और पुलिस विभाग के समन्वय के बिना 'मरीन' बलों के आने से साजो–सामान और परिचालन संबंधी बड़ी चुनौती पैदा हो गई है। इससे हालात अनिश्चित हो जाएंगे।

# ऑस्ट्रिया : स्कूल में गोलीबारी से आठ छात्रों समेत नौ की मौत, हमलावर भी मारा गया

वियना, एजेंसी

- ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में हुई घटना के बाद स्कूल को कराया गया खाली

ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर के एक स्कूल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में आठ छात्रों समेत नौ लोगों की मौत हो गई और संदिग्ध हमलावर भी मारा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उसका मानना है कि हमलावर ने घटना को अकेले अंजाम दिया।

पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमलावर समेत 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। ऑस्ट्रिया प्रेस एजेंसी की खबर के मुताबिक, मेयर एल्के काहर ने घटना को भयानक त्रासदी करार दिया है। खबर के मुताबिक, मृतकों में आठ छात्र और एक वयस्क शामिल है। अधिकारियों ने अपराधी के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी।

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे एक कॉल के बाद पुलिस समेत विशेष बलों को बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेन्गेस्से हाई स्कूल में भेजा गया। बाद में, पुलिस ने 'एक्स' पर लिखा कि स्कूल को खाली करा लिया गया है और सभी को सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। उसने लिखा कि अब किसी तरह के खतरे की आशंका नहीं है।

ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर ग्राज, देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और इसकी जनसंख्या लगभग 3,00,000 है। ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन ने कहा कि इस बर्बर घटना को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, वे युवा थे, जिनके सामने पूरा जीवन था। एक शिक्षक, जो उन्हें राह दिखा रहा था।



सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज में आग लगने के बाद उठता काला धुआं।

## पाकिस्तान अपना रक्षा खर्च बढ़ाएगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मंगलवार को अगले वित्त वर्ष के लिए वार्षिक संघीय बजट पेश करेगा, जिसमें रक्षा व्यय में पर्याप्त वृद्धि की संभावना है। कुल बजट का आकार 17,600 अरब रुपये होने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब बजट नेशनल असेंबली में पेश करेंगे। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 14000 अरब का रिकॉर्ड राजस्व लक्ष्य रखा है, जो गत वित्त वर्ष के अनुमानों से 22% अधिक है। यद्यपि रक्षा व्यय में वृद्धि के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सरकार ने बजट प्रक्रिया के दौरान रक्षा व्यय में 18% की वृद्धि का समर्थन किया था।

# इजराइली नौसेना ने यमन के बागियों के कब्जे वाले शहर होदेदा पर किया हमला

दुबई, एजेंसी

इजराइली नौसेना ने मंगलवार को यमन के विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा में गोदियों पर हमला किया, जिससे संभवतः उन सुविधाओं को नुकसान पहुंचा, जो युद्धग्रस्त देश में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए अहम हैं।

इज़राइली सेना ने कहा कि नौसेना के मिसाइल पोतों ने ये हमले किए। यह पहली बार है जब उनकी सेना हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमलों में शामिल हुई है। ये हमले मंगलवार को किए गए। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ युद्ध को लेकर हूतियों ने इजराइल को निशाना बनाकर बार-बार मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। हूती बागियों ने अपने अल-मसीरा सैटेलाइट समाचार चैनल के माध्यम से हमले के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमला गोदियों को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि उन्होंने इस बारे में जानकारी नहीं दी।

इजराइल ने हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की। सोमवार देर रात इजराइल ने यमन के लोगों को ऑनलाइन चेतावनी जारी की कि वे रास ईसा, होदेदा और अल-सलिफ बंदरगाहों को खाली कर दें, क्योंकि हूतियों ने हमलों के लिए बंदरगाहों का इस्तेमाल कर रहे हैं। बंदरगाह का उपयोग हथियारों को स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है और यह आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए असैन्य बुनियादी ढांचे का हूती आतंकवादी शासन के कुटिल उपयोग का एक और उदाहरण है।

### सामाजिक कार्यकर्ता थनबर्ग इजराइल से निर्वासित

**यरूशलम।** सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग जिस जहाज पर सवार थीं, उसे इजराइली सेना द्वारा जब्त किए जाने के एक दिन बाद थनबर्ग को मंगलवार को इजराइल से निर्वासित कर दिया गया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विमान में सवार थनबर्ग की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि थनबर्ग विमान से फ्रांस पहुंचने के बाद अपने देश स्वीडन रवाना हो गईं। थनबर्ग गाजा में सहायता सामग्री ले जा रहे 'मैडलीन' नामक जहाज पर सवार 12 यात्रियों में से एक थीं। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' नामक संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया था।

## फ्रांसः 15 वर्षीय छात्र ने स्कूल कर्मचारी की चाकू घोंपकर हत्या की

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी के पूर्वी क्षेत्र में स्थित मिडिल स्कूल में मंगलवार को बैग की जांच के दौरान 15 वर्षीय एक छात्र ने एक स्कूल कर्मचारी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि बैग की जांच में मदद कर रहा एक पुलिस अधिकारी घटना के दौरान मामूली घायल हो गया। मामले की जांच की जा रही है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नोजेंट में बच्चों की देखभाल कर रही शैक्षिणक सहायक की हमले में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस घटना से राष्ट्र शोक में है और सरकार अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए काम कर रही है।

# केरल तट के पास जहाज में विस्फोट से और भड़की आग

कोच्चि, एजेंसी

- बचाव दल कर रहे हैं आग को और फैलने से रोकने की कोशिश

केरल तट के पास सिंगापुर ध्वज वाले मालवाहक पोत में आग और विस्फोट की घटनाएं जारी हैं और पोत के मध्य क्षेत्र और 'कंटेनर' बे से आग की लपटें निकल रही हैं।

भारतीय तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि आगे के हिस्से में लगी आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन पोत 'एमवी वान हाई 503' से धुआं उठ रहा है। उन्होंने बताया कि जहाज बंदरगाह की ओर लगभग 10-15 डिग्री तक झुक गया है और उस पर लदे कुछ कंटेनरों के समुद्र में गिरने की सूचना है।

आग को फैलने से रोकने के लिए अग्निशमन और प्रशीतन अभियान चलाया जा रहा है। तटरक्षक पोत 'समर्थ' को बचावकर्मियों की एक टीम के साथ कोच्चि तैनात किया जा रहा है। इससे पहले रक्षा प्रवक्ता ने कहा था कि भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सूरत ने जलते पोत में सवार चालक दल के 18 सदस्यों को उतार लिया। जहाज पर चालक दल के 22 सदस्य सवार थे और उनमें से चार का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

## न्यूयॉर्कः गंभीर बीमार खत्म कर सकेंगे जीवन

**अल्बानी (न्यूयॉर्क)।** न्यूयॉर्क विधानमंडल में सोमवार को एक विधेयक पारित किया गया जिसके तहत गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवाओं के माध्यम से अपना जीवन समाप्त करने का कानूनी अधिकार दिया गया है। इस विधेयक को अब गवर्नर के पास भेजा गया है। विधेयक में कहा गया है कि लाइलाज बीमारी से जूझ रहा कोई व्यक्ति यदि किसी चिकित्सक से अनुरोध करे और दो चिकित्सक उसे इसकी अनुमति दें तो उसे जीवन समाप्त करने वाली दवाएं लेने की अनुमति दी जा सकती है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल के प्रवक्ता ने कहा कि गवर्नर इस विधेयक की समीक्षा करेंगी।

# नाटो सदस्य देश अमेरिका से खरीदेंगे 700 एफ 35 विमान

वाशिंगटन, एजेंसी

- नाटो के महासचिव मार्क रूटे ने एक सम्मेलन में की घोषणा

उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूटे ने कहा कि संगठन के सदस्य देश गठबंधन की सैन्य शक्ति को मजबूत करने के लिए अमेरिका से कुल 700 एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेंगे।

रूटे ने सोमवार को लंदन में एक सम्मेलन में बोलते हुए कहा सहयोगी देश अधिक युद्धपोतों और विमानों में निवेश करेंगे। उदाहरण के लिए अमेरिका के सहयोगी कम से कम 700 एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि नाटो देश सैन्य उत्पादन में रूस और चीन से पीछे हैं और सैन्यीकरण पर खर्च बढ़ाने की योजना की पुष्टि की।

रूटे ने कहा, हमारी सेनाओं को हज़ारों और बख्तरबंद वाहनों और टैंकों की भी ज़रूरत है। ज्यादा ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों में भी निवेश करेंगे और अंतरिक्ष और साइबर क्षमताओं में ज्यादा निवेश करेंगे। वायु और मिसाइल रक्षा को 400 प्रतिशत बढ़ाना चाहिए। मीडिया ने मई की शुरुआत में बताया कि रूटे ने प्रस्ताव दिया था कि नाटो सहयोगी रक्षा खर्च को जीडीपी के 3.5 प्रतिशत तक बढ़ाएं और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की पांच प्रतिशत लक्ष्य की मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त रक्षा ज़रूरतों के लिए जीडीपी का 1.5 प्रतिशत आवंटित करें।

## रूस के यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल हमले में दो लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने मंगलवार तड़के यूक्रेन के दो शहरों पर बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइल के जरिये हमले किये, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक बताया। कहा, रूस ने रात में 315 ड्रोन और सात मिसाइल दागीं। जेलेंस्की ने हमले के मद्देनजर अमेरिका और यूरोप से ठोस कार्रवाई का आह्वान किया। कहा, रूसी हमलों की गूंज, रूस को शांति के रास्ते पर आने के लिए मजबूर करने के अमेरिका और दुनिया भर के अन्य देशों के प्रयासों से अधिक जोरदार है।

वक्तव्य

कैंब्रिज विश्वविद्यालय में 'न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर बोले सीजेआई बीआर गवई

# प्रौद्योगिकी दोधारी तलवार, निर्णय की प्रक्रिया में नहीं ले सकती जगह

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत में न्याय तक पहुंच बढ़ाने में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर

सीजेआई बीआर गवई ने प्रौद्योगिकी की दोधारी तलवार प्रकृति को रेखांकित करते हुए कहा कि इस तरह के नवाचारों से न्यायिक कार्यों में वृद्धि होनी चाहिए, न कि इसे निर्णय लेने की प्रक्रिया का स्थान लेना चाहिए। उन्होंने नौ जून को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में "न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका" विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत जैसे विशाल, विविध और जटिल देश में न्याय तक पहुंच बढ़ाने में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि भारत में न्यायपालिका ने न्याय को अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी को तत्परता से एकीकृत किया है। उन्होंने कहा, हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी एक दोधारी तलवार की तरह काम कर सकती है, जिससे अभूतपूर्व विभाजन भी हो सकता है। एक प्राथमिक चिंता डिजिटल विभाजन है, जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी, उपकरणों और डिजिटल साक्षरता तक असमान पहुंच के कारण हाशिये पर पड़े समुदाय वंचित हो सकते हैं, जो पहले से ही न्याय के लिए बाधाओं का सामना कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी से निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित हो, इसके लिए पहुंच और समावेशन को इसके डिजाइन का आधार होना चाहिए।

उन्होंने कहा, शासन के ऐसे ढांचे विकसित किए जाने चाहिए जो मानवीय निगरानी, एल्गोरिदम पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी-मध्यस्थ निर्णयों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करें। सीजेआई ने कहा, आगे बढ़ने के लिए मूलभूत सिद्धांतों का पालन करना जरूरी है। तकनीक को न्यायिक कार्यों, विशेष रूप से तर्कसंगत निर्णय लेने और व्यक्तिगत मामले के मूल्यांकन का स्थान लेने के बजाय इसमें वृद्धि करनी चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वचालित प्रणालियां न्यायिक निर्णय को बदलने के बजाय उसका समर्थन करें।

उन्होंने डिजिटल नवाचार पर आधारित एक अधिक समावेशी और उत्तरदायी कानूनी प्रणाली के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, न्याय तक पहुंच किसी भी निष्पक्ष और न्यायसंगत कानूनी प्रणाली की रीढ़ है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति, भौगोलिक स्थिति या व्यक्तिगत परिस्थितियां कुछ भी हों, कानूनी प्रक्रियाओं में प्रभावी रूप से भाग ले सकें और उनसे लाभ उठा सकें।

### न्यायालय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी

सीजेआई ने कहा कि ऐसे देश में जहां दो तिहाई से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 121 से अधिक भाषाएं मातृभाषा के रूप में बोली जाती हैं, वहां अदालतों तक न्यायसंगत पहुंच सुनिश्चित करना संवैधानिक दायित्व और नैतिक अनिवार्यता दोनों है। उन्होंने संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता को रेखांकित किया, जिन्होंने न्याय तक पहुंच की गारंटी के लिए अनुच्छेद 32 और 226 सहित विभिन्न तंत्र स्थापित किए, जो नागरिकों को अपने अधिकारों के संरक्षण के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों से संपर्क करने का अधिकार देते हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी, न्याय के संवैधानिक वादे और नागरिकों के जीवंत अनुभव के बीच सेतु बन गई है।